भोपाल
बुधवार, 17 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 11, अंक : 114
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

आम जनता को महंगाई का बड़ा झटका

## सांची दूध के दाम 2 रुपए बढ़े



भोपाल। आम जनता महंगाई की मार से परेशान है। एक तरफ सब्जियों के रेट बढ़े हैं तो वहीं अब प्रदेश में सांची दुग्ध संघ ने आम जनता को बड़ा झटका देते हुए दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, बुंदेलखंड और उज्जैन दुग्ध संघ ने सांची दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। संघ के मुताबिक प्रति लीटर 2 रुपए में वृद्धि से अब डायमंड दूध 500 एमएल अब 34 रुपए में मिलेगा, जबकि फुल क्रीम शेष पेज 6 पर



कोलार के जेके अस्पताल के पास दोपहर 3:30 बजे बारिश

लो प्रेशर एरिया का असर: पश्चिमी मध्य और इससे लगे उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बनेगा कम दबाव का क्षेत्र

# दो दिन बाद तेज होगी बारिश की रफ्तार, अब तक 4 फीसदी कम

पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 15 प्रतिशत कम तो पश्चिमी प्रदेश में 7 प्रतिशत अधिक वर्षा, कुल मिलाकर प्रदेश में सीजन की औसत बारिश से 4 प्रतिशत कम दर्ज, 19 जुलाई के आसपास बारिश की गतिविधियों में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में 19 से 20 जुलाई के बीच बारिश की रफ्तार बढ़ेगी, जो 4 से 5 दिन जारी रहेगी। बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने से अगले 2 से 3 दिन में प्रदेशभर में बारिश में वृद्धि होगी।

मानसून ऑनसेट के बाद से अभी प्रदेश में औसत बारिश के आंकड़े सामान्य से 4 प्रतिशत कम रहे हैं। मौसम केंद्र के अनुसार अब तक पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 15 प्रतिशत कम शेष पेज 6 पर

### भोपाल में शाम को बारिश से पांच डिग्री लुढ़का पारा, मिली उमस से राहत



### 19 के बाद तेज बारिश

*मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 19 जुलाई के बाद भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश में वृद्धि की उम्मीद है। 19 से 20 जुलाई के बीच बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने से बारिश की रफ्तार बढ़ेगी। वर्तमान में मानसून ट्रफ जैसलमेर, कोटा, रायसेन, विदर्भ से गुजर रही है, जो इससे सटे दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर लो प्रेशर एरिया में रुप में है, यह बंगाल की खाड़ी तक जा रही है, जिससे प्रदेश में नमी आने से बारिश हो रही है।*

धार में वज्रपात से तीन बच्चों की मौत, एक घायल

### सीएम ने जताया दुख चार-चार लाख की आर्थिक मदद के निर्देश

धार। नगर के अर्जुन कॉलोनी क्षेत्र में फड़के स्टूडियो की पहाड़ी पर मंगलवार को दोपहर 4:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभरी रूप से जख्मी हुआ है। इसका उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है। ये बच्चे मैदान में खेल रहे थे तभी अचानक तेज वर्षा से बचने के लिए वे पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी पेड़ पर बिजली गिरी और हादसा हो गया। सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर तीन बच्चों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दिग्विजय ने हाई कोर्ट में लगाई याचिका



जबलपुर। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ईवीएम से हुई वोटिंग को लेकर भी अविश्वास जताया है। उन्होंने मंगलवार को जबलपुर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इससे पहले सिंह ने पत्रकारों से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर जो अविश्वास है, उसका जवाब न ही चुनाव आयोग दे रहा है और न ही सरकार।

### सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज, एक मणिपुर से



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट को दो नए जज मिले हैं। राष्ट्रपति ने जजों की नियुक्ति को लेकर मंजूरी दे दी है। गुरुवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ दोनों नए जज को शपथ दिलाएंगे। जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह और जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया जाएगा। जस्टिस सिंह मणिपुर से पहले व्यक्ति होंगे।

### पूजा खेडकर की ट्रेनिंग रद्द कर वापस बुलाया



नई दिल्ली। महाराष्ट्र कैडर की ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विवादों में घिरने के बाद उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी ने पूजा का महाराष्ट्र से ट्रेनिंग प्रोग्राम रद्द कर उन्हें तत्काल वापस बुलाने के लिए लेटर भी जारी किया है। वहीं, पूजा ने पुणे डीएम के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

आतंकियों की तलाश में 'मौत' से भिड़े जवानों ने डटकर किया मुकाबला

# 45 दिन में 7वां आतंकी अटैक, इस बार 1 अफसर समेत 5 जवान शहीद

*मंगलवार की सुबह सूरज की किरणों के साथ ही एक बार फिर बड़े पैमाने में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। खोजी कुत्ते, ड्रोन व अन्य आधुनिक हथियारों के साथ आतंकियों की तलाश की जा रही है। मुठभेड़ स्थल के साथ ही सभी संपर्क मार्गों पर भी अतिरिक्त जांच की जा रही है। खबर है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख को आतंक के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दी है।*

#### ये हुए शहीद

- कैप्टन बृजेश थापा, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल
- नायक डी राजेश, आंध्र प्रदेश
- सिपाही बिजेंद्र, झुंझुनूं, राजस्थान
- सिपाही अजय सिंह, झुंझुनूं, राजस्थान
- अन्य जम्मू एंड कश्मीर पुलिस का जवान

डोडा में सोमवार रात हुई मुठभेड़ में सेना के कैप्टन सहित 5 जवान बलिदान हो गए। इस शहादत से जम्मू कश्मीर सहित देश भर के लोगों में के बीच रोष देखने को मिल रहा है।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कायर आतंकी भारतीय सेना पर छुपकर हमले कर रहे हैं। बीते 45 दिनों में आतंकियों ने 7 हमले छिपकर ही किए हैं। सोमवार को सेना पर 7वां हमला हुआ, जिसमें एक अफसर सहित पांच जवान शहीद हो गए। जम्मू संभाग के जिला डोडा मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर दूर जंगल और ऊंचे पहाड़ों से घिरा इलाका देसा में आतंकियों की तलाश में अभियान शेष पेज 6 पर

**लगभग 25 आतंकियों का ग्रुप इस समय घाटी में मौजूद बताया जा रहा है**

### पहले से छिपे बैठे थे आतंकी

डोडा के घने जंगलों में आतंकी घात लगाकर बैठे थे। आतंकियों को एडवांटेज था, क्योंकि वे पहले से ही वहां छिपे बैठे थे। सेना के जवान जब घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन पर हमला हो गया। इस हमले में 5 जवान शहीद हो गए हैं। ये हमला इस मामले में भी बड़ा है, क्योंकि पिछले हफ्ते ही कठुआ में सेना के वाहन पर हमला हुआ था, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। ये बहुत चिंता का विषय है कि आतंकियों का फोकस अब कश्मीर को छोड़कर जम्मू हो गया है।

#### कश्मीर टाइगर्स ने ली हमले की जिम्मेदारी

*हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कश्मीर टाइगर्स ने ली है। संगठन ने दावा किया है कि उनके हमले में आर्मी के कैप्टन समेत 12 जवान शहीद हुए हैं, जबकि 6 घायल हैं।*

#### सैनिकों की मौत का बदला लेकर रहेंगे: सिन्हा

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हम अपने सैनिकों की मौत का बदला लेंगे और आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के नापाक मंसूबों को विफल कर देंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद विरोधी अभियान में हमारे बहादुर और साहसी शेष पेज 6 पर

#### हेलीकॉप्टर से शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन

भारतीय सेना ने मंगलवार सुबह से डोडा के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया है, सेना ने डोडा के जंगलों में तलाशी अभियान के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। अनुमान है कि पहाड़ की सबसे ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस कार्रवाई में स्पेशल फोर्स, डेल्टा फोर्स और जेकेपी एसओजी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक जिले के देसा इलाके में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के बाद सोमवार शाम सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। घेराबंदी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया है। डोडा बहुत बड़ा और पहाड़ी इलाका है, जिसमें घने जंगल भी हैं। इसका एक किनारा हिमालय से मिलता है, दूसरा कठुआ और रियासी से मिलता है। इस क्षेत्र में कई प्राकृतिक गुफाएं हैं, जहां आसानी से छिपा जा सकता है। घने जंगल होने की वजह एरियल सर्वे भी बेहद मुश्किल है। ऐसे में आतंकियों के छिपने के लिए इसे मुफीद जगह कहा जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकियों का कैरेक्टर बदल गया है। पढ़ें पेज 10 भी

केंद्र ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन



नरेंद्र मोदी



अमित शाह



राजनाथ सिंह



शिवराज सिंह

## पीएम मोदी अध्यक्ष और बेरी उपाध्यक्ष शिवराज, शाह, राजनाथ पदेन सदस्य



भाजपा समेत सहयोगी दलों के नेताओं को भी मिली जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है। इसमें सहयोगी दलों के वरिष्ठ मंत्रियों को भी जगह मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष तो सुमन के बेरी नीति आयोग के उपाध्यक्ष होंगे. डॉ. वीके सारस्वत, प्रोफेसर रमेश चंद्र, डॉ. वीके पॉल और अरविंद वीरमानी को पूर्ण कालिक सदस्य बनाया गया है।

नीति आयोग के पदेन सदस्यों की बात करें तो इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का नाम शामिल है। इनके अलावा शेष पेज 6 पर

#### थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है नीति आयोग

*बता दें कि नीति आयोग यानी नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया, भारत सरकार के शीर्ष सार्वजनिक नीति थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है। इसकी कार्यों में 15-वर्षीय रोड मैप, 7-वर्षीय विजन, रणनीति और कार्य योजना, अमृत, डिजिटल इंडिया, अटल इनोवेशन मिशन, चिकित्सा शिक्षा सुधार, कृषि सुधार शामिल हैं। यह 2015 में एनडीए सरकार द्वारा योजना आयोग को बदलने के लिए स्थापित किया गया था, जो एक टॉप-डाउन मॉडल का पालन करता था। 29 मई 2014 को, स्वतंत्र मूल्यांकन कार्यालय ने योजना आयोग को "नियंत्रण आयोग" से बदलने की सिफारिश के साथ पीएम मोदी को एक मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। 13 अगस्त 2014 को, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के एक छोटा संस्करण के साथ प्रतिस्थापित करने के लिए योजना आयोग को समाप्त कर दिया गया। 1 जनवरी 2015 को, योजना आयोग को नवगठित नीति आयोग के साथ बदलने के लिए एक कैबिनेट प्रस्ताव पारित भारत सरकार ने नीति आयोग के गठन की घोषणा की। नीति आयोग की पहली बैठक की अध्यक्षता 8 फरवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।*

स्टेट सायबर के एडीजी को दिया शिकायती आवेदन

## पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का मोबाइल हुआ हैक!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के मोबाइल हैक होने का मामला सामने आया है। मप्र कांग्रेस चुनाव आयोग कार्य विभाग के प्रभारी एडवोकेट जेपी धनोपिया कांग्रेस नेता मुकेश नायक सहित एक प्रतिनिधिमंडल के साथ स्टेट साइबर मुख्यालय पहुंचे और मामले

■ पेगासस के जरिए जासूसी कराने का भी आरोप



की शिकायत की है। शिकायत में आरोप है कि पेगासस स्पाइवेयर की मदद से इस काम को अंजाम दिया गया है और पटवारी के मोबाइल से फोटोग्राफ्स, गोपनीय जानकारी और बैंक एकाउंट की डिटेल चोरी कराई गई शेष पेज 6 पर

### मुकेश साहनी के पिता की बेरहमी से हत्या



पटना। वीआईपी के अध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की सोमवार रात उनके घर में धारदार हथियार से नृशंस हत्या की गई है। उनका घर बिरौल के पास अफजला गांव में है। वो अपने घर से थोड़ी ही दूरी पर घनश्यामपुर थाने के जिरात गांव में नया घर बना रहे थे। पिछले कुछ दिनों से रात में वे वहीं अकेले सोते थे। उनकी पत्नी का निधन पहले ही हो चुका है। दोनों बेटे मुकेश और संतोष सहनी मुंबई में रहते शेष पेज 6 पर

### नीट मामले में सीबीआई ने की दो बड़ी गिरफ्तारी



नई दिल्ली। नीट मामले में सीबीआई ने दो बड़ी गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने बिहार की राजधानी पटना से पंकज कुमार उर्फ आदित्य को गिरफ्तार किया, साथ ही इसके अलावा झारखंड के हजारीबाग से राजू सिंह नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। पंकज ने हजारीबाग में बक्से से पेपर चोरी करके आगे बांटा था। वहीं, राजू सिंह ने पेपर को आगे डिस्ट्रीब्यूट करने में मदद की थी। जानकारी के मुताबिक, पंकज सिविल शेष पेज 6 पर

झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त मोहन सरकार

## मप्र में झोलाछाप डॉक्टरों की अब खैर नहीं, फर्जी क्लीनिक होंगे बंद

देनी होगी एक्शन रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त यानि झोलाछाप डॉक्टरों को लेकर सख्त हो गई है, स्वास्थ्य संचालनालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स और सीएमएचओ को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में अपात्र झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा अनैतिक चिकित्सकीय व्यवसाय को नियंत्रित करने को लेकर समस्त जिलों में ऐसे अमानक क्लीनिक्स व चिकित्सकीय



संस्थानों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। निर्देश में कहा है कि गैरकानूनी क्लीनिक्स पर आपके द्वारा जिले में क्या कार्यवाही की गई है उसकी हर महीने रिपोर्ट संचालनालय को भेजी जाए। गौरतलब है कि बिना उपयुक्त चिकित्सकीय ज्ञान के अनुचित उपचार, रोगियों के लिए प्राणघातक सिद्ध हो शेष पेज 6 पर

#### गैरकानूनी क्लीनिक्स बंद करने के निर्देश

प्रदेश में अपात्र व्यक्तियों/झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा अनैतिक चिकित्सकीय व्यवसाय को नियंत्रित करने हेतु सभी जिलों में ऐसे अमानक क्लीनिक्स व चिकित्सकीय संस्थानों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही जन समुदाय में ऐसे अपात्र व्यक्तियों से उपचार प्राप्त करने पर संभावित दुष्परिणामों के संबंध में जागरूकता लाई जाए एवं शासन द्वारा ग्रामीण स्तर तक उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत के बाद दूसरे दिन कलेक्ट्रेट में हंगामा

पुलिस के साथ महिलाओं की हुई झूमाझटकी

## पारदी महिलाओं ने अर्धनग्न होकर कलेक्ट्रेट में किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना के म्याना इलाके के भिड़रा गांव में शादी वाले दिन चोरी के आरोप में पकड़े गए एक आरोपी की पुलिस हिरासत में मौत को लेकर परिवार का आक्रोश थम नहीं रहा है। मृतक के परिवार की महिलाओं ने न्याय मांगते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में शेष पेज 6 पर

### बेरहम पिता ने 4 साल के मासूम बेटे को सड़क पर पटककर मार डाला

बैतूल। कोतवाली अंतर्गत ग्राम सांवगा में 15 जुलाई रविवार की रात ग्राम के दुर्गेश (मंगल) लोखंडे ने अपने ही चार वर्षीय पुत्र किसन की सड़क पर बेरहमी से पटक-पटक कर हत्या कर दी। विवाद के चलते वह मायके चली गई थी, वह अपने साथ बेटी को भी ले गई और बेटे किसन को पिता मंगल के पास ही छोड़ दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

अमरवाड़ा उपचुनाव की जीत के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निकाली आभार यात्रा

सीएम ने कहा-जो वादा किया था उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

## छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ नहीं गड़बड़ है आपने इसे सही सिद्ध करके दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोग कह रहे थे कि छिंदवाड़ा जीतना बड़ा कठिन है, छिंदवाड़ा असंभव है, छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ है। हमने उसी समय भी कहा था, गढ़ नहीं गड़बड़ है। आपने उसे सही सिद्ध किया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पावन मंदिर में आपकी आवाज के रूप में अपना पुष्प चढ़ाने के लिए कमलेश शाह पहुंच रहे हैं। इन्होंने वह सारे हिसाब चुकता कर दिए, जो अतीत में छिंदवाड़ा के नाम पर लोग लाभ ले जाते थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शेष पेज 6 पर



संगठन शक्ति और कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली विजय

#### डूब के क्षेत्र के लोगों को मिलेगा मुआवजा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो डूब प्रभावित क्षेत्र के लोग थे, जिनको अभी तक मुआवजा नहीं मिला। आप चिंता मत करना सबका मुआवजा बन रहा है, कोई बाकी नहीं रहेगा। लगभग 2 लाख नई नौकरियां हम प्रस्तावित कर रहे हैं। पुलिस, डॉक्टर और बाकी अन्य सेक्टरों के साथ-साथ हमारे बच्चे भी कलेक्टर, एसपी बने उनकी कोचिंग और अन्य खर्चा सरकार उठाएगी। सारी योजनाएं समान रूप से जारी रहेगी। उन योजनाओं से बढ़कर और सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से नई योजनाएं भी प्रस्तावित करने वाले हैं। पढ़ें पेज 05 भी

#### अब फसल के उत्पादन का पूरा लाभ मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे किसान फसल उत्पादन करें और उनको सही लाभ न मिले। यह कैसे हो सकता है? उनको सही दाम मिले और बच्चों के भविष्य की राह भी मजबूत हो, यह काम करने के लिए बड़े पैमाने पर छिंदवाड़ा सहित पूरे जबलपुर संभाग व पूरे प्रदेश में उद्योगों के जरिए करने वाले हैं। स्कूल, कॉलेज और हॉस्पिटल के विकास के मामले में जो विकास की दरकार है, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब हम किसानों के बीच घूमे थे, तब आपने कहा था खेती के लिए सिंचाई के पानी की जरूरत है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि डैम बनाने की योजना मंजूर हो गई है। सभी के खेतों तक पानी पहुंचाएंगे।

खबर संक्षेप

## कॉलेजों में होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**भोपाल।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा गायत्री शक्ति पीठ महाराणा प्रताप नगर भोपाल द्वारा नवंबर में आयोजित की जाएगी। छात्रों में नैतिक, चारित्रिक एवं सांस्कृतिक नव निर्माण तथा भारतीय संस्कृति के विकास के लिए प्रयास के तहत म.प्र. में महाविद्यालय स्तर पर भारतीय ज्ञान संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन हर साल किया जाता है। इस परीक्षा में प्रदेशभर में करीब 7 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होते हैं। जानकारी के अनुसार इस साल यह परीक्षा 9 नवंबर 2024 (शनिवार) को दोपहर 12 से एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी और निजी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देश में कहा है कि परीक्षा 9 नवंबर को अपने महाविद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित करने में सहयोग प्रदान करें।

## 550 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**भोपाल।** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मंडीदीप इकाई द्वारा शहर के 550 से ज्यादा प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान एचईजी ग्रेफाइट स्कूल के सामने किया गया। इस कार्यक्रम में एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल उपस्थित रहीं। प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि हम सभी विद्यार्थियों को जीवन भर अव्वल आना है चाहे कोई भी क्षेत्र हो निराश नहीं होना और आगे बढ़ना है। वहीं, अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु.शालीन वर्मा ने कहा कि सब गीली माटी है राष्ट्रहित के सांचे में ढालने का कार्य विद्यार्थी परिषद् करती है। आज चाहे महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना हो या नेतृत्ववान व्यक्ति निर्माण करना हो, सभी विद्यार्थी परिषद् में ही संभव है। आज अभाविप सेवा कला पर्यावरण आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय पुनःनिर्माण के कार्यक्रम में जोड़ रही है।

### आत्म संयम के पर्व चातुर्मास की शुरुआत, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

# देवशयनी एकादशी आज...श्रीहरि भगवान विष्णु सौंपेंगे भोलेनाथ को सृष्टि का कारभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार महीने के लिए शयन करते हैं और संसार चलाने का कार्यभार भगवान शिव को देते हैं। बुधवार को हरिशयनी एकादशी रहेगी। इस दिन व्रत रखने से श्रद्धालुओं को सहस्त्र गोदान के बराबर फल मिलता है।

इसके साथ ही आत्म संयम के पर्व चातुर्मास की शुरुआत होगी, जिससे आने वाले चार माह तक तप, साधना और उपवास और तीज-त्योहार का उल्लास छाएगा। संतों के सान्निध्य में आत्म कल्याण के लिए साधक साधना में जुट जाएंगे। विद्वानों के मुताबिक इस समय को मांगलिक कार्यों से इतर धर्म-ध्यान और संतों की सेवा के लिए उपयुक्त माना गया है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि आषाढ़



माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का आरंभ 16 जुलाई रात 08:33 से शुरू होगा और इसका समापन 17 जुलाई रात 9:02 पर होगा। उदयातिथि के चलते 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को योगनिद्रा एकादशी,देवशयिनी एकादशी, विष्णु-शयिनी एकादशी और हरिशयनी एकादशी भी कहा जाता है।

### दान-पुण्य से मिलता है लाभ

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि एकादशी के अवसर श्रद्धालुओं को मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन करने के साथ दान-पुण्य करना चाहिए, जिसका अक्षय फल मिलता है। इसके अलावा बड़ी संख्या में भक्तगण घरों व मंदिरों में सत्यनारायण भगवान की कथा कराते हैं, तो वहीं देवशयनी एकादशी का पाठ किया जाता है। इससे भगवान श्रीहरि का आशीर्वाद प्राप्त होता है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### चातुर्मास प्रारंभ

एकादशी पर इस बार सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि व बुधादित्य योग रहेगा। यह तीनों योग खरीदारी के लिए शुभ रहें। दिन से चातुर्मास प्रारंभ होगा। चातुर्मास में हवन, पूजन, कथा सत्संग होते रहेंगे। इन चातुर्मास में कथा प्रवचन कराने व श्रवण

### चातुर्मास में प्रमुख त्योहार

*चातुर्मास में कई प्रमुख त्योहार रहेंगे। इनमें देवशयनी एकादशी 17 जुलाई, गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई, हरियाली अमावस्या 4 अगस्त, नागपंचमी 9 अगस्त, रक्षाबंधन 19 अगस्त, जन्माष्टमी 26 अगस्त, हर तालिका तीज 6 सितंबर, नवरात्रि प्रारंभ 3 अक्टूबर, शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर, करवा चौथ 20 अक्टूबर, धनतेरस 30 अक्टूबर, दीपावली 1 नवंबर, भाई दूज तीन नवंबर एवं प्रबोधिनी एकादशी 12 नवंबर को मनाई जाएगी।*

### प्राचीन करबला मैदान पर जमा होंगे

# मोहर्रम आज... निकाले जाएंगे ताजिए, निगम कराएगा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दस दिन पहले शुरु हुए मोहर्रम माह के नवें दिन जगह-जगह इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। इस दौरान घर और मस्जिदों में इमाम हुसैन के नाम की फातिहा पढ़ी गई।

इस दिन लोग नफली रोजा भी रखते हैं। बुधवार को रेलवे स्टेशन से ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा, जिसके बाद पीरगेट पर ताजिए इकत्रित होंगे। इसके बाद ताजियों का विसर्जन करेंगे। इधर, इमाम हुसैन की याद में कोहेफिजा स्थित करबला मैदान में पौधरोपण किया। आल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष औसाफ शाहमीरी खुर्रम ने बताया कि इस बार शहर के प्रमुख चौराहों पर ताजियों की स्थापना की गई है। बुधवार सुबह 9 बजे से ताजियों का जुलूस निकलेगा, जो पीरगेट पर जमा होंगे। इसके बाद यहां से करबला जाएंगे। जिसके बाद पारंपरिक रूप से शीरीन नदी और कमलापति घाट पर ताजियों का विसर्जन किया जाएगा। कमला पति घाट, करबला और शीरीन नदी पर



भोपाल रेलवे स्टेशन के पास ईरानी डेरा पर मोहर्रम के चलते अंगारों पर चलते हुए शिया समुदाय के लोग।

नगर निगम ने विसर्जन के इंतजाम किए हैं। बुधवार को इमामबाड़ों और ताजिया स्थलों पर लोग दरुद और फातिहा ख्वानी करेंगे। खुर्रम ने बताया कि ताजिये हमारे शहर की गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे का प्रतीक हैं। इसमें मुसलमानों के साथ हिंदू समाज के हजारों लोग शामिल होते हैं।

### किन्नर और हिंदू परिवार निकालेंगे ताजिये

मोहर्रम में निकलने वाले विशाल ताजियों में मंगलवारा और बुधवारा के कि न्नर गुरु के ताजिए निकाले जाएंगे। नवाबी रियासत से निकाले जाने वाले ताजियों में बाबूलाल प्रजापति, राजेश उर्फ मुन्ना, बसंत महेन्द्र राणा, लक्ष्मीनारायण सोनी ने ताजिया निकाला जाएगा।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुराना, कलारिया और कोटरा चोपड़ा को मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के लिए दिए जाने वाले नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का गुणवत्ता प्रमाणीकरण किया गया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुराना को 87.09 प्रतिशत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोटरा चोपड़ा को 87.09 प्रतिशत और आयुष्मान आरोग्य मंदिर कलारिया को 93.60 प्रतिशत अंक मिले हैं।

इसके पूर्व भोपाल के दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी यह सर्टिफिकेट मिल चुका है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर खितवास को देश में सर्वाधिक 97.87 प्रतिशत अंकों के साथ सर्टिफिकेट मिला था। ये प्रमाणीकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। सीएमएचओ डॉ




प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मूल्यांकन विभिन्न सात सर्विस पैकेजेस की चेक लिस्ट अनुसार किया गया, जिसमें गर्भावस्था एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बाल्यावस्था और किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार कल्याण सेवाएं, असंचारी रोग व संचारी रोग का उपचार एवं प्रबंधन, नवजात देखभाल सहित आउटरीच गतिविधियों एवं सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली गई थी।

## गुरुकुल संस्कृत संस्थान का वार्षिक उत्सव मनाया

**भोपाल।** साउथ टीटी नगर स्थित मां वैष्णो धाम आदर्श नोदुर्गा मंदिर में संचालित गुरुकुल का वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर साधू संत मौजूद रहे। संचालक पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि गुरुकुल के एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। इस दौरान भगवान परशुराम का पूजन किया गया एवं गणेश स्त्रोत व स्वस्तिवाचन के साथ पर्यावरण की रक्षा के लिए गुरुकुल के बटुकों ने पौधरोपण किया।

इस आधुनिक युग में भी पारंपरिक गणवेश धोती एवं कुर्ता में बटुक पठन-पाठन कर्मकांड की शिक्षा वी हिंदी अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान गणित की शिक्षा भी ग्रहण कर रहे हैं। पूर्ण रूप से गुरुकुल की पद्धति से ही संचालित किया जा रहा है। यहां मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित है। हांलाकि कंप्यूटर की शिक्षा प्रदान की जा रही है एवं संगीत की शिक्षा के साथ खेलकूद और कसरत भी कराई जा रही है।

## डीईओ अंजनी कुमार को हटाया, सहायक संचालक अहिरवार को दिया प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को भोपाल जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को अचानक हटा दिया गया है। उनके स्थान पर सहायक संचालक लोक शिक्षण नरेंद्र कुमार अहिरवार को प्रभार दिया गया है। सहायक संचालक नरेंद्र कुमार अहिरवार ने मंगलवार को ही डीईओ का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। बताया गया है कि अंजनी कुमार को लंबे समय से विवादों में घिरे होने के बाद अचानक स्थानांतरित कर दिया गया है।

### जिला पंचायत में आया दो बाद निंदा प्रस्ताव

स्कूलों पर कथित कार्रवाई नहीं करने सहित अन्य कई कारणों से विवादों में चल रहे डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी के खिलाफ जिला पंचायत में दो बार निंदा प्रस्ताव पारित हो चुके थे। उनके खिलाफ कई बार प्रदर्शन भी हुए थे। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने सहायक संचालक अंजनी कुमार त्रिपाठी को उच्च पद प्रभार उप संचालक का देते हुए लोक शिक्षण में पदस्थापना के आदेश मंगलवार को जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक नरेंद्र कुमार अहिरवार को डीईओ का प्रभार सौंपा है।

## किन्नरों ने बनाया सबसे बड़ा ताजिया

हर साल की तरह इस साल भी शहर में सबसे बड़ा ताजिया किन्नर समाज का होगा। किन्नर समाज ने 16 फीट का ताजिया तैयार कराया है। जिसे बनाने के लिए नर्मदापुरम के कारीगर बुलाए गए थे। समाज के नीतू नायक ने बताया कि ताजिए बनाने के लिए हम साल भर पहले से ही तैयारी शुरू कर देते हैं। इसमें खास तौर पर पेपर पर डिजाइन उकेरा जाता है। जिसे हाथ से तैयार किया जाता है। जिसे बनाने में करीब दो महीने लगे हैं। इधर शहर भर में 20 से अधिक बड़े ताजिए बने हैं।

**सूचना**

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड,** एक महारत्न पीएसयू है, जिसका एक कार्यालय ई-5/102, अरेरा कॉलोनी भोपाल, मध्य प्रदेश में है। पॉवरग्रिड भोपाल कार्यालय स्थापित करने के लिए अरेरा कॉलोनी में या उसके आसपास एक स्वतंत्र मकान की तलाश कर रहा है। मकान में कम से कम 05 से 06 बड़े कमरे, आधुनिक फिटिंग वाले 04-05 संलग्न बाथरूम, 01 से 02 कॉमन बाथरूम, 10-15 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला 01 हॉल, रसोईघर, स्टोर रूम और 2-3 वाहनों के लिए कार पार्किंग और परिसर के बाहर वाहन पार्किंग के लिए जगह होनी चाहिए। उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने वाली संपत्ति को किराए पर देने में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति, कृपया s.mohan.kumar@powergrid.in, मो. नं. 9425556255 पर या पॉवरग्रिड भोपाल कार्यालय ई-5/102, अरेरा कॉलोनी भोपाल, मध्य प्रदेश में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकता है।



# सिटी बसों को लेकर अभी परेशानी कम नहीं होगी, संचालन के लिए अब नई कंपनी की तलाश

## ◆ बीसीसीएल के अधिकारियों ने बुलाए नए टेंडर इस माह के अंत तक तय करनी होगी नई कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में चल रहीं 368 बसों के संचालन को लेकर स्थित सुधर नहीं पा रही है। पिछले एक माह से किसी न किसी विवाद को लेकर डेढ़ सौ बसों के पहिए थमे हुए हैं। वहीं कई बसें मेंटेनेंस सहित कई अन्य कारणों से वर्कशॉप में खड़ी रहती हैं।

डिपो में खड़ी बसों के संचालन को लेकर बीसीएलएल कंपनी ने नए टेंडर जारी किए हैं। इस माह के अंत तक चलो एप की जगह नई कंपनी को टिकट कलेक्शन का काम सौंप दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीद है कि सभी बसें फिर से सड़क पर दौड़ने लगेंगी। अभी तो 50 हजार लोग परेशान होते रहेंगे।बसों के जो ड्रायवर व कंडेक्टर जो रोजाना डिपो पहुंच रहे हैं, उनके अनुसार जिम्मेदार लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे खटारा बसों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं जिस कंपनी को भी इसके संचालन का टेंडर दिया जा रहा है, वो घाटा दिखा रही हैं। यही कारण है कि किसी न किसी कारण से सड़क पर चल रहीं बसों की संख्या कम होती जा रही है।



## 149 में से सिर्फ 10 बस ही चल रही रोड पर, वे भी वापस होंगी डिपो में

### 15 दिन से परेशान हो रहे 50 हजार से ज्यादा लोग

सिटी बसों के न चलने से राजधानी में 50 हजार से ज्यादा लोग रोजाना परेशान हो रहे हैं। वहीं इस माह मंथली पास भी नहीं बन पा रहे हैंए जिससे लोगों को यह लग रहा है कि सिटी बसें चलेंगी भी या नहीं। पिछले दो माह से जिन 149 बसों के संचालन पर विवाद चल रहा हैए उनमें से सिर्फ 10 बस ही सड़क पर दौड़ रही हैं। यह भी एक दो दिन में बंद हो सकती हैं। सिर्फ सीएनजी से संचालित हो रहीं 70 बसें ही सड़क पर हैं, क्योंकि इन बसों को चलाने वाली कंपनी ही पूरे काम कर रही है। बसों के संचालन को लेकर पिछले हफ्ते महापौर मालती राय ने हस्तक्षेप कर बसों को तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए थे। एक दिन तो सभी बसें बाहर निकलीं, लेकिन उसके बाद से फिर पहिए थम गए। इसके बाद अब महापौर ने भी मान लिया है कि बातचीत के द्वारा समस्या का हल नहीं निकलेगा। इसलिए नई कंपनी के लिए टेंडर बुलाए हैं।

**शावकों** को लाने एक डिब्बे की विशेष ट्रेन

# भोपाल के वन्य प्राणी अस्पताल में दो शावकों को किया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीहोर जिले में बाघिन के घायल शावकों को लाने के लिए एक डिब्बे की विशेष ट्रेन चलाई गई। इतना ही नहीं, सीहोर कलेक्टर प्रवीण सिंह खुद इस विशेष ट्रेन से भोपाल आए। उन्होंने बाघिन के शावकों को वन विहार के वन्य प्राणी चिकित्सालय में भर्ती कराया। दोनों घायल शावकों का इलाज अभी चल रहा है।



पिछले सोमवार 15 जुलाई को सुबह करीब 6 बजे सीहोर जिले के बुदनी के मिडघाट रेलवे ट्रैक पर बाघिन के तीन शावक ट्रेन की चपेट में आ गए थे। इस दुर्घटना में एक शावक की मृत्यु हो गई। दो शावक गंभीर घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही वन्य प्राणी चिकित्सकों की टीम घटना स्थल पर पहुंची। दोनों घायल शावकों की स्थिति को देखते हुए वहां इलाज संभव नहीं था। दोनों को वन्य प्राणी चिकित्सालय भोपाल में तत्काल भर्ती कराना जरूरी था। सीहोर कलेक्टर ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क कर ट्रेन की मांग की। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक डिब्बे की विशेष ट्रेन मंगलवार सुबह बुधनी के घटना स्थल मिडघाट तक भेजने का निर्णय लिया।

## जीएम शोभना ने भोपाल स्टेशन का किया निरीक्षण, रेस्टोरेंट संचालक से कहा- क्या ऐसे ही कराते हैं सफाई

# स्टेशन के रेस्टोरेंट पर बिक रहा था गुणवत्ताहीन खाना, इनके रसोई और बर्तनों में मिली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने मंगलवार को भोपाल स्टेशन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने स्टेशन के लगभग सभी क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय सुबह करीब 10:40 बजे भोपाल स्टेशन की एक नंबर नई बिल्डिंग पहुंची, जहां सबसे पहले अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने एक व छह नंबर प्लेटफार्म पर बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया।



## औचक निरीक्षण कर महाप्रबंधक ने जांची यात्री सुविधाएं



भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों परोसे जाने वाले खाने की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। जिस रसोई में खाना तैयार हो रहा था, वहां गंदगी थी। रसोई के बर्तन धोने वाली जगह भी साफ नहीं थी। यह गड़बड़ी प्लेटफार्म एक पर संचालित सोपान रेलवे रेस्टोरेंट के संचालकों द्वारा बरती जा रही थी। दरअसल निरीक्षण के दौरान जीएम बंधोपाध्याय जब रेस्टोरेंट की जांच करने पहुंची तो यह सब नजारा देखने को मिला। जीएम बंधोपाध्याय ने रेस्टोरेंट संचालक को साफ-सफाई व खाने का गुणवक्ता में सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे सफाई रखते हो, खाने में कॉकरोच व कीड़ों मिलने की शिकायतों पर होने रेस्टोरेंट संचालकों को पेस्ट कंट्रोल कराने के लिए कहा तो वहीं सीनियर डीसीएम को रात में औचक निरीक्षण कर खाने की गुणवक्ता की जांच करने के निर्देश दिए। इसके बाद भी अगर गड़बड़ी मिलनी है तो उन्होंने अनुमति निरस्त करने की बात कहीं है।

### लाउंज, पॉड कॉन्सेप्ट रिटायरिंग रूम का जायजा लिया

महाप्रबंधक ने यात्रियों से संवाद किया और यात्री सुविधाओं के सम्बन्ध में फीडबैक लिया। उन्होंने स्टाल, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालयों और रेलवे ट्रैक की सफाई व्यवस्था की भी जांच की। इस दौरान स्टेशन पर हो रहे कार्यों से मंडल रेल प्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने लाउंज, पॉड कॉन्सेप्ट रिटायरिंग रूम एवं रूफटॉप कैफे आदि निमार्णाधीन कार्यों का भी जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने पार्सल ऑफिस का निरीक्षण कर बुकिंग और प्रबंधन की जानकारी ली। रेल अधिकारियों ने ड्राइवर एवं गार्ड क्रू लॉबी का निरीक्षण किया, जिसमें लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रेन परिचालन से जुड़े रेलकर्मियों, ट्रेन मैनेजर एवं संरक्षा से संबंधित रेलकर्मियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने संरक्षा रजिस्टर एवं यार्ड ले-आउट्स का गहनता से जांच की और लॉबी में संरक्षा संबंधी कार्य प्रणाली के विषय पर चर्चा कर जानकारी ली।

### जीएम ने यात्रियों से पूछा- अधिक चार्ज तो नहीं लिया

जब जीएम शोभना छह नंबर स्थित एसी वेटिंग में निरीक्षण कर रही थी। इस दौरान पिपरिया जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही नीतू बड़कुल व रिया बड़कल से उन्होंने पूछा यहां तक आप कैसे आए। यहां वेटिंग रूम में कैसे पता चला? किसी से पूछना तो नहीं पड़ा? तब नीतू बड़कुल ने कहा-ट्रेन थोड़ी लेट थी, प्लेटफार्म पर वेटिंग रूम के बारे में दिशा-निर्देश बोर्ड जानकारी लिखी है, उसी को देखकर हम लोग यहां पहुंचे थे। इस दौरान जीएम ने पूछा कि आपसे किसी ने कोई ओवर चार्ज तो नहीं लिया। इस बार यात्रियों ने कहा नहीं, यहां अच्छी सुविधा है। उन्होंने पूछा-कुली अधिक चार्ज तो नहीं लेते, यात्रियों ने कहा-ऐसी कोई समस्या नहीं है।

## अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखकर भोपाल स्टेशन का रीडेवलेपमेंट किया जा रहा



**भोपाल।** भोपाल स्टेशन सहित पमरे जोन के सभी प्रमुख स्टेशनों का विकास आने वाले 50 वर्षो को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। अभी जो है उसके 50 वर्षो में कितनी गाड़ियां बढ़ेगी, कितने यात्रियों का दबाव होगा। कितना पार्सल जाएगा, इन सब बातों पर काम करके स्टेशन को डिजाइन किया जा रहा है। यह बातें मंगलवार को भोपाल स्टेशन के निरीक्षण के दौरान पमरे जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहीं। जीएम बंदोपाध्याय ने आने वाले दिनों में भोपाल से ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को मिलने वाली सुविधा को लेकर खुलकर चर्चा की।

हरिभूमि चर्चा

**सवाल:** भोपालवासियों को निशातपुरा स्टेशन की सौगात कब तक मिल सकेगी?

**जवाब:** महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि निशातपुरा रेलवे स्टेशन को जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही यात्री के सुविधा को भी ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनों का ठहराव किया जाएगा।

**सवाल:** आने वाले दिनों में पमरे जोन के यात्रियों को किन रूटों पर नई ट्रेनों की सौगात मिल सकती है?

**जवाब:** प्रदेश के अलग-अलग जगहों से जन प्रतिनिधियों की ओर से नई ट्रेन को लेकर मांग भी आ रही है, जिसे रेल मंत्रालय को भेजा जाएगा।

**सवाल:** ट्रेनों को स्पीड बढ़ाने के लिए क्या तैयारी है?

**जवाब :** रेलवे की ओर से ट्रेक में भी बढ़ोत्तरी की जा रही है। तीसरी लाइन का कार्य चल रहा है। वहीं, कई जगहों पर चौथी लाइन के लिए भी प्रस्ताव बनाया है। जैसे-जैसे ट्रैक बढ़ेंगे, वैसी ट्रेनों की भी संख्या बढ़ेगी। ट्रेनों की स्पीड़ भी बढ़ेगी।

**सवाल:** भोपाल रेल मंडल सहित पमरे जोन को स्लीपर वंदेभारत मिलने की क्या उम्मीद है?

**जवाब:** स्लीपर वंदे भारत ट्रेन जहां से भी चलेगी, वह पश्चिम मध्य रेलवे को जरूर कनेक्ट करेगी।

**आरोपियों** पर लगाया एनएसए



# गोवंश कत्ल के 4 आरोपी धराए पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ 6 गायों की हत्या कर मांस बेचने का है आरोप

बिलखिरिया थाना पुलिस ने मंगलवार को 6 गायों की हत्या कर मांस बेचने के आरोपी चार युवकों को गिरफ्तार उनका जुलूस निकाला। साथ ही आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) की कार्रवाई भी की गई है। मामले में पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि गो-मांस की बिक्री कहां की गई। साथ ही पूछताछ में आरोपियों ने पहले भी रायसेन जिले के सलामतपुर में भी ऐसी ही घटना करने की बात स्वीकार की है। कई मामलों को लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि बिलखिरया थाना क्षेत्र के रहने वाले राजू गुर्जर ने 11 जुलाई को पुलिस को सूचना दी कि उसकी 6 गायें 9 जुलाई को अमझरा के जंगल में चरने के लिए गई थी। वे घर नहीं लौटी तो उनकी तलाश की गई। अगले दिन 10 जुलाई को भी उनकी तलाश की गई। लेकिन, गायें नहीं मिली। इसके बाद पुलिस और वन विभाग को सूचना दी गई कि उसकी गायें किसी ने चुराकर मार दिया है।

पुलिस ने तत्काल नए कानून के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर धारा 303, 2 और गौवंश वध प्रतिषेद अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद एडिशनल एसपी नीरज चौरसिया के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने घटना के रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

मुखबिरों से बातचीत की गई। इस आधार पर एक आरोपी असलम को पकड़ा गया। पूछताछ में असलम ने बताया कि उसने बैरसिया के झिकरिया निवासी अजहर, भोपाल जिंसी निवासी सादिक, इस्लामपुरा निवासी अरसलान और अन्य के साथ 9 जुलाई की रात में अमझरा वासिया के जंगल में 6 गायों को मारा था। उनका मांस अलग-अलग बोरियों में भरकर अजहर के बोलेरो वाहन से भोपाल लाए और बेच दिया।

# मोहर्रम के चलते आज बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की ट्रैफिक पुलिस ने मोहर्रम को लेकर एडवाइजरी जारी की है। पुराने शहर में मोहर्रम के जुलूस को लेकर 17 जुलाई के लिए आमजन की सुविधा हेतु ट्रेफिक डायवर्ट किया गया है।

भारत टॉकीज, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टेण्ड, भोपाल टॉकीज, शहंजानाबाद, रॉयल मार्केट, कोहेफिजा, करबला पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाया गया है। इस मार्ग पर शाम 6 बजे के बाद यातायात का दबाव रहेगा। पुराना शहर में भारत टॉकीज, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टेण्ड, भोपाल टॉकिज, शहंजानाबाद, रॉयल मार्केट, कोहेफिजा तिराहा, करबला पर सभी प्रकार के वाहनों प्रतिबंध रहेंगे। यहां सिर्फ अनुमति प्राप्त वाहनों के प्रवेश की अनुमति रहेगी।

### इन वैकल्पिक मार्गो का करें उपयोग

राजाभोज विमानतल की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहे से दायें मुड़कर, नाथू बरखेड़ा रोड़, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे। राजाभोज एयरपोर्ट की ओर जाने वाले प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरि, अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करोंद चौराहा, नई जेल, गांधीनगर तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे। नए शहर से रेलवे स्टेशन की ओर जाने के लिए प्रभात चौराहा, परिहार चौराहा, 80 फिट रोड, बजरिया तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।

एम्स-मैनिट की स्मार्ट आईक्यू डिवाइस

# स्मार्ट डिवाइस से रोजाना चेक कर सकेंगे हाइट



**भोपाल।** एम्स और मैनिट की टीम ने एक ऐसी स्मार्ट डिवाइस बनाई है, जिससे आप अपनी रोजाना हाइट चेक कर सकते हैं। वैसे तो कद परीक्षण के लिए एक प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक की आवश्यकता होती है, जिसे एक बच्चे के लिए कद परीक्षण करने के लिए काफी समय देना पड़ता है। लेकिन इस टीम ने आईक्यू डिवाइस के जरिए इसे आसान कर दिया है। टीम के सदस्य के रूप में एम्स भोपाल से डॉ. तमोनुद मोदक और मैनिट से डॉ. मितुल कुमार अहिरवाल और अमूल्य रत्न शामिल थे।

# खजूरी कलां, शहीद नगर और बाणगंगा में बिना लाइसेंस चल रहे थे क्लिनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

## सीएमएचओ की टीम ने 24 क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच की

खजूरी कला में कपिल विकास क्लिनिक, शहीद नगर में सेंटर पैथालॉजी और बाणगंगा इलाके में क्लिनिक चला रहे डॉ आमिर हुसैन के पास सीएमएचओ द्वारा जारी लाइसेंस नहीं था। मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले इन क्लिनिक और पैथालॉजी सेंटर को सीएमएचओ टीम ने निरीक्षण कर तत्काल बंद करा दिया है। बता दें कि सीएमएचओ के निर्देश पर राजधानी में दूसरे दिन मंगलवार को क्लिनिक्स और पैथालॉजी की जांच कर की गई।

सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि दो दिनों में 24 क्लीनिक एवं पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच की गई है। टीम द्वारा चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन, मप्र उपचार्यगृह एवं रूज्ञोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम,




जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, गुमास्ता लाइसेंस की जांच की जा रही है। मंगलवार को साम जगह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बालाजी नगर खजूरी कला में कपिल विकास क्लिनिक, शहीद नगर में सेंटर पैथालॉजी और बाणगंगा इलाके में क्लिनिक चला रहे डॉ आमिर हुसैन के पास सीएमएचओ द्वारा जारी लाइसेंस नहीं पाया गया।

खजूरी कला क्षेत्र में शिवलोक कॉलोनी स्थित शिव शक्ति क्लिनिक में बच्चू राम प्रजापति द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति की जगह एलोपैथी से इलाज की जानकारी मिली है। इसी प्रकार एसओएस के सामने मीरा विकास क्लीनिक चला रहे संतोष कुमार चौधरी के पास बीएचएमएस डिग्री है, जबकि इनके पास एलोपैथी की दवाइयां मिली है। इन सभी क्लिनिक्स को आगामी आदेश तक संचालन बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए नागरिकों को अब होगी आसानी

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने मंगलवार को निगम के सामान्य प्रशासन विभाग व उसके अधीन जन्म, मृत्यु पंजीयन शाखा, विवाह पंजीयन शाखा व जनसम्पर्क एवं पुस्तकालय शाखा की समीक्षा की। उन्होंने जन्म-मृत्यु के पंजीयन हेतु चिकित्सालयों और विश्रामघाटों के साथ कब्रिस्तानों द्वारा सूचना जोन कार्यालय व निगम मुख्यालय में तीन दिन में देने निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि जिला मुख्य चिकित्सा के साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी एवं विश्रामघाट, कब्रस्तान समितियों को पत्र लिखकर अधिकारी अनिवार्यता सुनिश्चित करेंगे।

छात्र ग्रे कलर का शर्ट और ब्लैक कलर का पेंट और छात्राएं ग्रे कलर और ब्लैक कलर के सलवार-कुर्ती में आएंगी

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड तय, एक अगस्त से यूनीफॉर्म में नजर आएंगे विद्यार्थी

सभी 55 कॉलेज आफ एक्सीलेंस में इंफ्रास्ट्रक्चर, भवन, छात्रावास विस्तार, लैंग्वेज व स्किल डेवलपमेंट सहित अन्य सुविधाओं के लिए 366 करोड़ रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के 55 सरकारी कॉलेजों को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड किया गया है। इन कालेजों को हाईटेक बनाने के लिए 366 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा के तहत पढ़ाई होगी। सभी कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए इस सत्र से ड्रेसकोड लागू किया गया है।

राजधानी के शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड किया गया है। यहां के विद्यार्थी एक अगस्त से यूनीफार्म में आएंगे। इसके लिए स्टाफ काउंसिल और जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित कर ड्रेसकोड का डिजाइन और कलर तय किया गया। इसमें छात्र ग्रे कलर का शर्ट और ब्लैक कलर का पेंट और छात्राएं ग्रे कलर और ब्लैक कलर के सलवार-कुर्ती में आएंगी। एक



अगस्त से विद्यार्थी एक समान एक रंग के ड्रेस में कॉलेज आएंगे। इस संबंध में कालेज प्राचार्यों ने विद्यार्थियों को निर्देशित किया है। साथ ही विद्यार्थियों को कुछ विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

### 39 रुपए में महीने भर बस सुविधा

*प्रदेश में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस 14 जुलाई से खुल गए हैं। यहां बस सर्विस की शुरुआत भी हो गई है। रूट और राउंड भी तय कर दिए गए हैं। कालेज की जनभागीदारी समिति बस सेवा उपलब्ध कराएगी। बड़े कालेजों में दो बसें शुरू की गई है। समिति विद्यार्थी से हर माह 30 रुपए शुल्क लेगी। यह शुल्क सभी विद्यार्थियों से लिया जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### नगर में चलाया स्वच्छता अभियान, की सफाई

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के प्रमुख पर्यटन केंद्र परिसर में स्कूली बच्चों व नागरिकों के साथ 1 घंटे तक स्वच्छता का विशेष अभियान चलाकर सफाई की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर उपाध्याय नें जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2024 के तहत पर्यटक स्थलों, स्मारकों व पार्कों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का कार्य किया गया। नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल व नपा उपाध्यक्ष पुष्पा साहू के निर्देशन में लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### मॉडर्न हायर सेकंडरी स्कूल में किया पौधरोपण



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद औबेदुल्लागंज द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को वार्ड 2 मॉडर्न हायर सेकंडरी स्कूल में पौधरोपण अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से राजकुमार शर्मा कन्हैया धुर्वे, आशीष यादव, सुशील चतुर्वेदी, पवन निरापुरे, प्रमोद कुमार पांडेय, अंकित नाथ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल की बैठक से कई नेता रहे नदारद



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, पार्षद दीपू परमार, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर वागीश अग्रवाल, पवनजोत सिंह, वरिष्ठ नेता दशरथ गुर्जर, माधव यादव, माखन सेन, आरती यादव, माया राय आदि नेता बैठक से नदारद रहे। बैठक में महामंत्री रविंद्र विजय, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, मनोज चौरसिया, रामकिशोर नंदवंशी आदि बैठक में शामिल रहे। बैठक में मण्डल प्रस्तावित सारे कार्यक्रम जैसे नेतृत्व सम्मान, गुरु पूर्णिमा और बलिदान दिवस जैसे कार्यक्रम सारे बूथ पर करने के लिए योजना पर चर्चा गई है।

### सुरेश बने सिंधी समाज के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार





**संतनगर।** सिंधियों की राष्ट्रीय स्तर की 60 साल पुरानी अग्रणी सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सिंधी समाज के संस्थापक सदस्य एवं संरक्षक हीरालाल लोकचंदानी झारसुगड़ा उड़ीसा, खेमचंद तेजवानी हनुमानगढ़ राजस्थान, रमेश तनवानी कोलहापुर महाराष्ट्र एवं महेश सुखरामानी उल्हासनगर महाराष्ट्र की सहमति से संत हिरदाराम नगर के वरिष्ठ समाज सेवी एवं पत्रकार सुरेश जसवानी पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता को अभा सिंधी समाज का राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार बनाया गया है। संत हिरदाराम नगर के वरिष्ठ समाज सेवी नरेश चोटरानी को समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी है। रमेश कुमार गिदवानी गोवा, हुकुमतराय हेमनानी भोपाल, गिरीश कुमार हुकवानी डबरा व लख्मीचंद लालवानी कांकेर को राष्ट्रीय सचिव बनाया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2749 | | |
| दिन: | 148 | 37 | 467 |
| रात: | 269 | 77 | 179 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 129 | 28 | 189 |
| रात: | 880 | 65 | 780 |

# फ्लैट के नाम पर बिल्डर ने की 36 लाख की धोखाधड़ी

## जून माह में फरियादियों पर बिल्डर ने किया था हमला, बना लिया था बंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए अतिरिक्त पैसों की अड़ी बाजी कर ग्राहक का सिर फोड़ने तथा बंधक बनाने वाले बीएम रियल्टी के मालिक राजकुमार हिमथानी तथा उसके पार्टनर भतीजे प्रवीण हिमथानी के खिलाफ निशातपुरा थाना पुलिस ने धारा 420, 406, 120 बी के तहत धोखाधड़ी, अमानत में खयानत के साथ अपराधिक षड़यंत्र का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पीपुल्स मॉल के पीछे बन रहे बीएम रियल्टी के आवासीय प्रोजेक्ट कोरल कासा केजी ब्लॉक में पलक चतुर्वेदी तथा शौर्या चतुर्वेदी जैन ने फ्लैट बुक किए थे। इनके अलावा परिवार के दो अन्य सदस्यों ने भी दो फ्लैट लिए हैं, जिनकी रजिस्ट्री की जा चुकी है। मामला राजधानी के पत्रकार संजय चतुर्वेदी तथा उनके परिवार का है। संजय चतुर्वेदी तथा उनके परिवार के सदस्यों ने बीएम रियल्टी के आवासीय प्रोजेक्ट कोरल कासा में एक ही ब्लॉक के एक ही फ्लोर पर चार फ्लैट बुक किए थे। यह फ्लैट दो साल पहले ही मिल जाने थे, लेकिन बिल्डर इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की जगह ग्राहकों से पैसा वसूला। विलंब से पूरे हुए दो फ्लैट की रजिस्ट्री विवाद के बावजूद हो गई, शेष बचे दो फ्लैट की रजिस्ट्री 10 जून को होना थी, इसके दो दिन पहले 8 जून को बिल्डर प्रवीण हिमथानी ने पत्रकार संजय चतुर्वेदी को फोन कर अतिरिक्त पैसों की मांग करते हुए ऑफिस बातचीत के लिए बुलाया। बिल्डर ने फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए अड़ीबाजी करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसके चलते पलक चतुर्वेदी तथा शौर्या चतुर्वेदी जैन ने अपने अपने फ्लैट को लेकर गत 19 जून को शिकायत निशातपुरा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने पलक चतुर्वेदी पति रत्नेश चतुर्वेदी तथा शौर्या चतुर्वेदी जैन पति एकांश जैन की शिकायत पर विवेचना कर आरोपी बिल्डर राजकुमार हिमथानी तथा प्रवीण हिमथानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। बीएम रियल्टी के पार्टनर प्रवीण हिमथानी तथा मालिक राजकुमार हिमथानी ने कुल राशि 36 लाख 75 हजार रुपए छलपूर्वक प्राप्त कर स्वंय उपयोग किया गया है। पुलिस के अनुसार पलक चतुर्वेदी, शौर्या चतुर्वेदी जैन को फ्लेट बेचने के नाम पर, रजिस्टर्ड अनुबंध करने के बाद भी राशि प्राप्त कर बिल्डर्स ने अवैध लाभ प्राप्त किया है, जिससे आवेदिका को आर्थिक एवं मानसिक हानि हुई, जो कृत्य धारा 420, 406, 120 बी भादंवि का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

### महिला रेलकर्मी को लिवइन पार्टनर का बेटा कर रहा था सोशल मीडिया पर बदनाम, प्रकरण दर्ज

एक महिला रेल अफसर को उसके ही लिवइन पार्टनर रह चुके युवक के बेटे द्वारा सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री डालकर बदनाम करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। ईंटखेड़ी पुलिस के मुताबिक लांबाखेड़ा इलाके में रहने वाली 48 वर्षीय महिला रेलवे में अफसर है। वह पूर्व में एक व्यक्ति के साथ लिवइन में रहती थी। बाद में दोनों रजामंदी के साथ अलग रहने लगे। लिव इन पार्टनर इन दिनों अशोकनगर में जाकर रहने लगा है। इस बीच 5 फरवरी से उनके फेसबुक अकाउंट आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे थे। यह संदेश उसके पुराने लिइन पार्टनर के फेसबुक अकाउंट से भेजे जा रहे थे। पीड़िता की शिकायत साइबर पुलिस से की गई थी। इसकी जांच में पता चला कि यह संदेश और धमकी दीपांशु शर्मा द्वारा भेजे जा रहे हैं, उनके पूर्व लिवइन पार्टनर का बेटा है। इसके बाद पुलिस ने दीपांशु के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# दैवेभो कर्मी ने अतिक्रमण प्रभारी को दी जान से मारने की धमकी

## आयुक्त से की लिखित में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया को निगम में ही कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मी ने जान से मारने की धमकी दी है। इस बात की भदौरिया ने निगमायुक्त हरेंद्र नारायन से लिखित में शिकायत की है।

भदौरिया ने बताया कि उनके साथ 12 जुलाई को माता मंदिर स्थित रिवेरा हाइट्स कॉलोनी के पास ग्रीन कॉरिडोर में अवैध रूप से बने बड़े छप्पर को तोड़ने और उसके नीचे रखे ठेले को जब्त करने के दौरान यह विवाद हुआ। वहां ठेला मालिक महिला सरोज कुशवाह इनकी पुत्री माधुरी और दामाद शुभम श्रीवास्तव जो नगर निगम में 29 दिवसीस दैवेभो कर्मी हैं मोजूद थे। उनकी पुत्री और दामाद प्रधानमंत्री आवास योजना आईएसबीटी में कार्यरत है। इन दोनों ने मिलकर कार्रवाई का विरोध किया। इस मौके पर शुभम श्रीवास्तव ने अतिक्रमण प्रभारी को जान से खत्म करने और दो दिन में नौकरी से निकलवाने की धमकी दी। अतिक्रमण प्रभारी ने निगमायुक्त से इस मामले की जांच करने की मांग की। ताकि इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सके।

## महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के प्राचार्य की मनमानी

# स्कूल की फीस जमा नहीं होने पर बच्चे को ढाई घंटे बाहर खड़ा किया

*मां माया ने जब प्राचार्य से बात की तो उन्होंने कहा कि आपके बच्चे की फीस जमा नहीं है। ऐसे में जिन बच्चों की फीस जमा नहीं है, उन्हें क्लास में नहीं बैठाया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**खास बातें**
- प्राचार्य ने क्लास टीचर की शिकायत करने पर बच्चे को दो दिन के लिए क्लास से किया सस्पेंड
- कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में दर्ज कराई शिकायत



रतनपुर 11 मील मिसरोद स्थित महर्षि विद्या मंदिर में पदस्थ क्लॉस टीचर भावना श्रीवास्तव और प्राचार्य की मनमानी की सजा एक सेकंड क्लॉस के मासूम बच्चे को दी गई। बच्चे को फीस जमा नहीं होने पर पहले तो पांच पीरिएड करीब ढाई घंटे तक क्लास के बाहर खड़ा रखा गया। इसके बाद जब पालकों ने फीस जमा होने की बात कही तो उसे दो दिन के लिए स्कूल से सस्पेंड कर दिया गया। पालकों ने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर अपर कलेक्टर भूपेंद्र गोयल को शिकायत दर्ज कराई। अपर कलेक्टर ने मामले की जांच डीपीसी को सौंपी है।

जीसी नाविक निवासी झरनेश्वर कॉलोनी ग्यारह मील होशंगाबाद रोड निवासी ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरा पुत्र युग नाविक महर्षि विद्या मंदिर रतनपुर 11 मील मिसरोद में ए-2 का छात्र हूं। पिछले दिनों युग की क्लास टीचर भावना श्रीवास्तव ने पांच पीरियड तक बच्चे को क्लास से बाहर कर दिया। पत्नी माया ने प्राचार्य से बात की तो उन्होंने कहा कि आपके बच्चे की फीस जमा नहीं है। ऐसे में जिन बच्चों की फीस जमा नहीं है, उन्हें क्लास में नहीं बैठाया जाएगा, जबकि बच्चे की फीस पहले ही जमा की जा चुकी है। प्राचार्य ने क्लास टीचर की शिकायत करने पर बच्चे को दो दिन के लिए स्कूल से सस्पेंड कर दिया। पालकों ने क्लास टीचर और प्राचार्य के अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

### बेटे की मौत के बाद सता रही बहू

पार्वती बाई पत्नी दरयाब सिंह निवासी बोरबंद बैरागढ़ ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे बड़े बेटे की मौत के बाद से बहू घर में बाहरी लोगों को बुलाकर पार्टी करती है। मना करने पर उलटे थाने में शिकायत कर देती है, जिससे थाने में मुझे घंटों बैठाकर रखा जाता है। महीने भर मैं लोगों के घरों में काम कर कुछ पैसे जुटा पाती हूं, जिसे बहू छीन लेती है। बहू की हरकतों की वजह से ही मेरे बेटे ने फांसी लगाकर खुदकुशी की थी।

### एयरपोर्ट प्रबंधन ने हड़पी जमीन

वासदेव सहजवानी पिता किशनचंद निवासी गिदवानी पार्क के पास बैरागढ ने शिकायत दर्ज कराई है कि लाउखेड़ी में मैंने रजिस्ट्री और नामांतरण कराकर जमीन खरीदी थी, जिसका खसरे में भी नाम दर्ज है। राजाभोज विमानतल के विस्तार के लिए 101.24 एकड़ जमीन सितंबर 2006 में अधिगृहित की गई। जिसका मुआवजा 1 लाख 40 हजार 694 रुपए दिए गए, लेकिन मौके पर 0.237 हेक्टेयर जमीन पर बाउंड्रीवॉल बना दी गई, जिसके बाद कोर्ट में केस दायर किया गया। कोर्ट ने अवार्ड से अधिक जमीन लेने पर शेष जमीन वापस करने के आदेश दिए गए है। जमीन मालिक ने कलेक्टर से अपनी जमीन वापस लेने की मांग की है।

## एक सप्ताह में वेतन नहीं मिला तो मंत्रालय पर करेंगे सत्याग्रह आंदोलन

# स्थाई कर्मी और दैवेभो श्रमिकों को चार माह से नहीं मिला वेतन, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार माह से वेतन न मिलने के कारण प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी और स्थाई कर्मी परेशान है। वेतन के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अधिकारी बजट न होने का बहाना बताकर कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं कर रहे हैं।

मप्र कर्मचारी मंच ने मंगलवार को आयुक्त जनजातियां कार्य विभाग, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन विभाग, संचालक उद्यानिकी विभाग एवं प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन सौंप कर तत्काल लंबित वेतन भुगतान करने की मांग करी है, जिससे वे अपना गुजर बसर कर सकें।

### घर चलाना हुआ मुश्किल

मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि पिछले दो वर्षों से लाड़ली बहन योजना संचालित होने के कारण अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों सहि अन्य विभागों में चार-चार माह के अंतराल में वेतन भुगतान किया जा रहा है, जिस कारण छोटे संवर्ग के अनियमित कर्मचारियों को घर चलाने में काफी दिक्कत आ रही है।

### बच्चों की नहीं भर पा रहे फीस

बच्चों की फीस जमा न होने के कारण अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों के बच्चों को स्कूल में दाखिला नहीं मिल पा रहा है। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के अंदर समस्त विभागों में स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारी मंत्रालय पर सत्याग्रह आंदोलन करेगा।

# चिकलोद के आशापुरी के वन में मिला बाघ का शव

जांच के लिए सैंपल लिए, रिपोर्ट आने के बाद सामने आएगी सही जानकारी



**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज वन मंडल रेंज चिकलोद के आशापुरी के जंगल में बाघ का शव मिला है। जानकारी मिलने के बाद वन अमला जांच में जुटा है। वन एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि बाघ का कंकाल मिला है, जांच के लिए नमूने लिए गए हैं। चिकलोद रेंजर राजपूत ने कहा कि कंकाल की जांच रिपोर्ट आने के बाद घटना की सही जानकारी सामने आ पाएगी।

डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया कि आशापुरी के जंगल में बाघ का कंकाल मिला है, इसकी हम उच्च स्तर पर जांच कर रहे हैं। पूरे वन मंडल के रेंज में गस्त बढ़ा दी गई है। चिकलोद रेंज के आशापुरी बीट के कंपार्टमेंट नंबर 330 में बाघ मिला है। उल्लेखनीय है कि वन मंडल के बरखेड़ा रेंज में 2 मई, दाहोद रेंज में 13 मई और 14 जुलाई को चिकलोद रेंज में भी बाघ का शव मिला था।

# खाली प्लॉट में पानी भरा तो मालिकों पर लगेगा 5-5 हजार का जुर्माना

## नपा सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नगर पालिका सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने निर्देश दिए है कि क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि बरसात का पानी किसी भी नगरीय के क्षेत्र में भरा न रहे, अगर किसी प्राइवेट प्लॉट पर पानी जमा होता है और उस पानी को संबंधित मालिक निकासी नहीं करता है, तो तत्काल सोर्ट समय में एमआईसी की बैठक में निर्णय लेकर प्रति प्लॉट पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि भ्रमण के समय आप भी यह देखें कि किसी नगरीय निकाय के क्षेत्रों में पब्लिक स्पॉट पर पानी का भराव तो नहीं हो रहा। मच्छर रोकने के लिए फॉगिंग कराएं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में जल भराव के स्थान पर कैमिकल स्प्रे तथा गली-मोहल्लों में फॉगिंग कराएं, ताकि मच्छरों का प्रकोप कम हो सके। वहीं खाली प्लॉट पर कचरा और गंदगी होने पर नपा प्लॉट मालिक को नोटिस जारी कर जुर्माने की कार्रवाई करेगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत की जा रही सफाई व्यवस्था में खाली प्लॉट पर जमा गंदगी बाधा बन रही है। खाली प्लॉटों पर जमा गंदगी की शिकायत सीएमओ को लगातार मिल रही है। इस पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नपा ने पिछले साल भी विभिन्न वार्डों में प्लॉट मालिकों पर जुर्माना की कार्रवाई की थी। इसके बावजूद कुछ प्लॉट मालिक नोटिस को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

## संयुक्त मोर्चा संघ का आंदोलन जारी

# सरपंचों ने सामूहिक इस्तीफे के लिए किए हस्ताक्षर



**औबेदुल्लागंज।** संयुक्त मोर्चा का धरना 42वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को शाम को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से संयुक्त मोर्चा संघ के सदस्य जनपद उपाध्यक्ष सरदार सिंह बरकरे, पार्षद सुलेखा चौहान, राधाबाई, अनूप सिंह, रूपेश चौहान, सरपंच संघ के लालमन नंदवंशी, अनिल निलेश ठाकुर, दिनेश नेमीचंद आदि लोग मिले। शिवराज को बताया कि 41 दिन से जनपद बंद है। 72 पंचायत में आंदोलन चल रहा है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा शीघ्र समस्या हल होने वाला है। इधर मंगलवार को सरपंचों के सामूहिक इस्तीफे के लिए हस्ताक्षर प्रारंभ किया। सब लोग मिलकर मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल को भोपाल जाकर इस्तीफा देंगे। उप सरपंच शंकर लाल देवी सिंह मैं बताया 56 सरपंच 15 जनपद सदस्य 60 उप सरपंच और 200 पंचों ने इस्तीफा लिख गए हैं। ये सब लोग विधायक पटवा और मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री के निवास पर पहुंच कर इस्तीफा देंगे।

# झूलेलाल चालीहा महोत्सव: कठोर तपस्या का 40 दिनी उपवास शुरू

मंदिरों में हुई विशेष पूजा अर्चना, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंदी समाज के ईस्ट देवता भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव धूमधाम व कई आयोजनों के बीच शुरू हुआ। देश की खुशहाली व अच्छी वर्षा के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। बहिराणा पूजन साहब के पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने 40 दिन के कठिन उपवास भी शुरू हो गया। प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर (थाने के सामने) चालीहे का शुभारंभ मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ। सर्वप्रथम मंदिर समिति के अध्यक्ष माधू चांदवानी व महासचिव अशोक मोतियानी ने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर मालार्पण की। इसके बाद बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्जवलित की गई और धर्मप्रेम बंधुओं ने बहिराणा साहिब में अखा डाला व भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना की।

न्यू बी-10 स्थित चालीहा मंदिर में संस्थापक स्व. साबू रीझवानी की स्मृति में भजन कीर्तन हुए। इस अवसर पर महिला विंग की अध्यक्ष किरण वाधवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी पूजन किया। प्रसिद्ध लोक कलाकार परमानंद प्यासी ने भी भजन-कीर्तन पेश किया। श्रद्धालुओं ने उपवास शुरू किए। इसी परंपरा है कि लगातार 40 दिन तक उपवास रखने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



### कमल भगत के भजन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

इस अवसर पर कमल भगत द्वारा भजन, कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। भगवान झूलेलाल के भजनों पर धर्मप्रेमीबंधु खूब झूमे। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने समस्त सिंधी समाज को चालीहा साहिब की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व सिंधी समाज का पावन पर्व है। इस पर्व में चालीस दिन भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर चन्द्र कुमार शेवकरामानी, परसराम थावानी, मोना मोतियानी, भारती चांदवानी, सीमा रामनानी, घनश्याम लालवानी, कन्हैया नागदेव, हरीश मोटवानी, आशीष गोलानी सहित सैकड़ों धर्मप्रेमीबंधु उपस्थित थे।

## नप की दिखी लापरवाही, पानी की निकासी नहीं होने से उत्पन्न हुई समस्या

# औबेदुल्लागंज में जोरदार बारिश से गली-मोहल्लों और मंदिर परिसर में भरा पानी, श्रद्धालु नहीं कर पा रहे दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में हुई जोरदार बारिश के कारण हर गली-मोहल्लों में पानी भर गया है। नगर परिषद द्वारा पानी निकाली के लिए उचित नालियां नहीं बनाने से स्थानीय रहवासियों को काफी परेशनी हो रही है। सड़कों पर गंदा पानी भरने से आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं नाली का गंदा पानी मंदिर परिसर में भी भर गया है, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में परेशानी हो रही है, वे भगवान के दर्शन को नहीं पहुंच पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर में थोड़ी सी भी बारिश होने पर गलियां और सड़कों पर पानी भर जाता है, जो नपा की लापरवाही उजागर करता है। दरअसल पानी की निकासी के लिए नाली नहीं होने के कारण ये समस्या उत्पन्न होती है। वहीं कुछ जगहों की नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से सड़कों पर पानी भर जाता है। वार्ड 12 और 11 के हालत ज्यादा खराब हैं, जबकि अर्जुन नगर में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे रहते हैं। वहीं वार्ड 12 के पार्षद सुनील सेरिया, वार्ड 10 के पार्षद आमीर ममनून भी हैं, बावजूद इसके यहां विकास कार्य नहीं हुआ है। गली नंबर एक गुरुद्वारा रोड पर सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ है। अर्जुन नगर शिव मंदिर परिसर में चारो ओर एक से डेढ़ फीट पानी भरा हुआ है। मंदिर में अर्जुन नगर की सभी नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों को मंदिर आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है।



# मुनि निराकुल सागर की अगवानी कल, जैन समाज ने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के लिए समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य व आचार्य समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती मुनिश्री निराकुल सागर महाराज संसघ का गुरुवार सुबह 8 बजे नगर आगमन होगा। मुनि निराकुल सागर के साथ छुल्लक तत्वार्थ सागर भी शामिल है। मुनिसंघ की आहार चर्या भोजपुर ग्राम में संपन्न हुई। यहां से गाजे बाजे के साथ बुधवार को मंडीदीप के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर लाया जाएगा। मुनि संघ की आगवानी को लेकर जैन समाज में उत्साह देखा जा रहा है। आगवानी की तैयारियां की जा रही हैं। खासकर महिला मंडल, बालिका मंडल के द्वारा मुनिसंघ की भव्य आगवानी को लेकर तैयारियां की जा रही हैं, बल्कि सभी से ड्रेस कोड में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

# प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए छिंदवाड़ा में 4 जिलों के उद्यमियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए मप्र में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराई जा रही है। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए 20 जुलाई को जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को सफल बनाने के लिए मंगलवार को छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में हुई उद्योग संघों व उद्योगपतियों की बैठक में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचल में सरकार समान रूप से विकास करना चाहती है, जिसमें कृषि, रोजगार, व्यापार, पर्यटन आदि की दिशा में एक नए उपलब्धि को हासिल किया जा सके। इसमें कई सारी कठिनाइयां आती हैं, लेकिन सकारात्मक सोच से आगे बढ़कर उनका निराकरण करें। छोटे-बड़े, मंझौले सभी उद्यमी सरकार के साथ कदम-कदम से मिलाकर चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी।

**खास बातें**

- सीएम ने कहा- छोटे-मंझोले सभी उद्यमी कदम से कदम मिलाकर सरकार के साथ चलेंगे तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की उद्योग संघों व उद्योगपतियों से निवेश को प्रोत्साहित करने की अपील

### 5 साल में मप्र की जीडीपी को डबल करने का लक्ष्य



मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक इंदौर में इंडस्ट्री सम्मिट होती थी, लेकिन अब यह प्रदेश के अन्य भागों में भी होगी और वहां की औद्योगिक कठिनाइयों को दूर किया जाएगा। उन्होंने उद्योग संघों व उद्योगपतियों से कहा कि वे निवेश को प्रोत्साहित करें। इसके लिए उन्हें औद्योगिक नीति अनुसार सुविधा प्रदान की जाएगी। आने वाले 5 साल में प्रदेश की जीडीपी को डबल करने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए निवेश को प्रोत्साहित करना है।

### छोटे उद्यमियों के विजन का भी सम्मान करें: वीडी

सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि विकास आपके लिए और आपके द्वारा हो, इसलिए 20 जुलाई की तैयारियों को लेकर उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की गई है। प्रदेश के विकास में छोटे-छोटे उद्यमियों के विजन का भी सम्मान करें। उन्होंने औद्योगिक समस्याओं के निराकरण के लिए सिंगल विंडो सिस्टम अपनाने को कहा। क्षेत्रीय विकास के लिए जिले की संभावनाओं को पहचानने और उस दिशा में आगे बढ़ने के साथ नौजवानों को औद्योगिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

### लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी जिला कलेक्टरों से उद्योग और व्यापार संघों की कठिनाइयों को समझने तथा उसे दूर करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कहा, ताकि लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिले और उनकी बेहतरी के लिए सुझाव भी हो। उन्होंने दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हो रहे प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने जिले एवं संभाग में उद्योगों की संभावनाओं की दिशा में कारगर कार्य करने को निर्देशित किया।

### जो बेहतर हो सकता है, उस दिशा में निवेश में अनुकूलता लाना है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जो बेहतर हो सकता है, उस दिशा में निवेश में अनुकूलता लाना है। औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश में पर्याप्त लैंड बैंक है। बैठक में उन्होंने औद्योगिक निवेश में रोजगारमूलक गतिविधि और स्थानीय उत्पादों के प्र-संस्करण पर जोर दिया गया। उन्होंने उद्योगों के स्थापना में सब्सिडी का जिक्र करते हुए बॉयर- सेलर के बीच की कठिनाइयों को दूर कर उद्योग और व्यापार की दिशा में आगे बढ़ने को कहा। इन सब बातों में उन्होंने स्थानीयता को विशेष महत्व देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर कच्चे-माल को उपयोगी बनाए और रोजगार पाने वालों की संख्या बढ़ाएं।

### उद्योगपति वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए

उद्योग संघों की बैठक में छिन्दवाड़ा के उद्यमियों ने जहां प्रत्यक्ष रूप से बैठक में सहभागिता की। सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा के उद्योगपति वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए। विभिन्न उद्योगपतियों ने विकास के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। छिन्दवाड़ा के राकेश जुनेजा, बोरगांव के उद्योगपति रीतेश जैन, सुमेर सिंह, अजय सक्सेना ने विभिन्न सुझाव दिए। पांढुर्णा से उद्यमी आरएन द्रविड़, उद्योगपति सुभाष बुधराजा, जितेन्द्र पटेल ने औद्योगिक नीतियों को और अधिक फ्रेंडली बनाने संबंधी विचार व्यक्त किए। बालाघाट के उद्योगपति अतुल, हर्ष द्विवेदी, प्रत्यूष नेमा, अभिषेक जेठानी ने फूड प्रोसेसिंग और योगेन्द्र पाठक ने मैगनीज यूनिट स्थापित करने की दिशा में अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन ने औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की समस्या के निदान के साथ औद्योगिक नीति की जानकारी देते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र को प्रोत्साहन करने के लिए विशेष कार्ययोजना है।

**खबर संक्षेप**

### बिजली कंपनी की मानव संसाधन टीम सम्मानित

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री गौतम टेटवाल ने विश्व युवा कौशल दिवस पर आईटीआई गोविंदपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में आईटीआई के छात्रों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सम्मानित किया गया। उक्त योजाना के अल्प समय में सफल क्रियान्वयन के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मानव संसाधन विभाग की टीम एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रूपाली बैरागी को सम्मानित किया गया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मेहताब सिंह एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) केके रात्रे ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

### अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन

**भोपाल।** राज्य शासन ने मप्र के राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों के अधिसूचित इको सेंसेटिव जोन्स का जोनल मास्टर प्लान मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से बनाया जा रहा है। उक्त जोन मास्टर प्लान के गजट नोटिफिकेशन से पूर्व परीक्षण एवं स्पष्ट अनुशंसा के लिए अंतर्विभागीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव, वन विभाग होंगे। समिति में सदस्य के रूप में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और समिति के सदस्य सचिव के रूप में प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग होंगे। समिति के सदस्य सचिव अन्य सभी संबंधित विभागों से समान्वय स्थापित कर प्रति सप्ताह कार्य में हो रही प्रगति की स्थिति से अवगत कराएंगे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग भोपाल के अन्तर्गत चार इमली स्थित खेल मैदान 5 नम्बर स्टॉप स्थित जवाहर बाल उद्यान तथा चिनार पार्क में लगभग 200 पौधों का पौधरोपण किया गया। इस विशेष अभियान में मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग आरके मेहरा, मुख्य अभियंता भोपाल परिक्षेत्र, लोक निर्माण विभाग संजय मस्के व योगेन्द्र कुमार अधीक्षण यंत्री राजधानी मण्डल, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### यूजीसी नियमों की अनदेखी का विरोध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विज्ञापन ने उच्च शिक्षा जगत में एक विवाद खड़ा कर दिया है। इस विज्ञापन के माध्यम से नियुक्तियों में यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) के नियमों की स्पष्ट अनदेखी की गई है। यह आरोप प्रगतिशील सहायक प्राध्यापक कल्याण संघ, भोपाल द्वारा एक ज्ञापन के माध्यम से लगाया गया है।

## कहा, जन-सहभागिता को प्रोत्साहित कर सिंहस्थ के कार्यों को बढ़ाएं आगे

# उज्जैन के विकास कार्यों की प्राथमिकता तय कर उनका क्रियान्वयन करें सुनिश्चितः मुख्यमंत्री

### रोजगार के अधिकतम अवसरों के सृजन के लिए लघु-कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करें

### स्व-सहायता समूह को प्रदान किया एक करोड़ 47 लाख की ऋण राशि का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए संकल्प के साथ विकास का क्रम निरंतर जारी है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के ध्येय वाक्य को अंगीकार करते हुए हम सभी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंचाएं। जन सामान्य की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। जाति और निवास प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के आस्था गार्डन में आयोजित जन संवाद शिविर को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी एवं जिला प्रशासन को निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री की ओर से शिविर में उज्जैन आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाओं को एक करोड़ 47 लाख रुपए ऋण राशि का चेक प्रदान किया गया।

### प्रदेश का गौरव है बाबा महाकाल की सवारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए कार्यों को पूर्ण कराएं। एक जिला-एक उत्पाद के तहत उज्जैन में चयनित बुटिक प्रिंट के साथ हैंडलूम, पॉवरलूम, लघु, कुटीर और फुटकर उद्योगों को भी समान रूप से बढ़ावा मिले, जिससे रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों का सृजन हो सके। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भगवान की मूर्तियां, वस्त्र और पूजन सामग्री बनाने का काम भी आरंभ किया जाएगा। बाबा महाकाल की सवारी उज्जैन ही नहीं, पूरे प्रदेश का गौरव हैं। सवारी में जनजातीय जिले डिंडौरी, मंडला, बालाघाट आदि के नृत्य कलाकारों को भी शामिल किया जाए। बाबा महाकाल की सवारी में मंत्रीगण भी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री ने विद्यालयीन पत्रिका दुहिता का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा में पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाडा की पत्रिका 'दुहिता' का विमोचन किया। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार नेमा ने बताया कि विद्यालय अमरवाड़ा अपने अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, हरे-भरे परिसर एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। विद्यालयीन पत्रिका में छात्राओं की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ शीर्षक में विभिन्न रचनाएं संकलित हैं। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभिन्न विषयों पर रोचक लेख कविताएं एवं लघुकथाएं प्रकाशित की हैं। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं शैक्षणिक अधिकारियों सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, रेडक्रॉस तथा स्कॉउट गाइड की छात्राएं उपस्थित थी।

### सिंहस्थ के नोटिफाइड एरिया को चिन्हित कर विकास कार्यों को गति प्रदान करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ के नोटिफाइड एरिया को चिन्हित कर विकास कार्यों को गति प्रदान करें। उज्जैन नगर से महानगर की ओर अग्रसर हो रहा है। देश-विदेश में नगर की सकारात्मक छवि निर्मित करने की दिशा में सभी को समन्वित रूप से प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से सिंहस्थ के कार्यों को आगे बढ़ाएं। हरिद्वार की तर्ज पर उज्जैन का स्थाई रूप से विकास किया जाए। उन्होंने अतिक्रमण न होने देने और नीति संगत निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उज्जैन के देवस्थानों और घाटों का भी जीर्णोधार किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज में आईटी पार्क बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उज्जैन के लिए मेडिसिटी बड़ी सौगात है। उन्होंने मेडिसिटी के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष का अमरवाड़ा में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान हमने जो वादे किए थे, उनमें से कोई वादा अधूरा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यहां खेतों की हरियाली कम नहीं होने देंगे, हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। जिन लोगों को बांध का मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें मुआवजा देंगे।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अमरवाड़ा में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों की कोई योजना बंद नहीं होगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से उनकी बेहतरी के प्रयास करेंगे। जो युवा परीक्षाओं की कोचिंग करना चाहते हैं, उनकी फीस, रहने की व्यवस्था सरकार करेगी। जिन आदिवासी भाईयों के पास पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। सीएम आवास योजना की किश्ते जो लोग नहीं भर पाए हैं, उनकी किश्तें भी सरकार भरेगी। शर्मा ने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार छिंदवाड़ा और अमरवाड़ा के विकास के लिए संकल्पित है। चुनाव के समय भाजपा ने जो कहा, वह भाजपा सरकार कर रही है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अमरवाड़ा के हर गांव में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 25 करोड़ की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद शर्मा ने अमरवाड़ा में सकरवाड़ा चौराहे से होटल तुलसा तक रोड-शो कर अमरवाड़ा उपचुनाव में मिली भाजपा को जीत पर जनता का आभार व्यक्त किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने जनता का अभिवादन किया। रोड-शो में उमड़े जनसैलाब ने सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर पुष्प-वर्षा करते हुए रोड-शो का स्वागत किया।

## महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की बैठक आयोजित

# अलका लांबा बोली- महिलाओं को संगठन में मिलेगी तवज्जो



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संगठन में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जो संगठन में अच्छा काम करने वाली महिलाएं हैं चाहें वह बूथ, मंडल, सेक्टर स्तर की या ब्लाक अथवा जिले की उन्हें संगठन में तवज्जो मिलेगी।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की बैठक में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए और अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए ब्लाक, जिला स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। केंद्र सरकार ने जो महिला आरक्षण पास किया गया है, उसे लागू कराने महिला कांग्रेस 29 जुलाई को संसद भवन का घेराव करेगी।

### महिलाओं को संगठन में दिया जाएगा पूरा सम्मान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पंचायत स्तर तक कराएं, महिलाओं को संगठन में पूरा सम्मान दिया जाएगा, जो महिलाएं संगठन में काम करना चाहिती है, उन्हें और मजबूत बनाएं, उनका सहयोग करें। महिला कांग्रेस की प्रदेश कांग्रेस विभा पटेल ने प्रदेश में महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताते हुए कहा कि महिला कांग्रेस समय-समय पर आंदोलन करती है।

### लांबा पर भड़की सिंगरौली की पूर्व जिपं अध्यक्ष

बैठक में सिंगरौली की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शर्मा अलका लांबा पर भड़क गईं। वो बैठक में अपेक्षित पदाधिकारियों की लिस्ट में नाम न होने से नाराज थीं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम लिस्ट में हैं, उनमें से मात्र 15-20 महिलाएं ही आई हैं, तो हम क्या जूता खाने आए हैं, जवाब में लांबा ने कहा कि आप जूता खाने लायक हैं। मधु शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष रही हूं। हम अर्जुन सिंह के जमाने से कांग्रेस में काम कर रहे हैं और सीनियर नेताओं में शामिल हैं।

### 100 करोड़ से अधिक लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा

**भोपाल।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में बैठक लेकर मप्र में 100 करोड़ से अधिक लागत वाली सभी निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित रहे। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में किए जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी दी। बैठक में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मप्र में 18 हजार करोड़ रुपए की लागत के 28 प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने 4 हजार करोड़ रुपए के 10 प्रोजेक्ट्स की प्रगति की भी समीक्षा की।

# नर्सिंग घोटाले में विश्वास के खिलाफ केस दर्ज कराने पटवारी, सिंघार पहुंचे थाने तो महिला मंच ने की कटारे और सिंघार को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मंगलवार को नर्सिंग घोटाला मामले में मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने टीटी नगर थाने पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस के नेताओं ने सारंग पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। जिस वक्त दोनों नेता थाने के अंदर एफआईआर के लिए शिकायती आवेदन दे रहे थे, उसी समय कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को नर्सिंग घोटाले को लेकर पर्याप्त सबूत दिए हैं। तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने ही नियम बदले हैं। हम आगामी दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



### महिला उत्थान व सशक्तिकरण मंच ने सिंघार, कटारे के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**महिलाओं ने गिरफ्तार करो, गिरफ्तार करो के नारे लगाए**

मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ जब कांग्रेस नेता थाने पहुंचे तो उसी समय महिला उत्थान व सशक्तिकरण मंच की महिलाएं भी पहुंच गई। उन्होंने टीटी नगर थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर उमंग सिंघार और हेमन्त कटारे को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोनों नेता महिलाओं के प्रति अच्छी भावनाएं नहीं रखते हैं। दोनों के खिलाफ दुष्कर्म के मामले दर्ज हो चुके हैं। कटारे के खिलाफ दुष्कर्म और अपहरण का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। ज्ञापन में कहा गया है कि सिंघार के खिलाफ इंदौर की एक महिला ने दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी व अन्य धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। महिलाओं ने गिरफ्तार करो, गिरफ्तार करो के नारे लगाए। मंच की करीब 100 से ज्यादा महिलाएं थाना पहुंची और उन्होने नारेबाजी की।



## डॉ. यादव ने अमरवाड़ा में 127 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

# रोजगार के अवसर बढ़ाने स्थापित की जाएगी उद्योगों की श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रोजगार के अवसर बढाऩे के लिए महाकौशल सहित पूरे प्रदेश में उद्योगों की श्रृंखला स्थापित की जाएगी। इससे युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो लाख भर्तियां करने की तैयारी कर रही है।

विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए रहने, खाने एवं कोचिंग की फीस भी देने की व्यवस्था की जाएगी। ज़िला प्रशासन ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार करें। उनके सपनों को साकार करने में सरकार मदद करेगी। कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए।

### कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित 127 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं किसानों के हितों की रक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की है। जनता से किए वादे पूरे करने की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री ने छिन्दवाड़ा जिले को प्रदेश का मोर-मुकुट बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र को प्रकृति ने खूब संवारा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा की नैसर्गिक सुंदरता मन मोह लेती है। आज आभार रैली में लोगों का जनसैलाब देखकर लगता है कि होली एवं दीपावली का त्यौहार मन रहा है।

### विभिन्न योजनाएं यथावत संचालित होती रहेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार की ओर से संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाएं यथावत संचालित होती रहेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए नवीन योजनाएं लाई जाएगी। इन सबके लिए प्रदेश सरकार का बजट अब पूर्व के बजट से 20 प्रतिशत से अधिक रखने का लक्ष्य है। इनमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। आने वाले 5 वर्षों में बजट दोगुना किया जाएगा। किसान सम्मान निधि के लाभ से छूटे किसानों को किश्त देनें, जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य भी सरकार की ओर से किया जा रहा है। अन्नदाता किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलें, हर किसान के खेत तक पानी पहुंचे इसके लिए बांध बनाने की योजना भी शुरू हो चुकी है।

## पेज एक का शेष...

### सांची दूध के दाम...

दूध (गोल्ड) 500 एम 33 रुपए, फूल क्रीम दूध (गोल्ड) 1 लीटर 65 रुपए, स्टेंडर्ड दूध शक्ति 500 एमएल 30 रुपए, टोंड दूध (ताजा) 500 एमएल 27 रुपए,डब्ल टोंड दूध (स्मार्ट) 500 एमएल 25 रुपए, चाह दूध 1 लीटर 58 रुपए में और चाय स्पेशल दूध 1 लीटर 53 रुपए में मिलेगा।

### दो दिन बाद तेज होगी...

तो पश्चिमी मध्य प्रदेश में 7 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज हुई है, जो कुल मिलाकर औसत से 4 प्रतिशत कम रही है। प्रदेश में अब कुल 269.5 मिमी बारिश हुई है, जबकि 281.3 मिमी बारिश होना थी। भोपाल में एक जून से अब 470.8 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 144.5 मिमी अधिक है।

**बारिश के बाद पारा तेजी से गिरा:** राजधानी में सुबह से बादल, धूप और तेज उमस का माहौल रहा। दिन का पारा एक डिग्री बढ़कर 33.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3 डिग्री अधिक है। दोपहर बाद 3 बजे से घने बादल छाने के बाद तेज गरज चमक के साथ बारिश होने के बाद पारा तेजी से गिरा। तीन बजे से पहले पारा 30 डिग्री से अधिक था, जो बारिश के बाद शाम 5 बजे 25 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया।

**आज यहां तेज बारिश का अलर्ट:** बुधवार तक बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, धार जिलों में कुछ जगह तेज बारिश के साथ ही राजगढ़, कटनी जिलों में मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बैतूल, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, मंदसौर, नीमच, डिंडोरी जिलों के अलावा शाजापुर, छिंदवाड़ा, दमोह जिलों में भी औसत से सामान्य बारिश की उम्मीद है। भोपाल में भी गरज चमक की स्थिति बनी रहेगी।

### सीएम ने जताया दुख...

कहा बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं घायल बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम सभी शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। पीड़ित तीनों परिवारों को 15-15 हजार रुपए की राशि अंत्येष्टी सहायता के रूप में एवं चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### 45 दिन में 7वां...

शुरू हुआ। सेना, पुलिस, सीआरपीएफ के जवान दहशतगर्दों की तलाश में चप्पा-चप्पा खंगालते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान सोमवार शाम साढ़े सात बजे के करीब आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई। इसके बाद अतिरिक्त बल को भी मौके पर बुलाया गया। रात में एक बार फिर आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। मानसून के सीजन में ये इलाका धुंध से घिरा रहता है। इस चुनौती के साथ बहादुर सेना के जवान आतंकियों से लोहा लेते रहे। साथ ही आतंकी ऊंची जगह पर छिपे हुए थे और सेना के जवान नीचे से ऊपर की ओर बढ़ते हुए दहशतगर्दों का मुकाबला कर रहे थे। जांबांज सैनिक पूरी बहादुरी के साथ आतंकियों की गोलियों का मुंहतोड़ जवाब दे रहे थे। इसी बीच सेना के कैप्टन बृजेश थापा, जवान नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और अजय सिंह और एक जम्मू कश्मीर पुलिस का जवान घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकी घने जंगल में भाग निकले।

**सख्ती के चलते जम्मू पर फोकस:** पिछले कुछ दिनों से एक बड़ा ग्रुप है, जो राजौरी पुंछ, कठुआ और डोडा के अलग-अलग क्षेत्रों में ऑपरेट कर रहा है। गांव वाले लगातार आतंकियों की जानकारी सेना को दे रहे हैं। दरअसल, अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर कश्मीर में सेना ने सुरक्षा काफी कड़ी कर रखी है। ऐसे में वहां आतंकियों को मौका मिल पाना बेहद मुश्किल है। ऐसे में आतंकियों ने जम्मू को टारगेट करना शुरू किया है। जम्मू में काफी भीड़-भाड़ रहती है, ऐसे में आतंकियों की पहचान करने में मुश्किल आती है।

**45 दिन में 7 आतंकी घटनाएं:**

- 9 जून- रियासी में बस आतंकी हमला, 10 नागरिक मारे गए,50 घायल
- 11 जून- कठुआ में हमला, 1 सीआरपीएफ जवान बलिदान, दो पाकिस्तानी आतंकी ढेर
- 12 जून- डोडा के गंडोह में आतंकियों के साथ मुठभेड़, पुलिस कर्मी घायल
- 26 जून- डोडा के गंडोह में मुठभेड़, 3 आतंकियों का खात्मा
- 8 जुलाई- कठुआ के बदनोता में आतंकी हमला, 5 जवान शहीद, 5 घायल
- 9 जुलाई - डोडा के भद्रवाह में मुठभेड़, भाग निकले आतंकी
- 15 जुलाई- डोडा के देसा में मुठभेड़, एक कैप्टन सहित 5 जवान शहीद

### सैनिकों की मौत का...

भारतीय सेना के जवानों की मौत से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राष्ट्र मजबूती से उनके साथ खड़ा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। लगातार हो रहे ये आतंकी हमले जम्मू-कश्मीर की जर्जर स्थिति बयान कर रहे हैं।

### पीएम मोदी अध्यक्ष...

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी, एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, पंचायती राज मंत्री लल्लन सिंह, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू, आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओराम, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राव इंद्रजीत सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। बता दें कि पिछली बार पदेन सदस्यों में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर थे। इस बार कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री के साथ पदेन सदस्य बनाया गया है। विशेष आमंत्रित में पिछली बार पीयूष गोयल और अश्विनी वैष्णव भी थे, लेकिन इस बार इन दोनों को शामिल नहीं किया गया है। उनकी जगह सहयोगी दलों के सभी वरिष्ठ मंत्रियों को जगह दी गई है। यह मोदी 3.0 में सहयोगी दलों के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

### पीसीसी चीफ जीतू...

है। इसके अलावा सरकार द्वारा जासूसी भी कराई जा रही है। इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने सायबर सेल के एडीजी योगेश देशमुख से मुलाकार कर शिकायती आवेदन पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पटवारी के मोबाइल पर कंपनी एपल की ओर से जासूसी का मैसेज आया है। इसके बाद हम शिकायत दर्ज कराने आए। कंपनी की ओर से पटवारी को भेजे गए ईमेल में फोन टैपिंग की जानकारी भेजते हुए अलर्ट भेजा गया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को 3 दिन पहले एप्पल की ओर से ईमेल आया था।

**एडीजी ने कहा सायबर ने शुरू की जांच:** एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जयदीप प्रसाद ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मोबाइल हैक होने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें उल्लेख है कि एप्पल कंपनी से उन्हें ईमेल प्राप्त हुआ है कि उनके मोबाइल पर टारगेटेड स्पायवेयर अटैक किया गया है। शिकायत पर सायबर सेल थाने ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मुकेश साहनी के पिता ...

है। फूल देने पहुंचे आदमी के आवाज देने पर भी गेट ना खुलने पर और लोग आ गए तो पीछे के रास्ते जाने पर हत्या का पता लगा। इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है जांच के लिए दरभंगा ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है।

निर्मम हत्या के बाद पुलिस को मिले तीन गिलास और तीन बाइक ने मर्डर मिस्ट्री को उलझा दिया है। गिलास और बाइक मिलने से शक है कि हत्याकांड में कम से कम दो-तीन लोग शामिल रहे होंगे। गिलास में क्या पिया गया, पुलिस इसकी जांच करवा रही है। आशंका है कि परिचित रहे लोग हत्या के बाद घर अंदर से बंद करके पीछे के रास्ते से भागे। घर अंदर से बंद होने के कारण चोरी या लूट के दौरान हत्या होना भी जांच का एक एंगल है लेकिन जिस बर्बर तरीके से मारा गया है, उससे लगता है कि हत्यारा गुस्से में था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एडीजी जेएस गंगवार ने कहा है कि जल्द ही मर्डर केस का पर्दाफास हो जाएगा।

### नीट मामले में ...

इंजीनियर है और झारखंड के बोकारो का रहने वाला है। इसी ने हजारीबाग से ट्रंक से पेपर चोरी किया था और आगे बांटा था, जबकि पेपर आगे बांटने में की मदद राजू सिंह नाम के शख्स ने की थी। पंकज पेपर चोरी करने में मास्टरमाइंड है। बता दें कि सीबीआई द्वारा नीट मामले में अब तक की सबसे बड़ी गिरफ्तारियां हैं। सीबीआई ने एक ट्रंक का वीडियो भी शेयर किया है। बताया गया कि ये वही ट्रंक है जिनमें नीट पेपर हजारीबाग आए थे। इन्हीं ट्रंक से पंकज उर्फ आदित्य ने पेपर चुराकर आगे भेजे थे। सीबीआई के मुताबिक, पेपर को हजारीबाग से ट्रंक से चोरी करके आगे डिस्ट्रीब्यूट करने वाला मास्टरमाइंड है पंकज उर्फ आदित्य है, इसकी गिरफ्तारी पटना से और इसके साथी राजू ने पेपर डिस्ट्रीब्यूट किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इन दो गिरफ्तारियों के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा में लीक, नकल और अन्य अनियमितताओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या अब 14 हो गई है।

### मप्र में झोलाछाप डॉक्टरों...

सकता है। ऐसे कई प्रकरण उजागर हुए हैं। जिसमें झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा गलत औषधियों के उपयोग करने से रोगियों की मृत्यु हुई है। पत्र में कहा गया है कि चूंकि जिले में निजी क्लीनिक्स और निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा किया जाता है इसलिए गैरकानूनी तरीके से चिकित्सा कर रहे अपात्र व्यक्तियों पर कार्यवाही भी सीएमएचओ करें और हर महीने की जाने वाली कार्यवाही से शासन को अवगत कराएं।

### पारदी महिलाओं ने...

जोरदार हंगामा किया। आक्रोशित कई महिलाओं ने अफसरों के सामने ही अपने कपड़े भी उतार दिए। किसी तरह उन्हें समझाकर वापस भेजा गया। कलेक्टर डॉ. सतेंद्र सिंह ने उन्हें सही जांच और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में आधा सैकड़ा से अधिक पारदी महिलाएं पहुंची थीं। अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाए। पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी में महिलाओं की चूड़ियां टूट गईं। एक महिला के सिर से खून निकलने लगा। कैंट थाने के टीआई दिलीप राजौरिया को भी खरोंचें आईं। कलेक्टर ने कुछ महिलाओं को दोबारा बुलाकर उनकी बात सुनी। इसके बाद हंगामा शांत हो सका। मृतक की रविवार को शादी होनी थी, वह सज संवर कर हाथों में मेंहदी लगाकर शेरवानी पहनकर बारात लेकर दुल्हन को वयाहने निकल ही रहा था तभी पुलिस ने दबिश देकर उसे और उसके चाचा को उठा लिया। रविवार देर रात परिजनों को उसकी मौत की खबर लगी। जिसके बाद बड़ी संख्या में परिवार की महिलाएं सहित होने वाली दुल्हन जिला अस्पताल पहुंची। यहां महिलाओं ने पुलिस पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। यहीं नहीं होने वाली दुल्हन ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की थी। एसडीओपी भी झुलस गए थे। एक अन्य महिला पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाने का प्रयास करने लगी थी जिसे टीआई ने कंधे का सहारा देकर कर उतारा था। हंगामे को देखते हुए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों ने इस पूरे मामले को काबू किया। बताया गया है कि मृतक और उसके चाचा पर बहुत से गंभीर मामले दर्ज हैं।

### छिंदवाड़ा कांग्रेस का ...

मंगलवार को जनता का आभार जताने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा पहुंचे थे। उन्होंने विधानसभा की जनता को दिल से धन्यवाद देते हुए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत हमारी, फसल हमारी, छिंदवाड़ा के लोग मेहनत करते और साफा बांधने कोई और आ जाते थे। अपनी जीत का सर्टिफिकेट लिया और फुर्र से चिड़िया उड़ जाती थी। छिंदवाड़ा में एक ही खानदान का राज चलता रहा। पर चुनाव के समर में जो-जो वादे अपनी सरकार ने किए थे। हमने कहा था आप मदद करिए। भाजपा को जिताइए और भाजपा के माध्यम से सरकार यहां के सभी युवाओं के अरमानों को पूरा करेगी। महिलाओं, किसानों और गरीबों के हितों की सारी रक्षा करने की गारंटी लेगी। यह हमने आश्वासन दिया था। हमने जो कहा था, कोई कोर कसर नहीं रहने दी जाएगी।

**संगठन शक्ति और कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली विजय:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मैंने लोकसभा चुनाव के समय ही कहा था कि छिंदवाड़ा अगर किसी का गढ़ है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं के हितग्राहियों का गढ़ है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से ऐतिहासिक विजय मिली है। अमरवाड़ा उपचुनाव में भी कार्यकर्ताओं ने हर बूथ पर चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के गरीब कल्याण के कार्यों से उपचुनाव में भाजपा को विजय मिली है। उपचुनाव में मिली विजय अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के जनता की भाजपा के प्रति विश्वास की जीत है।

**पश्चिम मध्य रेल**

ई.निविदा सूचना सिविल इंजीनियरिंग(निर्माण) संख्या– उप. मु. इंजी. (नि) कोटा–05–2024 दिनांक–12.07.2024

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप.मुख्य इंजीनियर (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्नलिखित कार्यो। के लिए ई.निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्याः उप. मु. इंजी.(नि) कोटा–05–2024, कार्य का विवरणः पश्चिम मध्य रेलवे में कोटा मंडल के मध्य प्रदेश राज्य में रामगंजमंडी – भोपाल नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में कि.मी. 101.23 से कि.मी. 145.00 के मध्य हाईट गेज (Height gauge), एप्रोच रोड, कैच वॉटर ड्रेन, पानी पाइप लाइन क्रॉसिंग और अन्य सहायक विविध कार्यों का निष्पादन आदि का कार्य करना।, निविदा खुलने की तारीखः 05.08.2024, अनुमानित लागत (रूपये में): 16,37,18,028.78(दो पैकेट सिस्टम)। पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा मुख्य परियोजना प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, कोटा के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा खोलने की तारीख से पहले नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें और निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान दें। ऑफर सिर्फ ई.निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ई. निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

उप.मुख्य इंजीनियर(निर्माण), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

NATIONAL CONSORTIUM FOR Ph.D IN NURSING
By
INDIAN NURSING COUNCIL
In collaboration with
RAJIV GANDHI UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES, BENGALURU

Applications are invited from candidates who are interested to enroll themselves for part time Ph.D. in Nursing. Prospectus, application form can be downloaded from www.indiannursingcouncil.org. Duly filled in application form may be submitted on or before (22nd August, 2024, 4:00 pm) to the Nodal Centre, Bengaluru.

Sd/-
President
Indian Nursing Council

CBC 17111/12/0001/2425

रिद्धि इंक्लेव
950/- Sq.Feet
आज ही अपना प्लॉट बुक करें
We Know The Importance Of Every Square Feet In Your Life
बुकिंग राशी 21000/-
बुकिंग ओपन
हमारा पताः रिद्धि इंक्लेव लीलावती अस्पताल के पास भोपाल इंदौर बायपास मेन रोड के पास लाम्बाखेड़ा
A Project Sales By: Sanwariya Property
9425418713,82694 30053
B-18/07/2024

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान)
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
ऑन लाईन प्रक्रिया से मुक्त सीधे प्रवेश
DIRECT ADMISSION
U.G. COURSE: B.A. I B.C.A. I B.B.A. I B.P.E.S. I B.Sc. B.Lib. I B.Com (Plain / Computer/Hon's)
P.G. COURSE: M.A. I M.Sc. I M.Com. I P.G.D.Y.S. P.G.D.C.A. I B.Ed.
पता : डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल
Mob.: 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288, 7828186626
E-mail : principal@gandhiprcollege.com; Visit us at : gandhiprcollege.com

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667.
R- 08,To,25/07/24 Not 11,12/07/24

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544
R- 28,to23/07/24 not 30/06/24

**नाम परिवर्तन**

मैं संजय कुमार पाटीदार पुत्र श्री अम्बाराम पाटीदार, निवासी-म.न. 24, नवीन दुर्गा नगर, शिवाजी नगर भोपाल म.प्र. (462016) का निवासी हूँ, मेरे पुत्र का नाम शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में दक्ष पाटीदार है। व अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम दिव्यांश कुमार पाटीदार है। मेरे पुत्र का नाम दक्ष पाटीदार से सही कर भविष्य में उसका नाम दिव्यांश कुमार पाटीदार के नाम से जाना पहचाना जायेगा।

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू

**CHANGE OF NAME**

I Army No.17005273L Rank-HMT Name Deepak Singh Resident at Village Belha Post Tamra (Bansi) Tehsil Huzur District Rewa State Madhya Pradesh Pin Code 486001 have Changed my Mother Name from SUNITA DEVI to SUNITA SINGH in my all documents Vide affidavit No. BF 509583 dated 15/07/2024 at Bhopal MP Court.

**CHANGE OF NAME**

I Nitesh Kumar is Son of Army No.15682293K Rank-Hav Name Prem Shankar Yadav Resident at Village & Post Ram Pur Chit Tehsil Ballia District Ballia State Uttar Pradesh Pin Code 277502 have Changed my name from NITESH KUMAR to NITESH YADAV and change my DOB 12/08/2002 to 12/08/2003 in my all documents Vide affidavit No.BF 509574 dated 15/07/2024 at Bhopal MP Court

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-15/05 to 30/06/24 not on 04/06

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

बढ़ी हुई फास्टिंग, पोस्ट मील शुगर और HbA1c को ना समझें डायबिटीज
Appropri-ate® DIET THERAPY CENTRE The Diet Solution...™
सही जानकारी के लिए सम्पर्क करें 8359000058

## राशिफल

- **मेष:** नकारात्मकता का प्रभाव भी रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। मन परेशान हो सकता है।
- **वृष:** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बातचीत में संयत रहें।
- **मिथुन:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। परिवार में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में सुखद परिणाम मिलेंगे।
- **कर्क:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह:** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में रुचि भी बढ़ेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।
- **कन्या:** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, परन्तु भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।
- **तुला:** धार्मिक कार्यों पर खर्च भी बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।
- **वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी बढ़ोतरी हो सकती है। शैक्षिक कार्यों में सम्मान मिलेगा।
- **धनु:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्चों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अध्ययन में रुचि रहेगी।
- **मकर:** सेहत का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।
- **कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।
- **मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5574

**बाएँ से दाएँ**

1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 5573 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | ल | म | ल | | | र | ह | न | |
| चा | य | | हा | | जा | सू | स | | शा | म |
| दु | | | रा | श | न | | म | | | न |
| का | र | गु | जा | री | | का | | दु | का | न |
| र | | ना | | फ | न | का | र | | फि | |
| | चा | ह | | | | | | भ | ला | |
| | ह | | अ | च | क | न | | वं | | अ |
| क | त | रा | | र्म | | क | म | र | बं | द |
| म | | | ब | | ला | ल | च | | | र |
| र | न | | ल | की | र | | ल | | आ | क |
| | म | ज | मा | | | अ | ना | या | स | |

## सूडोकु नवताल - 5585

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5584 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### पीटीसी इंडस्ट्रीज ने दी फंड बढ़ाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** क्रिटिकल एप्लिकेशन्स के लिए सटीक मेटल कंपोनेंट्स के लीडिंग इंडियन मैन्युफैक्चरर, पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने योग्य संस्थान प्लेसमेंट के माध्यम से कंपनी के सदस्यों के अनुमोदन और आवश्यकतानुसार अन्य रेगुलेटरी,स्टेट्यूटरी अप्रूवल सहित आवश्यक अनुमोदन के अधीन 700 करोड़ रुपए तक की धनराशि जुटाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने इस मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को अपनी लखनऊ फैसिलिटी में स्थापित किया है।

### रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी 30 को लांच करेगा

**नई दिल्ली।** रियलमी 30 जुलाई 2024 को भारत में रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी लांच कर रहा है इस स्मार्टफोन में मोनेट से प्रेरित सुंदर डिजाईन है और यह रियलमी की ओर से पहला एआई प्रोफेशनल कैमरा फोन होगा। बहुप्रतीक्षित रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी के डिज़ाईन के लिए रियलमी ने म्यूज़ियम ऑफ फाईन आर्ट्स, बोस्टन के साथ गठबंधन किया है। इस सीरीज़ में रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी शामिल हैं। यह मोनेट से प्रेरित अद्वितीय सुंदरता का प्रदर्शन करती है।

### एनबीएफसी को सरकार से सहायता मिले : कुबिक

**नई दिल्ली।** होम क्रेडिट इंडिया मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ऑन्ड्रेज कुबिक ने कहा कि उद्योग के दृष्टिकोण से यह उम्मीदें कि एनबीएफ़सी के लिए तरलता-संवर्धन के उपायों को बढ़ाने की दिशा में जरूरी और उपयुक्त कदम उठाने के लिए सरकार की ओर से सहायता मिलेगी। मुद्रास्फीति की स्थितियों और भू-राजनीतिक संघर्षों के कारण बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच, समझदारी भरी फिस्कल नीतियों के साथ अच्छी तरह से संतुलित एक बजट, देश की विकास गति को बनाए रखने के लिए जरूरी है।

### नेक्स्टकेम के टेक्निमांट में हुआ अनुबंध

**मुंबई।** टेक्निमॉन्ट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से नेक्स्टकेम के साथ मिलकर भारत में स्थापित किए जाने वाले एक हरित अमोनिया प्लांट के लिए सेम्बकॉर्प ग्रीन हाइड्रोजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंजीनियरिंग डिजाइन युक्त अध्ययन अनुबंध प्रदान किया गया है। यह अध्ययन नेक्स्टकेम के डिजिटल टूल आर्किटेक्चर ऑफ हाइड्रोजन सिस्टम का लाभ उठायेगा, ताकि अक्षय ऊर्जा के उपयोग की रुकावट की समस्या को दूर किया जा सके, जिसके परिणामस्वरूप प्लांट के जीवनचक्र की पूंजीगत और परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी।

## सेंसरयुक्त मशीनों से वाहनों की फिटनेस जांच पर बोले ट्रांसपोर्टर

# वाहन फिटनेस के नाम पर भ्रष्टाचार की खिचड़ी न पके, सरकार इस पर ध्यान दें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग द्वारा शुरू किए सेंसर युक्त मशीनों से वाहनों की फिटनेस कार्य पहले दिन फिसड्डी रहा है। वाहनों की फिटनेस सेंसरयुक्त मशीनों से होने पर राजधानी सहित प्रदेशभर के ट्रांसपोर्टरों की संस्था भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत और ट्रक आपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहा कि ऑटोमेटिक सेंटर चालू होना वैसे तो अच्छा है। अनफिट वाहन जो भ्रष्टाचार के चलते फिट होने का सर्टीफिकेट प्राप्त कर लेते थे उस पर कुछ हद तक अंकुश लगेगा। इसके अलावा रोड पर एक्सीडेंट होते थे, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते थे अब शायद बंद होगा ऐसी उम्मीद है अगर प्रायवेट लोग भ्रष्टाचार नहीं करेंगे तो, सरकार ने जिस प्रायवेट कंपनी को सेंसर युक्त मशीनों से वाहनों की फिटनेस का कार्य सौंपा है अगर कंपनी और कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी भ्रष्टाचार की खिचड़ी पकना शुरू की तो फिर भगवान ही मालिक है।



### प्रमुख शहरों में खुलेंगे 11 स्वचलित फिटनेस केंद्र

| वाहन श्रेणी- | मौजूदा- | एटीएस |
|---|---|---|
| दोपहिया- | 200 | 400 |
| हल्का वाहन- | 400 | 600 |
| मध्यम/भारी- | 600 | 1000 |

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने मध्यप्रदेश में स्वचलित फिटनेस सेंटर खोलने लिए सितंबर 2021 में जारी अधिसूचना के प्रथम चरण में प्रदेशभर में 11 स्वचलित फिटनेस केंद्र खोले जा रहे हैं।

## फिटनेस का कार्य प्राइवेट कंपनी को देना कहीं से भी उचित नहीं





ठाकुरलाल राजपूत ने कहा कि वाहनों के फिटनेस का कार्य प्राइवेट कंपनी को देना कहीं से भी उचित नहीं था ,क्योंकि करोड़ों रुपए टैक्स लेने वाला आरटीओ डिपार्टमेंट यह फिटनेस मशीन, अपने खर्चे से भी लगा सकता था। निश्चित ही वाहन चालक इस प्रक्रिया से तकलीफ आएंगे। धीरे से फिटनेस चार्ज भी बढ़ा दिया जाएगा। पुरानी गाड़ियों में माइनर मिस्टेक जो रिपेयर हो सकती है, उसे भी मशीन फेल कर देगी और भ्रष्टाचार बढ़ेगा। यह सब स्थिति कुछ समय बाद आवाम के समक्ष खुद ब खुद आ जाएगी। अतः सेंसर युक्त मशीनों से वाहनों की फिटनेस कार्य पर सरकार को ध्यान देना होगा। समय समय पर निगरानी करें। अगर ऐसा हुआ तो मशीनों के द्वारा चेक कर सर्टिफिकेट देना, मैन्युअल फिटनेस और मशीन द्वारा दी गई फिटनेस की कार्यशैली सामने आने के बाद पारदर्शिता सामने भी आएगी।

### फिटनेस कार्य पर शासन प्रशासन कड़ी निगरानी रखे

ट्रांसपोर्टर युवराज सिंह के अनुसार सेंसर युक्त मशीनों से वाहनों की फिटनेस कार्य होना विभाग द्वारा शुरू की गई अच्छी पहल है। लेकिन प्रायवेट कंपनियों द्वारा किए जाने वाले फिटनेस कार्य पर शासन-प्रशासन कड़ी निगरानी रखे। क्योंकि प्राइवेट संस्था वाहन फिटनेस के नाम पर लूट-खसोट शुरू कर दी, तो कार्यपद्धति में कोई तब्दीली नहीं होगी। युवराज सिंह ने कहा कि संस्था अपनी मनमानी न कर सके और आरटीओ कार्यालय से अटैच कर देना चाहिए ताकी गाड़ी की फिटनेस सही माप दंड प्रक्रिया से हो। उल्लेखनीय है कि अभी तक आरटीओ कार्यालय में फिटनेस सेंटर में फिटनेस होती है और वाहन की किसी तरह की जांच नहीं की जाती, बस फोटो खींचकर फिटनेस सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया जाता है। इसमें भी एजेंट सक्रिय रहते हैं जो शुल्क के अलावा अतिरिक्त राशि लेकर कार्य कराते हैं। अब ऑटोमेटिक मशीनों से फिटनेस की जांच होगी और वाहन की हकीकत में कमी भी दूर हो सकेगी।



## कारोबारियों और उद्यमियों को बजट में टैक्स से राहत की उम्मीद

# बजट में टैक्स डिडक्शन लिमिट बढ़ाएं कैपिटल गेन टैक्स सिस्टम में सुधार हो




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई 2024 को लोकसभा में पूर्ण बजट पेश करेंगी। सरकार से इस पूर्ण बजट में टैक्स से राहत देने की मांग की जा रही है। उद्योग जगत के लोग स्टैंडर्ड टैक्स डिडक्शन की लिमिट को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए करने की मांग कर रहे हैं। कारोबारियों और उद्यमियों को उम्मीद जताई है कि पेश होने वाले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन 1 लाख रुपए, होम लोन पर दिए जाने वाले ब्याज पर टैक्स डिडक्शन लिमिट बढ़ाने और कैपिटल गेन टैक्स सिस्टम में सुधार किया जा सकता है।

### अधिक खर्च करने योग्य इनकम कंज्यूमर्स के हाथ में देने के लिए उम्मीद



मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के अनुसार लोग महंगाई से त्रस्त हैं। बढ़ती महंगाई और चीजों की कीमतों के मद्देनजर स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किए जाने की उम्मीद है। उन्होनें कहा कि अधिक खर्च करने योग्य इनकम कंज्यूमर्स के हाथ में देने के लिए उम्मीद है कि नई टैक्स सिस्टम के तहत बेसिक टैक्स एक्जम्पशन लिमिट 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया जाना चाहिए।

### रेग्यूलेटरी सुधारों की वजह से रियल एस्टेट पर बढ़ रहा दबाव



डेवलपर्स विकास शर्मा ने कहा कि हाल के दिनों में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गई है। रेगुलेटरी सुधारों की वजह से रियल एस्टेट सेक्टर पर दबाव बढ़ रहा है। इन चुनौतियों को कम करने और होम बायर्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार नई टैक्स सिस्टम के तहत खुद के कब्जे वाले होम लोन पर ब्याज के लिए कटौती की अनुमति दे। ओल्ड टैक्स सिस्टम में कटौती को बढ़ाकर कम से कम तीन लाख रुपए करने पर विचार किया जा सकता है।

### इनकम टैक्स का बोझ कम करने की अपील



टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य और वरिष्ठ करसलाहकार राजेश जैन ने सरकार से पूर्ण बजट में आम नागरिकों पर इनकम टैक्स का बोझ कम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार को इनकम टैक्स डिडक्शन लिमिट को बढ़ाकर 5 लाख रुपए करना चाहिए।



## टैरिफ महंगा हुआ पर दिक्कतें बरकरार

# दस में से 9 मोबाइल यूजर्स कॉल ड्रॉप से हैं परेशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस महीने बीएसएनएल को छोड़ सभी टेलीकॉम कंपनियों ने मोबाइल टैरिफ 10-25 फीसदी तक बढ़ा दिए। इसके बावजूद देश में करीब 89 फीसदी मोबाइल फोन यूजर्स कनेक्टिविटी के साथ कॉल ड्रॉप की समस्या से जूझ रहे हैं यानी 10 में से 9 लोग कॉल ड्रॉप की समस्या झेलते हैं। लोकल सर्कल्स के सर्वे में यह खुलासा हुआ। ट्राई ने भी माना कि टेक्नोलॉजी में उन्नति के बावजूद मोबाइल कनेक्टिविटी बेहतर नहीं हो पाई है।

### ऑल इंडिया लेवल पर सर्वे किया

लोकल सर्कल्स का कहना है कि पिछले 12 महीनों से मोबाइल यूजर्स की शिकायतें सामने आ रही थीं। उसने पिछले तीन महीनों (मार्च से जून) में मोबाइल नेटवर्क के बारे में लोगों का अनुभव जानने के लिए ऑल इंडिया लेवल पर सर्वे किया। इसमें कई खुलासे हुए। सर्वे में देश के 362 जिलों के लोगों को शामिल किया गया। इनमें 64 फीसदी पुरुष, जबकि 36 फीसदी महिलाएं थीं। सर्वे के मुताबिक 38 फीसदी यूजर्स लगातार कॉल ड्रॉप की समस्या से जूझ रहे थे, जबकि 17 फीसदी यूजर्स आधे से ज्यादा कॉल्स के दौरान कॉल ड्रॉप से परेशान हुए। सर्वे में शामिल सिर्फ सात फीसदी यूजर्स ने कहा कि उन्हें कॉल ड्रॉप की समस्या नहीं हुई, जबकि चार फीसदी लोग स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। कॉल ड्रॉप की समस्या के कारण 91 फीसदी लोगों को कई बार नॉर्मल कॉल के बजाय वाई-फाई या डेटा कॉल करना पड़ा। इनमें 14 फीसदी लोग ऐसे थे, जिन्होंने आधे से ज्यादा बार इंटरनेट कॉलिंग की। डेटा कॉल का मतलब वॉट्सऐप, फेसबुक, स्काइप जैसे ऐप के जरिए कॉलिंग है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक कॉल ड्रॉप की समस्या के कारण पिछले दो साल में ऐप्स के जरिए वाई-फाई कॉल करने वालों की संख्या बढ़ी है।



एशिया के सबसे बड़े शो बीटीएस के 27वें संस्करण की घोषणा

# मुख्यमंत्री ने आईटी, सेमीकंडक्टर के 200 से अधिक सीईओ के साथ की चर्चा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी और आरडीपीआर मंत्री प्रियांक खड़गे ने बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी शो, बेंगलुरु टेक समिट (बीटीएस) 2024 के 27वें संस्करण की घोषणा की। मशहूर बेंगलुरु पैलेस में 19 से 21 नवंबर तक आयोजित होने वाला यह सम्मेलन एक बार फिर से बेंगलुरु को दुनिया भर में हो रहे तकनीकी नवाचार व सहयोग के क्षेत्र में सबसे आगे रखने में मददगार होगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भारत के अग्रणी आईटी, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स, एवीजीसी, बायोटेक और स्टार्टअप संगठनों के 200 से अधिक सीईओ के साथ विचार-विमर्श किया। इस बैठक में कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी और आरडीपीआर मंत्री प्रियांक खड़गे, कर्नाटक सरकार में स्टार्टअप्स पर विजन ग्रुप्स के चेयरमैन प्रशांत प्रकाश और कर्नाटक सरकार में ई,आईटी,बीटी औऱ एसएंडडी विभाग के सचिव और आईएएस डॉ. एकरूप कौर मौजूद रहे।

# आईटीआर दस्तावेज में फर्जी रेंट रसीद को पकड़ेगा आयकर विभाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख नजदीक आ रही है। टैक्स बचत करने के लिए कई लोग सही तरीके का इस्तेमाल करते हुए आईटीआर फॉर्म के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा कराते हैं। कुछ लोग गलत रास्ता अख्तियार करते हुए फर्जी रेंट रसीद या अन्य फर्जी दस्तावेज जमा करा देते हैं। आयकरदाताओं की ओर से आईटीआर दाखिल करने में किसी भी गड़बड़ी को आयकर विभाग बड़ी आसानी से पकड़ेगा। बड़ी हेराफेरी करने पर जुर्माना भी ठोक देता है। आयकर विभाग भी दूसरे विभागों और संस्थानों की तरह किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की छानबीन करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रहा है। एआई के माध्यम से आयकर विभाग फर्जी रेंट रसीद को पहचान ले रहा है। इसके लिए आयकर विभाग फॉर्म-16 का एआईएस फॉर्म और फॉर्म-26एएस के साथ मिलान करता है। इन फॉर्म में दर्शाए गए ब्योरे में अंतर दिखाई देता है, तब आयकर विभाग संबंधित आयकरदाता को ईमेल के जरिए नोटिस भेजकर तार्किक करता है। आयकर विभाग ने आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2024 निर्धारित की है। इसके बाद आईटीआर दाखिल करने पर आयकरदाताओं को प्रत्येक दिन के हिसाब से लेटफाइन का भुगतान करना होगा। आईटीआर फाइल करने के बाद उसके वेरिफिकेशन के लिए आयकर विभाग टैक्सपेयर्स को 30 दिन का समय देता है। इस 30 दिन का समय आईटीआर दाखिल करने की डेट से शुरू होता है।

### आईटीआर में फर्जीवाड़ा पकड़ने के लिए आयकर विभाग सचेत

आईटीआर में होने वाले फर्जीवाड़े पर शिकंजा कसने के लिए आयकर विभाग ने पुख्ता इंतजाम कर लिया है। कोई भी आयकरदाता गलत तरीकों का इस्तेमाल करते हुए फर्जी दस्तावेज जमा कराएगा, तो आयकर विभाग उसकी झट से पहचान कर लेगा। हाल ही में आयकर विभाग ने एक ऐसा ही फर्जीवाड़ा पकड़ा है। खासकर, उसकी पैनी नजर फर्जी रेंट रसीद जमा कराने वालों पर टिकी है। इसके लिए उसने पूरी तैयारी कर ली है।

सत्यमेव जयते
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**"डॉ अम्बेडकर प्रतिष्ठान (डीएएफ) चेयर" तथा "डॉ अम्बेडकर चेयर को डीएएफ द्वारा प्रदान की गई सहायता का आकलन करने के लिए" मूल्यांकन अध्ययन हेतु**

**ई-निविदा आमंत्रण नोटिस संबंधी सूचना ज्ञापन**

**डॉ. अम्बेडकर पीठ स्कीम:**
भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बाबासाहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर संबंधी शताब्दी समारोह समिति ने डॉ. अम्बेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रमों एवं कार्यकलापों को चलाने तथा देश–विदेशों में सामाजिक न्याय के उनके संदेश को फैलाने के लिए डॉ अम्बेडकर प्रतिष्ठान की स्थापना करने का निर्णय लिया। भारत सरकार द्वारा डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान की स्थापना सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत सोसायटी के रूप में 24 मार्च, 1992 को कल्याण मंत्रालय (वर्तमान में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) के तत्वावधान के अंतर्गत की गई थी।
वर्ष 1992 में, शिक्षा संबंधी एक उप–समिति की डॉ. बी. आर. अम्बेडकर शताब्दी समारोह समिति की स्थापना की गई थी जिसने विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थाओं में "डॉ. अम्बेडकर चेयर" की विषय–वार स्थापना करने हेतु एक स्कीम की सिफारिश की थी।

**स्कीम का उद्देश्य**
- विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थाओं में डॉ. अम्बेडकर चेयर की स्थापना संबंधी स्कीम भारत के इस महान सपूत के लिए सच्ची श्रृद्धांजलि है तथा बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की वर्तमान प्रासंगिकता का अध्ययन करने के लिए यथोचित है जिसमें निम्नलिखित उद्देश्य शामिल हैं:–
- प्रमुख विश्वविद्यालयों तथा शैक्षिक संस्थाओं में शिक्षा के उन्नत केन्द्र उपलब्ध करवाना जिनमें शिक्षाविद, विद्वान तथा छात्र उन्नत अध्ययनों की शिक्षा प्राप्त करेंगे तथा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के विचारों तथा भावनाओं को समझने, मूल्यांकन, प्रचार–प्रसार तथा कार्यान्वयन के लिए शोध कार्य करेंगे।
- शोध कार्य करना तथा अध्ययन के इस विचार में, विशेषकर अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, धार्मिक अध्ययन, दर्शन, संवैधानिक अध्ययन, शिक्षा, मानविकीशास्त्र, समाजशास्त्र, सामाजिक कार्य, विधि, मानव संसाधन संबंधी संकायों तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यथोचित समझी गई अन्य शाखाओं में ज्ञान को आगे बढाने में योगदान करना।
- भारतीय समाज के लाभवंचित वर्गों को न्याय उपलब्ध कराने तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए वर्तमान तथा प्राचीन ज्ञान के क्षेत्र में प्रगति शोध तथा शिक्षा उपलब्ध कराना। संबंधित शाखाओं में शोध तथा शिक्षा के विशिष्ट क्षेत्रों का डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान तथा संबंधित विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ संयुक्त रूप से किए जाने वाले समझौता ज्ञापन में उल्लेख किया जाएगा।
- समाज के लाभवंचित/दलित समूह अथवा पिछड़ा वर्ग अथवा कमजोर श्रेणी के सामाजिक–आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन तथा जैविक पहलुओं के संबंध शोध एवं उच्च अध्ययन का आयोजन करना।
- यूजीसी–सीएआरई सूची से पियर समीक्षागत सूची की पत्रिकाओं के ज्ञान संपन्न स्तंभ सामग्री तथा विख्यात राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों द्वारा एक सुदृढ़ पियर समीक्षागत नीति वाली प्रकाशित पुस्तकों से संबंधित शोध कार्यों के परिणाम को प्रकाशित करना।
- डॉ. अम्बेडकर के न्याय तथा सशक्तिकरण संबंधी विचारों को व्यवहारिक स्तर पर उतारने तथा भारतीय जनसंख्या के लाभवंचित वर्गों के उत्थान हेतु नीति दस्तावेज हेतु समुचित कार्यपद्धतियों का विकास करना।

**तारीख एवं समय सारिणी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी:**

| क्र.सं. | विवरण | तारीख तथा समय |
|---|---|---|
| 1 | ईओआई का प्रकाशन | 26.06.2024 को 1000 बजे तक |
| 2 | प्री–बिड बैठक | 08.07.2024 को 1000 बजे तक |
| 3 | ईओआई भेजे जाने की शुरूआत की तारीख और समय | 26.06.2024 को 1000 बजे तक |
| 4 | ईओआई भेजे जाने की अंतिम तारीख और समय | 26.07.2024 को 1700 बजे तक |

अधिक जानकारी और रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए, कृपया https://ambedkarfoundation.nic.in/ और https://gem.gov.in/ को देखें।
CBC 38101/11/0003/2425


## बिजनेस न्यूज

### एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित हुआ सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम




**भोपाल।** एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल में स्त्री एवं प्रसूति तंत्र विभाग के द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता लाने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नीता गुप्ता, उपस्थित थी। वहीं कार्यक्रम के प्रायोजक सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की विभा पांडव उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. सपन जैन, डायरेक्टर डॉ. विशाल शिवहरे व उप-प्राचार्य डॉ. वर्षा वंजारी उपस्थिति थी। देव स्तुति व अतिथि स्वागत के पश्चात डॉ. नीता गुप्ता व टीम के द्वारा सेमीनार का शुभारंभ किया गया। डॉ. नीता गुप्ता ने सर्वाइकल कैंसर के प्रारंभ, बचाव रोकथाम, व निदान के लिए जांच के बारे में बताते हुये सर्वाइकल कैंसर के विषयों में चिकित्सा की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन आज सभी चिकित्सालयों में उपलब्ध है। यदि 9 से 14 वर्ष की आयु में इस वैक्सीन को लिया जाये तो, दो डोज लेना होगा। व यदि 16 से 46 वर्ष की आयु में इस वैक्सीन को लगवाते है तो तीन डोज लेना होगा। इस अवधि में यदि गर्भ आंरभ करना चाहते है तो वैक्सीन लेने के बाद 6 माह का अंतराल आवश्यक है व यह वैक्सीन गर्भावस्था के दौरान नहीं लेना है। कार्यक्रम का सफलता में स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग की विभागध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. चित्रा कलां पटेल व डॉ. निशिगंधा कुबड़े एवं मेडिकल ऑफिसर अनु सरण का महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ ही महाविद्यालयीन अध्यापकों का भी विशेष योगदान रहा।

### आईईएस पब्लिक स्कूल में इंफोस्पार्क का आयोजन



**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल में इंफोस्पार्क 2024 का आयोजन आईईएस कैंपस में किया गया। इंफोस्पार्क में भोपाल के लीडिंग सीबीएसई स्कूल के लगभग 350 से आधिक छात्रों ने हिस्सा लिया एवं अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता का शुभारंभ तरुण पिथोड़े आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, मुख्य अतिथि, यशवंत चिवंडे उप महानिदेशक आकाशवाणी, भोपाल विशिष्ट अतिथि एवं प्रोफ (डॉ.) सुनीता सिंह, चेयरपर्सन, आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर द्वारा किया गया। तदुपरान्त आईईएस के छात्रो द्वारा मनमोहक एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इन्फोस्पार्क 2024 में तरुण पिथोड़े आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छात्रो से रूबरू हुये एवं प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित इन्फोस्पार्क 2के24 में छात्रों के लिए कई टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमे रोबोरेस, आयडियाथॉन, पोस्टर मेकिंग, क्विजबेनियार्ड, मिक्सक्लिप, सीनेमैटिक, एनिमेटेड वीडियो गेम, ईको डिज़ाइन आदि प्रतियोगिताएं सम्मिलित थी। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने जौहर दिखाए। वहीं प्रतियोगिता से समानपन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमे आईईएस स्कूल सहित डीपीएस, एसपीएस, बिल्लाबोंग, पोदार इंटर नेशनल, ओलंपस हाई, आनंद विहार, बाल भवन आदि में ओवरऑल चैम्पियन की ट्रॉफी बिल्लाबोंग स्कूल के नाम रही। प्रो.मनीषा कवाथेकर, ग्रुप डाइरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल ने उपस्थित सभी आतिथि एवं भोपाल स्कूल से आए स्टाफ का आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब मानसून धमाका जमा योजना का शुभारंभ किया

**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) भारत का एक अग्रणी बैंक ने बॉब मानसून धमाका जमा योजना के शुभारंभ की घोषणा की, जो उच्च ब्याज दरों की पेशकश करने वाला एक विशेष सावधि जमा उत्पाद है । बॉब मानसून धमाका जमा योजना दो अवधि में उपलब्ध हैं । 399 दिन जिसमें प्रतिवर्ष 7.25 फीसदी ब्याज दर एवं 333 दिनों के लिए प्रतिवर्ष 7.15 फीसदी ब्याज दर प्रदान किया जाता है । यह योजना जुलाई 15, 2024 से आरंभ हो रही है एवं रु. 3 करोड़ से कम के रिटेल जमा पर लागू होगा । वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज दर प्राप्त होगी - 399 दिनों के लिए प्रतिवर्ष 7.75 फीसदी एवं 333 दिनों के लिए प्रतिवर्ष 7.65फीसदी, इसके साथ ही नॉन-कॉलेबल जमा पर 0.15 फीसदी अतिरिक्त ब्याज बॉब मानसून धमाका जमा योजना के अंतर्गत 399 दिनों के लिए प्रतिवर्ष अधिकतम 7.90 फीसदी ब्याज दर की पेशकश करती है। जिसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिवर्ष अतिरिक्त 0.50 फीसदी एवं नॉन कॉलेबल जमा पर 0.15 फीसदी ब्याज शामिल है।

### एवीजी लॉजिस्टिक्स को 60 करोड रु. का यूपीएसआरटीसी टेंडर मिला

**नई दिल्ली।** प्रमुख मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्रदाता, एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (यूपीएसआरटीसी) द्वारा एक्सप्रेस पार्सल सेवाओं के लिए अधिकृत पार्टनर के तौर पर टेंडर प्राप्त किया। यह महत्वपूर्ण सफलता एक्सप्रेस पार्सल डिलीवरी क्षेत्र में एवीजी के उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और एक्सप्रेस पार्सल डिलीवरी क्षेत्र में उसकी बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। एवीजी का उद्देश्य यूपीएसआरटीसी के साथ भागीदारी और ग्राहक केंद्रित अप्रोच के मार्फत अपने सक्षम डिलीवरी नेटवर्क के साथ इनका निराकरण करना है। इस राज्य में एवीजी की सेवाओं का लॉन्च गुड्स का सहज और त्वरित आवागमन सुनिश्चित करते हुए एक्सप्रेस पार्सल डिलीवरी की प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने के साथ राज्य के आर्थिक ग्रोथ में भी योगदान देगा।

### मास्टरकार्ड सेंटर और हकदर्शक में साझेदारी

**नई दिल्ली।** हकदर्शक एम्पावरमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (हक़दर्शक) और मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ (सीएफआईजी) ने 1,000 हक़दर्शक महिला एजेंटों की वित्तीय मजबूती में सुधार करने के लिए उनकी साझेदारी की घोषणा की है, जो 500,000 सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) और कृषि-उद्यमियों की वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने वाली सेवाओं की आखिरी छोर तक डिलीवरी प्रदान करेंगी। यह पहल मास्टरकार्ड के स्ट्राइव इन इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है और इसे पाँच राज्यों, अर्थात मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में लागू किया जाएगा। इस साझेदारी के अंतर्गत, हक़दर्शक अपने 1,000 सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली महिला एजेंटों को उद्यमियों में बदलने के लिए एक नई विशेषज्ञ बिक्री प्रशिक्षण पद्धति को विकसित, परीक्षण और स्केल करेगा। हक़दर्शक प्लेटफ़ॉर्म पर नई सेवाएं शुरू करने के लिए इस क्षेत्र की दूसरी संस्थाओं के साथ साझेदारी भी विकसित करेंगे। इन सेवाओं में ऋण, बाजार संपर्क और सरकारी कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं।

### फायर टीवी स्टिक और एलेक्सा स्मार्ट होम कॉम्बो पर 55 फीसदी की छूट

**मुंबई।** अमेजन इंडिया 20 और 21 जुलाई 2024 को अपने बहुप्रतीक्षित प्राइम-डे के साथ वापस आ रही है। प्राइम ग्राहकों के पास एलेक्सा के साथ अपने स्मार्ट होम की यात्रा शुरू करने के लिए कई विकल्प हैं। एलेक्सा से रोजमर्रा के काम को आसान बनाने की सुविधा तथा आसानी होती है और ग्राहकों का घर को बेहतर बनता है। प्राइम डे 2024 पर एलेक्सा इनेबल्ड इको स्मार्ट स्पीकर्स, फायर टीवी स्टिक और स्मार्ट मॉड्यूल तथा बल्ब सहित एलेक्सा स्मार्ट होम कम्पार्टमेंट पर 55 फीसदी तक की छूट दी जाएगी।



### सोने -चांदी की कीमतों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दामों में तेजी लौटती हुई दिखाई दे रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पॉजिटिव सेंटीमेंट के बीच भारतीय बाजारों में भी सोने की चमक बढ़ी है। सोना एमसीएक्स पर गोल्ड 0.23 फीसदी की तेजी के साथ 73,640 रुपए प्रति 10 ग्राम चल रहा था। कल ये 73,471 पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी 0.13फीसदी चढ़कर 92,690 रुपए प्रति किलोग्राम पर चल रही थी। कल ये 92,572 पर बंद हुई थी।

**भूखण्ड क्रमांक 86 बी, आम सूचना / जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मनराज मीना पुत्र श्री गोपीचंद मीना द्वारा आवासीय भूखण्ड क्रमांक 86 बी, जो मूल भूखण्ड क.86 का अर्द्ध पश्चिम भाग, कुल क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर में से 81 वर्गमीटर जो भूमि खसरा क्रमांक-344, 357, 358 एवं 359 का अंश भाग होकर, कामधेनु गृह निर्माण द्वारा विकसित कॉलोनी 'गायत्री विहार' ग्राम-बागमुगालिया, वार्ड क्रं.-55, तहसील-कोलार (पुरानी-हुजुर), जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी पूर्व में -शेष भाग भूखण्ड क्र.86 का, पश्चिम में-भूखण्ड क्र. 127 का, उत्तर में रोड़, दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 85, को वर्तमान सम्पत्ति स्वामीयों श्रीमती सलमा मंसूर जाफरी पत्नी स्व.श्री मंसूर हुसैन जाफरी एवं श्री अहमद मंसूर जाफरी आत्मज स्व.श्री मंसूर हुसैन जाफरी से एचडीएफसी बैंक से वित्तिय सहायता प्राप्त कर क्रय कर रहे है, जो वर्तमान सम्पत्ति स्वामियों को उनके पति व पिता मंसूर हुसैन जाफरी के स्वर्गवास उपरांत फौती नामांतरण प्रकरण क्रमांक 4397/अ-6/2023-24 आदेश दिनांक 06/06/2024 के माध्यम से प्राप्त हुई है। अतः जिस किसी भी वारिसों, व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसों को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी,हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि है तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकारों द्वारा उपरोक्त संपत्ति कय करने के उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी ।

भवदीय अनुज जैन (अधिवक्ता)
चेम्बर नं 138, उत्तमचन्द्र ईशरानी लायर्स चेम्बर जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, जिला भोपाल (एम.पी.) 462011
मोबाइल: 09691386301

**भूखण्ड क्रमांक 86 ए, आम सूचना / जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री नरेन्द्र कुमार मीना आत्मज श्री राम प्रकाश मीना द्वारा आवासीय भूखण्ड क्रमांक 86ए, जो मूल भूखण्ड क्र.86 का अर्द्ध पूर्वी भाग, के कुल क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर में से 81 वर्गमीटर जो भूमि खसरा क्रमांक-344, 357, 358 एवं 359 का अंश भाग होकर, कामधेनु गृह निर्माण द्वारा विकसित कॉलोनी 'गायत्री विहार' ग्राम-बागमुगालिया, वार्ड क्र.-55, तहसील-कोलार (पुरानी हुजुर), जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी पूर्व में-रोड, पश्चिम में- शेष भाग भूखण्ड क्र.86 का, उत्तर में - रोड़, दक्षिण में - भूखण्ड क्रमांक 85, को वर्तमान सम्पत्ति स्वामीयों श्रीमती सलमा मंसूर जाफरी पत्नी स्व.श्री मंसूर हुसैन जाफरी एवं श्री अहमद मंसूर जाफरी आत्मज स्व.श्री मंसूर हुसैन जाफरी से एचडीएफसी बैंक से वित्तिय सहायता प्राप्त कर क्रय कर रहे है, जो वर्तमान सम्पत्ति स्वामियों को उनके पति व पिता मंसूर हुसैन जाफरी के स्वर्गवास उपरांत फौती नामांतरण प्रकरण क्रमांक 4357/अ-6/2023-24 आदेश दिनांक 06/06/2024 के माध्यम से प्राप्त हुई है। अतः जिस किसी भी वारिसों, व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसों को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी,हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि है तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकारों द्वारा उपरोक्त संपत्ति कय करने के उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी ।

भवदीय अनुज जैन (अधिवक्ता)
चेम्बर नं 138, उत्तमचन्द्र ईशरानी लायर्स चेम्बर जिला न्यायालय के पीछे, अरेरा हिल्स, जिला भोपाल (एम.पी.) 462011
मोबाइल: 09691386301

**ज़ाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री राजेश अग्रवाल पुत्र श्री सागरमल जी अग्रवाल आयु व्यस्क का निवासी 48 रविशंकर शुक्ला मार्केट 5 नंबर बस स्टॉप भोपाल के स्वत्य स्वामित्व व आधिपत्य की व्यवसायिक जो की (पुराना खसरा क्रमांक 293, 293/2. एवं कम्प्युराइड नया खसरा क्रमांक 292/2,एवं 293/5, का अंश भाग होकर ग्राम बावडियाकलां मुख्य मार्ग से अंदर वार्ड क्रमांक 52 तहसील कोलार जिला भोपाल मध्य प्रदेश में स्थित है जिसमें भूमि का कुल रकबा 0.1500, हेक्टेयर अर्थात 1500 वर्गमीटर अर्थात 16146 वर्गफिट क्षेत्रफल जिसका भूखंड क्रमांक बी/2 है में से 2000, वर्गफीट अर्थात 185.80 वर्गमीटर भूखंड का पूर्व में दिनांक-10.07.2024 को विक्रय अनुबंध का पंजीयन ई-पंजीयन के माध्यम से रजिस्ट्रार्ड कराया जा चुका है जिसे सुविधा की दृष्टि से भूखंड क्रमांक बी/2ए. नाम दिया गया है वक्त भूमि की भूमि पुस्तिका क्रमांक 11096625917 है जिसकी चौहदी निम्ननुसार है दिशा पूर्व में -भूमि जिसका क्रमांक बी-1, दिशा पश्चिम में- विक्रेता की भूमि बि/2, दिशा उत्तर में -प्रस्तावित रोड एवं रेलवे लाइन, दिशा दक्षिण में-विक्रय की बि/2 की शेष भूमि। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा कराये गये उक्त रजिस्ट्रार्ड विक्रय अनुबंध के समय ही बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है एवं अब उक्त रजिस्ट्रार्ड विक्रय अनुबंध के परिपालन में उक्त संपत्ति के संबंध में विकय पत्र का पंजीयन करवाया जा रहा है अतः उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउँसिंग फायनेंस, वित्तीय संस्थान फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, हिया, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वे व्यक्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेगा ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय निधि दुबे, (अधिवक्ता)
451, लॉयर चेम्बर, अरेरा हिल्स, जिला न्यायालय के पास, भोपाल
मोबा. 9926453584

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई हो

भारत कश्मीर में आतंकवाद फिर से फन उठा रहा है। घाटी में लगातार आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। अब जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन समेत सेना के चार जवान शहीद हो गए। अभी आठ जुलाई को ही कठुआ में पांच सैन्यकर्मी शहीद हुए थे और पांच जवान घायल हो गए थे। कश्मीर में आतंकवाद की घटनाएं तब बढ़ रही हैं, जब सुरक्षा बल दहशतगर्दी के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे हैं। यह चिंता की बात है। हमारे जवान आतंकियों के निशाना बन रहे हैं, स्थिति उलट होनी चाहिए थी। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत नब्बे के दशक से लड़ रहा है, इसलिए करीब चार दशक में भारतीय सुरक्षा बलों के पास इस क्षेत्र के भूगोल की चप्पे-चप्पे की जानकारी है, इसके बाद भी अगर हमारे सैनिक आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो रहे हैं, तो ऑपरेशन के स्वरूप की समीक्षा होनी चाहिए और उसमें जरूरत के हिसाब से बदलाव होना चाहिए। मुठभेड़ अंजाम देने से पहले, रेकी की जानी चाहिए, भूगोल की जानकारी जुटानी चाहिए, ड्रोन व लेजर बम जैसी तकनीक का इस्तेमाल होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हमारे सुरक्षा बल इन सभी पहलुओं पर गौर नहीं करते होंगे, बल्कि वे धरातल पर हैं तो अच्छे से चीजों को देखते होंगे, इसके बाद भी जवानों के शहीद हो जाने पर दुख होता है, और लगता है कि ऑपरेशन के अमल में कहीं न कहीं खामी रह गई होगी। इस साल जनवरी से अब तक कई आतंकी घटनाएं जम्मू-कश्मीर में हुई हैं। 15 और 8 जुलाई के अलावा 7 जुलाई को राजौरी जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आतंकवादी हमले में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया। जून में 26 जून को डोडा जिले में गोलीबारी में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए, 12 जून को डोडा जिले में ही आतंकवादी हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, 11/12 जून को कठुआ जिले में मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादी मारे गए और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के एक जवान की मौत हो गई। डोडा जिले में आतंकवादी हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए। 9 जून को रियासी जिले में एक बस पर आतंकवादी हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए व 42 घायल हो गए। मई में 4 मई को पुंछ जिले में आतंकवादी हमले में एक वायुसेना कर्मी की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अप्रैल में 28 अप्रैलको उधमपुर जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा प्रहरी की मौत हो गई, 22 अप्रैल को राजौरी जिले में आतंकवादियों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2023 में भी चार बड़े आतंकी हमले हुए थे। वर्ष 2023 में 43 आतंकी घटनाएं कश्मीर से अलग जम्मू में हुईं। जम्मू क्षेत्र में आतंकी घटनाओं में पिछले 32 महीनों में 48 जवान शहीद हो चुके हैं और 23 आम नागरिक भी आतंकियों की गोली का निशाना बने हैं। सरकार व सुरक्षा बलों को पता है कि कश्मीर में आतंकवाद के पीछे किसका हाथ है। खुद आतंकी घटनाएं झेलने के बावजूद पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद को शह देने से बाज नहीं आ रहा। सरकार ने सुरक्षा बलों को आतंकवाद से निपटने के लिए खुली छूट जरूर दी है, लेकिन घटनाएं थम नहीं रही हैं, ऐसे में सरकार को आतंकवाद के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन करना चाहिए, जिसमें पीओके के आतंकी ठिकाने भी निशाने पर हों। कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करना जरूरी है, इसके लिए आर-पार की लड़ाई चाहिए। केवल सरकार के बयानों से बात नहीं बनेगी।



दरकार
अवधेश कुमार

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा संभावना कम है, क्योंकि वातावरण विषाक्त बन चुका है। यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

# राजनीति में प्रतिस्पर्धी मानें, दुश्मन नहीं

तेरह जुलाई का दिन अमेरिका ही नहीं विश्व इतिहास के लिए भयावह और सबक लेने वाले दिन के रूप में दर्ज हो गया है। अमेरिका जैसे पुराने लोकतांत्रिक देश में रिपब्लिकन राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर सार्वजनिक सभा में गोली चलाकर हत्या का प्रयास अचंभित करने वाली घटना है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप चुनावी रैली कर रहे थे। अचानक गोली आई और ट्रंप के कान को छूते हुए निकल गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ट्रंप रैली के दौरान भाषण दे रहे थे। उसी बीच गोलियां चलने लगती हैं। ट्रंप कहते हैं- ओह और अपना कान छूते हैं और उनका हाथ लहूलुहान दिखता है। वह तुंरत नीचे झुक जाते हैं, लेकिन गोलियां चलती रहती है। वे कुछ ही क्षण में फिर खड़े होते हैं, दोनों हाथों की मुट्ठियां भींचकर ऊपर उठाते हैं और लोग उनके पक्ष में नारे लगाते हैं । हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि 'उन्हें ऐसा लगा कि गोली उनके कान के आर-पार हो गई है।'

हालांकि अमेरिकी इतिहास में इसके पूर्व दो बार राष्ट्रपति उम्मीदवारों पर हमले के रिकॉर्ड हैं। 1912 में राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए चुनावी अभियान में लगे थे तब मिल्वौकी में एक भाषण के लिए जाते समय एक सैलून संचालक ने उन्हें गोली मार दी थी। वे बच गए थे। गोलीबारी के बावजूद उन्होंने भाषण दिया। 1972 में अलबामा के गवर्नर जॉर्ज वालेस को तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार के दौरान वाशिंगटन डीसी के बाहर गोली मार दी गई थी। हमले के कारण उनकी कमर से नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था, लेकिन वर्तमान हमले के कारण परिस्थितियों और इसके पीछे की विचारधारा अलग है। जांचकर्ताओं का कहना है कि ट्रंप की हत्या की कोशिश की गई थी। साफ है कि ट्रंप बाल-बाल बचे हैं। इसे संयोग ही कहिए अन्यथा गोली अगर कान को छूकर निकलने की बजाय अंदर चली गई होती तो आज ट्रंप की जीवनलीला समाप्त हो चुकी होती। बताया गया है कि दोनों हमलावर सुरक्षाकर्मियों के गोली का शिकार हो चुके हैं। अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो और अन्य एजेंसियां मिलकर जांच कर रही हैं और हत्या के प्रयास के कारणों का पता आने वाले समय में चलेगा। जांच रिपोर्ट जो भी कहे आम अमेरिकी और इस समय अमेरिका सहित विश्वभर में राजनीति, एक्टिविज्म और नैरेटिव की प्रवृत्तियों पर दृष्टि रखने वाले समझ सकते हैं कि इसके कारण क्या होंगे। ट्रंप पर हमले की सूचना आते ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इसकी निंदा करते हुए अमेरिकी समाज में हिंसा के लिए कोई स्थान न होने का बयान दिया तथा अपील की कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार करना चाहिए। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी टेलीविजन प्रसारण में इसकी निंदा करते हुए यही कहा। समाचार के अनुसार बाइडेन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत भी की, किंतु सच यह भी है कि डेमोक्रेटिक सहित अमेरिका के बुद्धिजीवियों, मीडिया, एक्टिविस्ट, यहां तक कि प्रशासन के एक बहुत बड़े वर्ग ने ट्रंप और उनकी विचारधारा के सामान्य विरोध की जगह उसके प्रति जिस ढंग से घृणा पैदा की है उसका असर अमेरिकी समाज पर है। ट्रंप को डेमोनाइज करते हुए उन्हें हिटलर से लेकर न




जाने क्या-क्या उपाधि दी गई है। उन्हें लोकतंत्र ही नहीं, अमेरिकी समाज और एकता अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बता दिया गया है। अमेरिका में ऐसे निहित स्वार्थी समुदाय हैं जिनके अंदर यह भाव गहरा हुआ है कि अगर ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने तो उनके लिए समस्याएं पैदा होंगी। बड़ी संख्या में गैर अमीर क्यों और अवैध और अप्रवासियों को लगता है कि उन्हें देश से जाना पड़ सकता है। संयोग देखिए की ट्रंप पर गोली उस समय चली जब वह एक चार्ट पढ़ते हुए बता रहे थे कि अमेरिकी सीमा पार करने वाले अवैध प्रवासियों की संख्या कितनी है। ट्रंप एवं उनके समर्थकों ने अमेरिका में अवैध रूप से आने और रहने को एक बड़ा मुद्दा बनाया है। यह अनायास नहीं है कि ट्रंप को किसी तरह राष्ट्रपति की दौर से बाहर करने के हर प्रयास अमेरिका में हो रहे हैं। चूंकि अभी तक इसमें सफलता नहीं मिली है इसलिए संभव है कुछ व्यक्तियों या समूहों ने उन्हें रास्ते से ही हटा देने का निर्णय किया हो, इसलिए यह हमला अंतिम नहीं हो सकता। अगर भारत की ओर लौटें तो प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे हिंदुत्व विचारधारा को मानने वाले संगठनों को लेकर ऐसे ही वातावरण बनाने की कोशिश हुई है। ज्यादातर गैर भाजपायी राजनीतिक दलों के नेताओं, मीडिया के एक वर्ग, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट, थिंक टैंक आदि भारत में भी उनके प्रति ऐसी ही घृणा और विरोध पैदा कर रहे हैं। इन संगठनों को फासिस्ट, अल्पसंख्यक विरोधी, हिंसक, भारतीय समाज की एकता का दुश्मन और न जाने क्या-क्या कहा गया है। एक बड़े वर्ग के अंदर यह भावना पैदा कर दी गई है कि अगर आपको स्वयं, देश को बचाना है तो इन सबको हर स्तर पर पराजित करना होगा। हम सोशल मीडिया से लेकर टीवी डिबेटों पर उनके विरोधियों की भाषा देख सकते हैं। पूरे देश के एक बड़े वर्ग के अंदर घृणा का भाव पैदा हुआ है। इस समय विश्वभर में इस तरह की प्रवृत्ति उभरी है। पूर्व में क्रांति कर सत्ता बदलने के विचार-व्यवहार वाले कम्युनिस्टों की जगह एक ऐसे नव वाममार्गी विचारधारा पूरी दुनिया में दिख रही है जो राष्ट्रवाद पर गर्व करने वाले संगठनों को लेकर घृणा-विरोध नैरेटिव और अन्य संसाधनों से पैदा कर रहा है। भारत और अमेरिका दो देश इस समय इन मामलों में सबसे आगे हैं। इन दोनों देशों के अंदर समाज में तनाव और गुस्सा धीरे-धीरे बढ़ाया गया है। यह अजीब किस्म का नया वामवाद या कम्युनिज्म है जिसकी अपनी विचारधारा स्पष्ट नहीं लेकिन ये उसी तरह की रेडिकल बातें करते हैं। हैरत की बात यह है कि इनमें विश्व के बड़े पूंजीपति, एनजीओ और संस्थान शामिल हैं। अमेरिका में इनकी संख्या ज्यादा है इसलिए इसका प्रभाव वहां सर्वाधिक दिखा है। भारत में संघ, भाजपा या ऐसे कुछ संगठनों का जमीन तक विचारधारा के आधार पर संगठन है इस कारण यहां ऐसा प्रभाव नहीं दिखता है। कई बार एक ही परिवार या रिश्तों के बीच दोनों विचारधाराओं के लोग हैं। ऐसी सामाजिक संरचना दूसरे देश में नहीं है। सच कह तो इस कारण हम बचे हुए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश हम सबके लिए सबक होना चाहिए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में असहमति और मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु राजनीति और सार्वजनिक जीवन में घृणा और दुश्मनी का कोई स्थान नहीं। हम एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होंगे, राजनीतिक और वैचारिक विरोधी होंगे, किंतु दुश्मन नहीं जिसके विरुद्ध इतनी घृणा पैदा की जाए कि लोग हिंसा की सीमा तक पहुंच जाए। यह सभी पक्षों पर लागू होता है। हालांकि जैसा वातावरण भारत, अमेरिका सहित कई देशों में बन चुका है उसमें कोई तत्काल इससे सबक लेगा इसकी संभावना कम है। अगर सबक लेकर हम संभलने या संभालने की कोशिश करें तो उसमें भी सफलता की संभावना कमजोर हो गई है, क्योंकि वातावरण काफी विषाक्त बन चुका है। इसलिए सबके सामने यही प्रश्न है कि स्थिति को हम कैसे संभालें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



एडम चोटी या एडम पीक श्रीलंका के आकर्षण में एक नायाब हीरा हैं जोकि श्रीलंका दर्शन के महत्व को और अधिक बढ़ा देता हैं। एडम पीसक के शिखर पर एक पत्थर में एक पदचिह्न है। जोकि अलग-अलग धर्म के लोगो के लिए अध्यात्मिक महत्व रखता हैं और वर्तमान समय में शिखर पर एक बौद्ध मठ बना हुआ है।

## मोह-माया से दूर रहकर ही मुक्ति संभव



संकलित
दर्शन

हम एक-दूसरे की ओर ध्यान से देखते हैं, तो पाते हैं कि हम में से हरेक के गुण अलग हैं। तौर-तरीके अलग हैं। विचार अलग हैं। बात करने का तरीका, कार्य करने का तरीका भी अलग है। अगर हम अपने आपको श्रेणिबद्ध करने की कोशिश करें, तो चार किस्म की श्रेणियां हैं, जिसमें कि इनसान अपने आपको पाता है। एक महापुरुष की जिंदगी का एक किस्सा है। एक बार वे अपने शिष्यों के साथ समुद्र के किनारे टहल रहे थे। वहां उन्होंने देखा कि एक मछुआरा अपना जाल डालकर पानी में बैठा हुआ है। जैसे ही वे उस मछुआरे के पास से गुजरे, तो रुक गए। उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि जाकर देखो, उस मछुआरे के जाल में किस किस्म की मछलियां फंसी हुई हैं? शिष्यों ने आकर संत से कहा कि उन्होंने वहां तीन किस्म की मछलियां देखी हैं। कई मछलियां ऐसी थीं, जो कि जाल में एकदम निढाल होकर पड़ी हुई थीं, वे ऐसे लेटी हुई थीं, जैसे कि उन्हें कुछ नहीं करना। दूसरी किस्म की मछलियां ऐसी थीं, जो जाल में से निकलने के लिए कुछ हाथ-पैर मार रही थीं, लेकिन वे जाल में फंसी रहीं। तीसरी किस्म की मछलियां वे थीं, जिन्होंने बहुत हाथ-पैर मारे और मारते-मारते कुछ जाल में से बाहर निकल गईं। संत ने अपने शिष्यों को समझाते हुए कहा कि हम इनसान भी कुछ ऐसे ही जीते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं, जो माया के जाल में ऐसे फंसे हुए हैं कि वे सोचते ही नहीं कि वे जाल में फंसे हुए हैं, वे वैसे ही उस जाल में टिके रहते हैं। उसी में मस्त रहते हैं। दुनिया के कार्यों में लगे रहते हैं।


## सब दिशाओं में फैलती है सद्कर्मों की सुगंध



संकलित
प्रेरणा

महात्मा बुद्ध धर्म-प्रचार के लिए स्थान-स्थान पर जाते थे। उनके वचनों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग उनके शिष्य बन जाते थे। जो लोग उनके शिष्य नहीं बन सके, वे उनके अनुयायी बन गए। बुद्ध अपने सभी शिष्यों को समान मानते थे। इनमें आनंद नाम का एक शिष्य था, जो उनके सबसे प्रिय शिष्यों में से एक था। एक बार आनंद श्रावस्ती में संध्या के समय विपश्यना कर रहे थे। उनके साथ अनेक शिष्य और आम जन भी थे। विपश्यना करते हुए अचानक उनका ध्यान पास ही खिले हुए फूलों की ओर गया। उन खिले हुए फूलों की सुंदरता को देखकर वह चिंतन करने लगे कि ये फूल देखने में जितने सुंदर हैं, उतनी ही अच्छी इनकी सुगंध भी है। लेकिन यह क्या? यह सारी सुगंध तो उस ही दिशा में बह रही है, जिस ओर हवा बह रही है। जबकि इन फूलों की सुगंध को तो चारों ओर फैलना चाहिए। आखिर इसका कारण क्या है? फूलों की सुगंध हवा का अनुसरण क्यों कर रही है। ऐसा लगता है मानो हवा फूलों की इस सुगंध को अपनी ओर खींच रही हो। यह चिंतन करते-करते आनंद को ध्यान आया कि बुद्ध ने तीन प्रकार की उत्तम गंध की चर्चा की है। ये हैं- 'मूलगंध', 'सारगंध' और 'पुष्पगंध।' क्या इसके अलावा कोई और भी गंध है, जो हवा के विपरीत या सब तरफ फैले। आनंद के मन में विचार आया कि क्यों न बुद्ध के पास जाकर इस शंका का समाधान पाया जाए। ऐसा सोचकर वह बुद्ध के पास गए और बोले, 'भंते! क्या इस जगत में ऐसी भी कोई सुगंध है, जो हर दिशा में अपनी सुगंध बिखेरती हो।

विश्व न्याय दिवस
अखिलेश आर्येन्दु




# सब को समान न्याय एक चुनौती

दुनिया में मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। आज भी दुनिया में कहीं न कहीं नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ संहार चलते रहते हैं। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से इसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा। रोम संविधि का जश्न मनाने के लिए, विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस तब से मनाया जाने लगा। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इसकी स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। दुनिया के तमाम देश इसे मनाते हैं। पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक, नरसंहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिशप्त हैं। विश्व समाज आज डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर भेदभाव सभी को न्याय मिले। यह आज की सबसे बड़ी चुनौती है। विधि क्षेत्र में न्याय के जिन चार प्रकारों की बात की जाती है उनमें वितरणात्मक (यह निर्धारित करना कि किसे न्याय मिलता है) प्रक्रियात्मक न्याय (यह निर्धारिक तरना कि लोगं के साथ कितना निष्पक्ष व्यवहार किया जाता है) प्रतिशोधात्मक न्याय ( गलत काम करने पर दंड के आधार पर) और पुनर्स्थापनात्मक (जो रिश्तों को सही बनाने की कोशिश करता है) इन चार तरह के न्यायों को समझना और दूसरों को इनके प्रति जागरूक करना भी इस दिवस का एक हिस्सा है। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं, बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमे लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से रुख्सत हो चुके होते हैं। बगैर भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस पर गौर करना चाहिए की सभी को बगैर समय पर न्याय मिले। इससे इस दिवस का महत्व और बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती


### अनियंत्रित यातायात

राजधानी के संतोषीनगर चौक पर हर दिन यातायात अनियंत्रित हो जाता है। ओवरब्रिज के पास हमेशा जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में लोगों को रास्ता पार करना मुश्किल हो जाता है। संतोषीनगर बाजार से ओवरब्रिज के बीच ट्रकें रास्ते को रोकती है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। बारिश के दिनों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। ऐसे में यह रास्ता काफी मुश्किलभरा है।

*- राजेंद्र कुमार*

## करंट अफेयर

### 16 लाख बच्चों ने 2023 में नहीं ली टीके की एक भी खुराक



भारत में 2023 में करीब 16 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। इस क्रम में भारत का स्थान दूसरा है जबकि पहले स्थान पर नाइजीरिया है जहां 21 लाख बच्चों को इसी अवधि के दौरान टीके की एक भी खुराक नहीं मिली। भारत की रैंकिंग में हालांकि 2021 की तुलना में सुधार हुआ है, जब देश में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक 27.3 लाख बच्चों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2023 में नाइजीरिया में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या सबसे अधिक 21 लाख थी। भारत के बाद अन्य देश इथियोपिया, कांगो, सूडान और इंडोनेशिया हैं। इस श्रेणी में शीर्ष 20 देशों में चीन 18वें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 10वें स्थान पर है। टीकाकरण एजेंडा 2030 (आईए2030) के संदर्भ में, 2021 में शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर, बीस देशों को प्राथमिकता दी गई। दक्षिण एशिया क्षेत्र (रोसा) के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या के आधार पर रैंक किए गए देशों में, 2021-2023 में भारत 1,592,000 शून्य खुराक वाले बच्चों के साथ आठ देशों में से पहले स्थान पर है।

## ऑफ बीट

### चंद्रमा पर मिली गुफा: भविष्य में खोजकर्ताओं को आश्रय के



केप केनवरल (अमेरिका)। वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक गुफा का पता लगाया है जो उस स्थान से ज्यादा दूर नहीं है जहां 55 वर्ष पहले नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन उतरे थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि वहां ऐसी सैकड़ों और गुफाएं हो सकती हैं जिनका इस्तेमाल भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रयस्थल के रूप में किया जा सकता है। इटली के वैज्ञानिकों के नेतृत्व वाली एक टीम ने सोमवार को बताया कि चंद्रमा पर अच्छी खासी बड़ी गुफा के साक्ष्य मिले हैं। यह अपोलो 11 के उतरने वाली जगह से सिर्फ 250 मील (400 किमी) दूर 'सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी' में है। यह गुफा लावा ट्यूब (सुरंग की आकृति का ढांचा) के ढहने से बनी है जो कि वहां पाई गई 200 से अधिक अन्य गुफाओं की तरह है। शोधकर्ताओं ने नासा के लूनार रीकानिसन्स ऑर्बिटर द्वारा जुटाए गए रडार आंकड़ों का विश्लेषण किया और इसके नतीजों की तुलना पृथ्वी पर स्थित लावा ट्यूब से की। इसके निष्कर्ष 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' पत्रिका में प्रकाशित किए गए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार रडार के आंकड़ों से गुफा के शुरुआती बिंदु का ही पता है। उनका अनुमान है कि यह कम से कम 40 मीटर चौड़ी और 10 मीटर, संभवतः इससे भी अधिक लंबी है। ट्रेंटो विश्वविद्यालय के लियोनार्डो कैरर और लोरेंजो ब्रुजोन ने एक ईमेल में लिखा, ''चंद्रमा की गुफाएं 50 से अधिक वर्षों से रहस्य बनी हुई थीं।

## ट्रेंड

### भारतीय भाषा को बढ़ावा देना लक्ष्य



प्रत्येक भारतीय भाषा को बढ़ावा देना, संरक्षित करना, लोकप्रिय बनाना और समृद्ध करना नई शिक्षा नीति की प्राथमिकता है। भारतीय भाषाओं में लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का इंतजार करें।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### बाइडेन सही कह रहे



राष्ट्रपति बाइडेन बिल्कुल सही कह रहे हैं, कि इस तरह की हिंसा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। एक देश के रूप में हम हर बात पर सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन हमें उस पर सहमत होने में सक्षम होना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### जम्मू कश्मीर की स्थिति



जम्मू कश्मीर में फिर से आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। एक के बाद एक ऐसी भयानक घटनाएं चिंताजनक है। ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर की स्थिति बयान कर रहे हैं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### दयालु नेताओं की जरूरत



क्या करुणा, सहानुभूति, दयालुता या परोपकार के समान है? ये शब्द अक्सर एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं, लेकिन क्या ये वास्तव में पर्यायवाची हैं? मेरा दृष्टिकोण है कि करुणा का क्या अर्थ है और क्यों पहले से अधिक दयालु नेताओं की आवश्यकता है

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

मद्रास हाई कोर्ट का अहम फैसला

# धार्मिक कारण से मुस्लिम पुलिसकर्मी दाढ़ी रख सकेंगे

## जस्टिस गौरी ने कहा-भारत अनेक धर्मों का देश ◆ अब्राहिम बनाम पुलिस आयुक्त के मामले में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने जी अब्दुल खादर अब्राहिम बनाम पुलिस आयुक्त और अन्य के मामले में माना कि मुस्लिम पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी दाढ़ी रख सकते हैं।

इसके लिए हाई कोर्ट ने 1957 के मद्रास पुलिस राजपत्र का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु में मुस्लिम पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान भी साफ-सुथरी दाढ़ी रखने की अनुमति है। जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी ने कहा कि भारत विविध धर्मों और रीति-रिवाजों का देश है। पुलिस विभाग अपने मुस्लिम कर्मचारियों को उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दाढ़ी रखने के लिए दंडित नहीं कर सकता।



### दंडित करने की अनुमति नहीं

*5 जून के आदेश में कहा गया है कि भारत भूमि की सुंदरता नागरिकों की मान्यताओं में निहित है। तमिलनाडु सरकार के पुलिस विभाग के लिए सख्त जरूरी है। दंडित करने की अनुमति नहीं है।*

**कांस्टेबल की याचिका पर की सुनवाई**

यह आदेश एक पुलिस कांस्टेबल की याचिका पर पारित किया गया था, जिसे मक्का से लौटने के बाद दाढ़ी के साथ एक वरिष्ठ अधिकारी के सामने उपस्थित होने के लिए दंडित किया गया था। 2018 में कांस्टेबल को मक्का की धार्मिक यात्रा के लिए 31 दिन की छुट्टी दी गई थी। पैर में संक्रमण के कारण उसने छुट्टी बढ़ाने की मांग की। सहायक आयुक्त ने उसे अतिरिक्त छुट्टी देने से इनकार कर दिया तथा इसके बजाय कांस्टेबल से उसकी दाढ़ी के बारे में पूछताछ की।

स्टिंग ऑपरेशन केस में बोला केरल हाईकोर्ट

## मीडिया पर नहीं चला सकते मुकदमा



**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाई कोर्ट ने अपने फैसले में एक स्टिंग ऑपरेशन करने वाले दो टीवी पत्रकारों को राहत दी है और उनके खिलाफ शुरू किए गए आपराधिक मुकदमे को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चौथा खंभा यानी मीडिया का होना जरूरी है। हम उस पर ऐसे केस नहीं चला सकते हैं। यह मामला सनसनीखेज सौर घोटाले से जुड़ा हुआ है। जस्टिस पीवी कुन्हिकृष्णन ने कहा कि सरकारों के कामकाज पर रिपोर्टिंग या उसका स्टिंग ऑपरेशन करते समय प्रेस को कभी-कभी कानूनी सीमाओं को धुंधला करना पड़ सकता है।

### स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चौथा स्तंभ आवश्यक


*बार एंड बेंच की रिपोर्ट क के अनुसार जस्टिस कुन्हिकृष्णन ने फैसले में लिखा, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चौथा स्तंभ आवश्यक है। यह सुनिश्चित करता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अच्छी जानकारी हो और उस प्रक्रिया में शामिल हों। चौथा स्तंभ काम कर रहा है या नहीं और उपरोक्त सिद्धांतों का पालन कर रहा है या नहीं, यह एक अलग बात है। लेकिन उपरोक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनकी ओर से कुछ ऐसी गतिविधियां हो सकती हैं, जिनकी कानून के अनुसार सामान्यतः अनुमति नहीं है। चौथे स्तंभ द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ऐसी ही एक विधि है 'स्टिंग ऑपरेशन'।*

### सच्चाई जानने के लिए स्टिंग ऑपरेशन में छूट उचित

*कोर्ट ने कहा कि मीडिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा किए गए ऐसे स्टिंग ऑपरेशन को कानूनी माना जा सकता है या नहीं, यह मामलों के आधार पर तय किया जाना चाहिए लेकिन अगर कोई स्टिंग ऑपरेशन सच्चाई का पता लगाने और उसे जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है तो उसे अभियोजन से छूट दी जा सकती है। पीठ ने एक टीवी चैनल के दो रिपोर्टरों को राहत देते हुए उनके खिलाफ मामले को रद्द कर दिया।*

## खबर संक्षेप

### कल फिर खोला जाएगा पुरी का रत्न भंडार



**पुरी।** पुरी रत्न भंडार गुरुवार को फिर से खोला जाएगा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार को सुबह 9.51 बजे से दोपहर 12.15 बजे के बीच फिर से खोला जाएगा। इस दौरान आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक में ये फैसला हुआ।

### निर्माण के लिए जल्द खाली होगा बलिया जेल



**लखनऊ।** बालिया की जिला जेल लगभग एक सप्ताह में खाली हो जाएगी। बलिया जेल में निरुद्ध सभी 494 महिला व पुरुष बंदियों को जिला कारागार मऊ और आजमगढ़ तथा केंद्रीय कारागार वाराणसी में स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जेल के लिए जमीन चिह्नित कर ली है। जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। एक हजार से ज्यादा नई जेल की क्षमता होगी।

### स्टेशनरी ब्रांड कैमलिन के चेयरमैन नहीं रहे



**नई दिल्ली।** स्टेशनरी ब्रांड कोकुयो कैमलिन के चेयरमैन सुभाष दांडेकर का सोमवार को 86 वर्ष में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट्रल मुंबई में किया गया। दांडेकर ने कैमलिन को गुणवत्तापूर्ण स्टेशनरी और शैक्षिक उत्पादों के रूप में एक घरेलू नाम के रूप में स्थापित करने में भूमिका निभाई थी। निधन एक प्रतिष्ठित ब्रांड के लिए एक युग के अंत का प्रतीक है।

### सुवेंदु ने लॉन्च किया विशेष पंजीयन पोर्टल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने एक पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल में वो लोग शिकायत दर्ज कर पाएंगे, जिन्होंने आरोप लगाया है कि वे लोकसभा चुनाव और उपचुनाव के दौरान वोट नहीं डाल सके। उपचुनाव में हजारों लोग वोट नहीं डाल सके। सुवेंदु का दावा है कि लोकसभा चुनाव में लाखों हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया गया।

### कविता की तिहाड़ जेल में तबीयत बिगड़ी,भर्ती



**नई दिल्ली।** कथित शराब घोटाले में आरोपी के कविता की तिहाड़ जेल में तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें दिल्ली केडीडीयू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अब उन्हें क्या दिक्कत हुई, किस वजह से अस्पताल ले जाई गईं, अभी साफ नहीं। इससे पहले भी उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कुछ दिक्कतें रही हैं, तब भी कोर्ट से राहत मांगी गई थी। कविता शराब नीति घोटाला मामले में जेल में हैं।

गृहमंत्री शाह ने महेंद्रगढ़ में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान' को किया संबोधित

# जस का तस रहेगा रिजर्वेशन, हरियाणा में मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे

## कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीन मुसलमानों को दिया | कांग्रेस ने जातिवाद और भ्रष्टाचार के सिवाय हरियाणा को कुछ नहीं दिया

एजेंसी ▶▶ महेंद्रगढ़



केंद्रीय गृह एवं अमित शाह ने मंगलवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महेंद्रगढ़ में 'पिछड़ा वर्ग सम्मान' सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का रिजर्वेशन छीनकर मुसलमानों को देने का काम किया है।

अगर ये यहां भी आ गए तो यहां पर भी यही करेंगे। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में किसी भी हालत में मुस्लिम रिजर्वेशन लागू नहीं होने देंगे। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने जातिवाद और भ्रष्टाचार के सिवाय हरियाणा को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस सरकारें बनती थीं, तो भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंचती था, दूसरी सरकार आती थी तो गुंडागर्दी चरम सीमा पर पहुंचती थी। जबकि भाजपा ने संपूर्ण हरियाणा का विकास करने वाली सरकार देने का काम किया है। साथ ही विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



**प्रधानमंत्री ने देशभर में ओबीसी का सम्मान किया**

उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरे देश को कहा था कि मेरी ये सरकार दलितों, गरीबों और पिछड़ों की सरकार है। देश को पहला सशक्त पिछड़े वर्ग का प्रधानमंत्री देने का काम भाजपा ने किया है। 71 में से 27 मंत्री पिछड़े वर्ग से देकर मोदी जी ने हरियाणा और देश के ओबीसी का सम्मान करने का काम किया है।

### आप कर्नाटक जैसी 'स्थिति' यहां न बनने दें

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्ग का रिजर्वेशन छीनकर मुसलमानों को देने का काम किया है। अगर ये यहां भी आ गए तो यहां पर भी यही करेंगे। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में किसी भी हालत में मुस्लिम रिजर्वेशन लागू नहीं होने देंगे।

### सीएम सैनी के नेतृत्व की सराहना की

उल्लेखनीय है कि पिछले 20 दिन में अमित शाह का हरियाणा का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने 29 जून को पंचकूला में पार्टी की बैठक की अध्यक्षता की थी और अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा था। बैठक में अमित शाह ने यह भी घोषणा की थी कि भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

### ग्रुप अनुसार यहां आरक्षण लागू होगा

हरियाणा में पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि नायब सिंह सैनी के कैबिनेट ने तीन निर्णय लिए हैं। पहला निर्णय क्रीमी लेयर की सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने का निर्णय किया है। दूसरा-पंचायतों में 8 फीसदी आरक्षण ग्रुप-ए के लिए था। इसके साथ अब ग्रुप डी को 5 फीसदी आरक्षण मिलना शुरू हो जाएगा। तीसरा, नगर निगम में ग्रुप-बी के लिए 5 फीसदी आरक्षण मिलना शुरू होगा और 8 प्रतिशत चस का तस रहेगा तथा ग्रुप-बी का 5 फीसदी अधिक मिलेगा। ये तीनों निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति को लागू करने वाला है।

नूपुर से संबंधित मामला

## 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने वाले खादिम को कर दिया बरी



*कोर्ट ने अन्य 6 को भी कर दिया बरी*

एजेंसी ▶▶ अजमेर

निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ 'सर तन से जुदा' का नारा लगाने के आरोप में गिरफ्तार अजमेर शरीफ दरगाह के खादिम गौहर चिश्ती को मंगलवार को स्थानीय अदालत ने बरी कर दिया है।

अदालत ने इस मामले में छह अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया है। जून 2022 में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें गौहर चिश्ती और अन्य को अजमेर दरगाह के मुख्य द्वार पर नूपुर शर्मा के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाते देखा गया था।

**शर्मा को धमकी दी थी**

खादिम गौहर चिश्ती को नुपुर के खिलाफ मुस्लिम समुदाय की रैली में 'सर तन से जुदा' का नारा लगाते हुए देखा गया था। यह मामला नुपुर एक टेलीविजन बहस के दौरान पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद खड़ा हुआ था। शर्मा ने अपनी टिप्पणी के लिए कई बार जान से मारने की धमकियां मिलने की शिकायत भी दर्ज कराई है। चिश्ती के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्हें 14 जुलाई 2022 को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था।

**दर्जी की हत्या के साथ संबंध पर जांच**

पुलिस उदयपुर में हुए दर्जी कन्हैया लाल की हत्या मामले में चिश्ती के संबंधों की भी जांच कर रही थी। कन्हैया लाल को 2 लोगों ने एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट के चलते चाकू से गोदकर मार डाला था। अब कोर्ट ने चिश्ती को बरी कर दिया है।

केसीआर के मामले में भड़के सीजेआई

## सुनवाई के बीच में ही आयोग का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान एक सदस्यीय आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड जज जस्टिस रेड्डी का इस्तीफा आ गया। आयोग के रवैए पर सीजेआई ने सवाल उठाया था। जस्टिस रेड्डी द्वारा प्रेस को दिए बयानों पर मौखिक रूप से असहमति जाहिर की। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि उसे जज को बदल देना चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि दो बजे तक मुझे नाम दीजिए।

कर्नाटक में लैंडस्लाइड से भारी तबाही

## एक परिवार के 5 लोगों समेत 7 की मौत, नदी में गिरा गैस टैंकर

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के शिरूर में भूस्खलन के कारण 5 सदस्यीय परिवार सहित 7 लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर सड़क किनारे छोटी-मोटी दुकान चलाने वाले परिवार के सदस्यों के पहाड़ी से गिरी मिट्टी के नीचे फंसे होने की आशंका है।

भूस्खलन के कारण एक गैस टैंकर भी पास की गंगावली नदी में चला गया। बताया जा रहा गाड़ी के ड्राइवर और क्लीनर जो कथित तौर पर घटना के समय दुकान पर चाय पी रहे थे, लापता हैं।



### 10-15 लोग गंगावली नदी में गिरे

*पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य जारी है। विधायक सतीश सेल ने कहा कि उन्हें जो रिपोर्ट मिली है, उसके अनुसार भूस्खलन के बाद 10-15 लोग गंगावली नदी में गिर गए होंगे।*

### शिमला में इंजीनियरऔर मशानरी को किया अलर्ट

*शिमला। हिमाचल प्रदेश में 250 स्थान ऐसे हैं, जहां भूस्खलन की संभावना सबसे ज्यादा है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार मंडी और शिमला की सड़कों पर सबसे ज्यादा भूस्खलन होता है। विभाग ने ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में जेसीबी, पोकलेन और डोजर तैनात किए हैं, जिससे सड़क को यातायात के लिए तुरंत बहाल किया जा सके। सड़कें बहाल रखने के लिए 1,300 कर्मचारी फील्ड में लगाए हैं। 500 के करीब मशीनरी तैनात की गई है।*

पहले 5 जोड़ों के लिए अनुमति मांगी

## इस्लाम अपनाने वाले युवक और युवतियों का निकाह कराएंगे रजा

एजेंसी ▶▶ बरेली



इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा एक बार फिर से चर्चा में हैं। इस बार मौलाना ने हिंदू से मुस्लिम बने युवक-युवतियों का निकाह कराएंगे। पहले चरण में पांच जोड़ों का निकाह होगा, जिसमें 2 युवक व 3 युवतियां धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी कर एक-दूसरे का दामन थामेंगे।

सामूहिक निकाह समारोह 21 जुलाई को सुबह 11 बजे खलील हायर सेकंडरी स्कूल में होगा। इसके लिए प्रशासन से भी अनुमति मांगी है। रजा का दावा है कि उनके पास निकाह के लिए धर्म परिवर्तन करने वाले करीब 23 युवक-युवतियों के आवेदन आ चुके हैं। इनमें 8 लड़के और 15 लड़कियां शामिल हैं। इन्होंने अपने रिश्ते पहले से तय किए हुए हैं। इनका निकाह करवाने के साथ ही धर्म परिवर्तन की औपचारिक प्रक्रिया भी पूरी की जानी है।

वाल्मीकि एसटी विकास निगम

## सीएम सिद्धारमैया ने 89.6 करोड़ रुपए के घोटाले की बात कबूली

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने राज्य में हुए एक बड़े घोटाले की बात कबूल कर ली है। सीएम ने सदन में स्वीकार कर लिया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम में 89.6 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है।

यहां के अकाउंट सुपरिंटेंडेंट चंद्रशेखरन पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी और सुसाइड नोट में गलत ढंग से मनी ट्रांसफर का जिक्र किया था, जिसके बाद इस घोटाले का जिक्र हुआ। इस नोट में आरोप लगाया गया है कि निगम के बैंक अकाउंट से 187 करोड़ रुपए का अनधिकृत ट्रांसफर हुआ है। इस घोटाले में अपने पर लगे आरोपों के बाद अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र को इस्तीफा देना पड़ा था। इसी घोटाले को लेकर सोमवार को विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच खूब हंगामा हुआ था।

चुनाव आयोग की दो टूक

## पराजित प्रत्याशी किसी भी ईवीएम की जांच करा लें, विकल्प मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद ईवीएम में छेड़छाड़ की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर आवेदन करने वाले असंतुष्ट उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने कई विकल्प दिए हैं।

उम्मीदवार विधानसभा क्षेत्र के किसी भी मतदान केंद्र से ईवीएम को चुन सकते हैं। विकल्प में मॉक पोल और मॉक वीवीपैट पर्ची की गणना भी शामिल है। ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी माइक्रोकंट्रोलर की जांच सत्यापन के लिए लोकसभा के 8 और विधानसभा के 3 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। प्रक्रिया के अनुसार दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाले उम्मीदवारों को कई रैंडम टेस्ट चुनने का विकल्प दिया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि नियंत्रित वातावरण से आगे जाकर बर्न्ट मेमोरी की जांच पूर्वाग्रह या छिपी हुई कार्यक्षमता की संभावना या आशंका को समाप्त करती है।

बजट की प्रक्रिया के अंतिम चरण में नॉर्थ ब्लॉक में कार्यक्रम

# हलवा समारोह का आयोजन, सीतारमण थीं मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2024 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में मंगलवार को वित्त मंत्रालय यानी नॉर्थ ब्लॉक में हलवा सेरेमनी का आयोजन किया गया।

हलवा समारोह का आयोजन केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक में किया गया। बजट तैयार करने की 'लॉक-इन' प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक परंपरा के तहत हलवा समारोह या हलवा सेरेमनी का आयोजन किया जाता है।

'लॉक-इन' प्रक्रिया शुरू होने से पहले समारोह की परंपरा



**बजट छपने का काम शुरू**

वित्त मंत्री की ओर से बजट से ठीक पहले एक हलवा समारोह का आयोजन किया जाता है। यह हलवा समारोह इस बात का परिचायक होता है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसके छपने का काम शुरू हो चुका है। इस समारोह में बड़ी संख्या में बजट तैयार करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। वित्त मंत्रालय के बजट विभाग के जितने भी अधिकारी बजट बनाने के कार्य में जुटे होते हैं, उन्हें संसद में बजट पेश होने तक अपने परिवारों से संपर्क नहीं करने दिया जाता।

### सरकार ने 21 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

*संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। सर्वदलीय बैठक 21 जुलाई को सुबह 11 बजे दिल्ली के संसदीय सौध स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू होगा। सत्र 12 अगस्त को समाप्त हो सकता है। सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के सदन के नेताओं की इस पारंपरिक बैठक में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शामिल होंगे। तृणमूल कांग्रेस का कोई भी प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल नहीं होगा। इसकी वजह बताई गई कि टीएमसी 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती है।*

जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकी हमले में सेना के 4 जवान शहीद

# मां बोलीं- आर्मी डे पर पैदा हुआ था, आर्मी के लिए समर्पित हो गया

बेटे के साथ हुई आखिरी मुलाकात को याद करते हुए निलिमा थापा ने कहा बृजेश मार्च में घर आया था। इसी महीने आने वाला था। वह हमेशा खुश रहता था। रविवार को उससे अंतिम बार बात हुई थी।

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग/ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के डेसा में शनिवार रात घने जंगलों के बीच अत्याधुनिक हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के चार जवान- कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी. राजेश, सिपाही बिजेंद्र और अजय शहीद हो गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का एक जवान भी इस मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हो गया।


कैप्टन बृजेश थापा 2019 में सेना में भर्ती हुए थे। पासिंग आउट परेड के दौरान पिता कर्नल भुवनेश थापा और मां नीलिमा बेटे को बैज लगाते हुए।

## तीन पीढ़ियां सेना में

26 वर्षीय कैप्टन बृजेश थापा दार्जिलिंग के बड़ा गिंग बाजार के रहने वाले थे। उनकी तीन पीढ़ियां सेना में रह चुकी हैं। बृजेश के पिता खुद कर्नल रैंक से सेवानिवृत्त हुए हैं। बृजेश थापा अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 2019 में आर्मी में कमीशंड हुए थे। दो साल के लिए उनकी तैनाती 10 राष्ट्रीय राइफल्स में हुई थी। इस बहादुर सैन्य अधिकारी के शहीद होने की खबर जब आई तो दार्जिलिंग की पहाड़ियों में शोक की लहर दौड़ गई। कैप्टन बृजेश थापा की मां निलिमा थापा ने कहा कि 15 जनवरी को मेरे बेटे का जन्मदिन था। 15 जनवरी को ही आर्मी डे होता है। मेरा बेटा आर्मी की ड्यूटी करते हुए देश के लिए समर्पित हो गया। सेना में होने का उसको गर्व था। वह सेना को पसंद करता था। उसके पापा ने बोला था कि नेवी में चला जा, आर्मी में बहुत कठिन होता है। लेकिन उसे आर्मी में ही जाना था।'

## बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा

बेटे के साथ हुई आखिरी मुलाकात को याद करते हुए निलिमा थापा ने कहा कि बृजेश मार्च में घर आया था। इसी महीने आने वाला था। वह हमेशा खुश रहता था। रविवार को उससे अंतिम बार बात हुई थी। 26 साल का था मेरा बेटा। देश के लिए हमेशा कुछ करना चाहता था। उसको सादा खाना ही पसंद था। पहले हलवा खाता था। लेकिन बाद में कहा कि मोटा हो जाऊंगा। इसलिए मीठा खाना छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने बेटे के बलिदान पर गर्व है। अगर हम अपने बेटे को सीमा पर नहीं भेजेंगे, तो देश के लिए कौन लड़ेगा।



## 18 जुलाई को घर आने वाले थे अब पार्थिव शरीर पहुंचेगा



सिपाही अजय सिंह नरूका (26) की पार्थिव देह बुधवार सुबह 9:15 बजे सिंघाना से भैसावता कलां (झुंझुनूं) पहुंचेगा। वहां से शहीद के सम्मान में यात्रा निकाली जाएगी। अजय के पिता कमल सिंह नरूका भी सेना में हवलदार रह चुके हैं। कमल सिंह 2015 में रिटायर हुए थे। शहीद अजय सिंह नरूका की शादी 21 नवंबर 2021 को शालू कंवर (24) से हुई थी। परिजनों ने बताया- अजय सिंह दो महीने पहले छुट्टी पर घर आए थे। इसके बाद ड्यूटी पर वापस लौट गए थे। दो दिन बाद 18 जुलाई को छुट्टी लेकर गांव आने वाले थे। इससे पहले मुठभेड़ में शहीद हो गए। शहीद के चाचा कायम सिंह भी भारतीय सेना की 23 राजपूत रेजिमेंट में सिक्किम में तैनात हैं। उन्हें 2022 में सेना मेडल से नवाजा गया था।

### दुख की बात है हम उससे दोबारा नहीं मिल पाएंगे

कैप्टन बृजेश के पिता कर्नल भुवनेश थापा (सेवानिवृत्त) बोले- जब मुझे बताया गया कि वह अब नहीं रहा तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। वह मेरी सेना की ड्रेस पहनकर घूमता था। इंजीनियरिंग करने के बाद भी वह सेना में जाना चाहता था। उसने एक बार में ही परीक्षा पास कर ली और सेना में भर्ती हो गया। मुझे गर्व है कि मेरे बेटे ने देश और देश की सुरक्षा के लिए कुछ किया है। दुख की बात यह है कि हम उससे दोबारा नहीं मिल पाएंगे, अन्यथा मुझे खुशी है कि उसने अपने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

### घर आने वाले थे, लेकिन छुट्टी कैंसिल हो गई छोटा भाई भी आर्मी में



*बिजेंद्र सिंह 2018 में आर्मी में भर्ती हुए थे। 2019 में उनकी शादी अंकिता के साथ हुई थी। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक चार साल का, जबकि दूसरा एक साल का है। शहीद का छोटा भाई दशरथ सिंह भी आर्मी में हैं। अभी उनकी तैनाती लखनऊ में है। परिवार में तीन बहनें और माता-पिता भी हैं। बिजेंद्र सिंह फरवरी में एक महीने की छुट्टी पर अपने घर आए थे। पांच दिन पहले घर आने वाले थे, लेकिन आतंकी घटनाओं के चलते छुट्टी कैंसिल हो गई थी। सेना के अधिकारियों का कॉल दशरथ सिंह के पास आया था। इसी के बाद उनको बिजेंद्र के शहीद होने की जानकारी हुई। दशरथ सिंह को फौरन छुट्टी देकर लखनऊ से गांव के लिए भेज दिया गया है।*

---

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान में भारी बारिश से 40 की मौत



**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 347 लोग घायल हो गए। एक अन्य घटना में, एक मुख्य राजमार्ग पर बस के पलट जाने से 17 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान अमर ने पुष्टि की कि नंगरहार प्रांत में सोमवार को आए तूफान के कारण 40 लोगों की मौत हो गई और 347 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में 3 पर्यटकों की मौत




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-करगिल राजमार्ग के ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर एक सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन सैलानियों की मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ज़ोजिला संपर्क मार्ग पर एक वाहन खाई में गिर गया, जिससे तीन पर्यटकों की मौत हो गई और एक शख्स जख्मी हो गया। मृतकों में दो महिलाएं हैं जबकि एक जख्मी हुई नाबालिग लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीएम मोदी सितंबर में करेंगे यूएस दौरा

# यूएन की बैठक में लेंगे भाग, करेंगे संबोधित



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पीएम मोदी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का दौरा करेंगे। हर साल होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी न्यूयॉर्क जाएंगे। महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस के कार्यालय द्वारा कार्यक्रम की प्रारंभिक जानकारी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की बैठक 24 से 30 सितंबर तक होगी। इसी के तहत संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी की गई आम बहस के लिए वक्ताओं की सूची से पता चलता है कि भारत की ओर से पीएम मोदी 26 सितंबर को अपना संबोधन दे सकते हैं।

कार्यक्रम के अनुसार भारत के शासनाध्यक्ष न्यूयार्क में स्थानीय समयानुसार 26 सितंबर को अपराह्न तीन से छह बजे के बीच महासभा को संबोधित करेंगे, यानी भारतीय समयानुसार 27 सितंबर की रात 12:30 से 3:30 बजे के बीच उनका संबोधन होगा। पीएम मोदी के बाद पाकिस्तान और नेपाल के पीएम अपना संबोधन देंगे।

### परंपरागत रूप से ब्राजील करेगा

पारंपरिक रूप से महासभा अध्यक्ष ब्राजील बहस की शुरुआत करता है, 24 सितंबर को उच्च स्तरीय सत्र शुरू करेगा। ब्राजील के बाद सत्र को संबोधित करने वाला अमेरिका दूसरा राष्ट्र होगा।राष्ट्रपति जो बाइडन के इस कार्यकाल का महासभा में यह अंतिम संबोधन होगा, क्योंकि अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस महासभा के 79वें सत्र में आम चर्चा शुरू होने से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### 2023 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया था दौरा

*पीएम नरेंद्र मोदी ने आखिरी बार सितंबर 2021 में वार्षिक उच्च स्तरीय यूएनजीए सत्र को संबोधित किया था। उन्होंने पिछले साल 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय का दौरा किया था और राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित राजकीय यात्रा के लिए वाशिंगटन डीसी जाने से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के उत्तरी लॉन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया था।*

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए देश ने बढ़ाया एक और कदम

# स्वदेशी कंपनियों से ही खरीदे जाएंगे 346 रक्षा उत्पाद, बढ़ेगा पूंजी निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- *पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण*
- *घरेलू रक्षा कंपनियों को 7,572 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले*
- *घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमता बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी*
- *आयात के 1048 करोड़ रुपए बचेंगे, आयात पर आत्मनिर्भरता कम होगी*

रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा उत्पादों को आयात को कम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी की है। ये फैसला रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आयात को कम करने के लिए लिया गया है। रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) इनमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सिस्टम,सब-सिस्टम, असेंबली, सब-असेंबली, स्पेयर और कंपोनेंट तथा कच्चा माल शामिल है, जिसका आयात मूल्य 1,048 करोड़ रुपए है। सृजन डिफेंस पोर्टल पर उपलब्ध सूची में दर्शाए गए स्वदेशीकरण की समयसीमा के बाद ही भारतीय उद्योग से वस्तुओं की खरीद की जाएगी। इसके बाद सरकारी रक्षा कंपनियां इन उत्पादों का आयात नहीं कर सकेंगी।

रक्षा उत्पादों को आयात को कम करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग ने 346 वस्तुओं की पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) जारी की है। इस सूची में रणनीतिक रूप से रक्षा उत्पादों के लिए कच्चा माल शामिल है। इसके बाद सरकारी रक्षा कंपनियां इन उत्पादों का आयात नहीं कर सकेंगी।



### स्वदेशीकरण में उल्लेखनीय परिणाम सामने आए

रक्षा मंत्रालय ने 2020 में सृजन पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल पर, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) और सेवा मुख्यालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और स्टार्ट-अप सहित उद्योगों को स्वदेशीकरण के लिए रक्षा वस्तुएं प्रदान करते हैं। पीएम मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' संकल्प के लिए विस्तृत पैमाने पर किए गए प्रयासों से रक्षा वस्तुओं के स्वदेशीकरण में उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को साकार करने के प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

जो नई सूची तैयार की गई है, उनकी एक समयसीमा के बाद भारतीय उद्योगों से खरीद की जाएंगी। इससे आयात के 1,048 करोड़ रुपए बचेंगे। अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी और रक्षा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमता भी बढ़ेगी।

### भारतीय कंपनियों द्वारा तैयार किए जाएंगे रक्षा उत्पाद

भारतीय कंपनियों ने रुचि पत्र/ प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए डिजाइन किए गए 'सृजन पोर्टल डैशबोर्ड पर एक लिंक दिया गया है, और उद्योग/ एमएसएमई/ स्टार्टअप बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए आगे आ सकते हैं।

### पहले भी कई रक्षा उत्पादों का हो चुका है स्वदेशीकरण

सैन्य मामलों के विभाग द्वारा अधिसूचित 509 वस्तुओं की पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के अतिरिक्त हैं। इन सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। जून 2024 तक, स्वदेशीकरण के लिए उद्योग को 36,000 से अधिक रक्षा वस्तुओं की पेशकश की गई थी। पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है। घरेलू विक्रेताओं को 7,572 करोड़ रुपए के ऑर्डर दिए हैं।

कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे की वजह सामने आई

# रेलवे की रिपोर्ट में तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही का हुआ खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में 17 जून को मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे की जांच के दौरान रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने माना कि तीन स्तरों पर बड़ी लापरवाही की गई। उन्होंने बताया कि ऑटोमैटिक सिग्नलिंग फेल होने के बाद लोको पायलट और स्टेशन मास्टरों के निर्देशों का पालन नहीं किया। साथ ही अधिकारियों ने भी लापरवाही की। उन्होंने ट्रेनों में ऑटोमैटिक ट्रेन सुरक्षा प्रणाली लगाने की सिफारिश की है।

### सिग्नल खराब होने के बाद भी ट्रेन नहीं रूकी

पहली वजह तो यह रही कि सिग्नल खराब होने के बाद भी सेक्शन में मालगाड़ी और कंचनजंगा एक्सप्रेस के अलावा पांच अन्य ट्रेनों ने भी प्रवेश किया था। वहीं कंचनजंगा एक्सप्रेस के लोको पायलट को छोड़कर किसी भी ट्रेन के लोको पायलट ने सिग्नल खराब होने के दौरान ट्रेन को 15 किमी प्रतिघंटा की गति से चलाने और खराब सिग्नल पर रुकने के रेलवे के नियम का पालन नहीं किया। दूसरी वजह सामने आई कि खराब सिग्निलंग को लेकर मालगाड़ी के चालक को जो टी/ए 912 फॉर्म जारी किया गया था, उसमें स्पीड का जिक्र नहीं था। तीसरी वजह मानी गई है कि ऑटोमैटिक सिग्नल फेल होने के बाद भी अफसरों ने सेक्शन में ब्लॉक नहीं लिया।



### कवच प्रणाली को लागू करने की जरूरत

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑटोमैटिक सिग्नल फेल होना चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 तक खतरे में सिग्नल पार करने से 208 घटनाएं सामने आईं। इनमें 12 घटनाएं ट्रेनों के टकराने की थीं।

शंभू बॉर्डर खोलने के बाद सरगर्मी

# किसान दिल्ली कूच करने को तैयार हरियाणा सरकार पहुंची शीर्षकोर्ट

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पिछले पांच माह से बंद पड़े शंभू बॉर्डर खोलने के मुद्दे पर हाईकोर्ट के फैसले के बाद से दोनों पक्षों की तरफ से सरगर्मियां बढ़ गई हैं। एक तरफ जहां किसानों ने दिल्ली कूच की तैयारियां शुरू कर दी हैं वहीं हरियाणा सरकार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।



हरियाणा सरकार की तरफ से उच्चतम न्यायालय में दायर स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) पर इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है।

### इस हफ्ते हो सकती है सुनवाई

हरियाणा सरकार के सीनियर एडिशनल एडवोकेट जनरल लोकेश सिन्हल ने कहा कि इस हफ्ते एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो सकती है। हरियाणा मजबूती से राज्य की कानून व्यवस्था की बात रखेगी। यदि किसान सक्रिय हुए या किसान आंदोलन ने जोर पकड़ा तो सरकार की चुनौती बढ़ सकती है। विधानसभा चुनाव भी नजदीक हैं। ऐसे में सरकार कोई भी जोखिम लेना नहीं चाहती।

अमित शाह हेल्पलाइन 'मानस' की करेंगे शुरुआत

# पीएम मोदी के 2047 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार (18 जुलाई, 2024) को नई दिल्ली में नार्को समन्वय केन्द्र (एनकोर्ड) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री शाह राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस'- मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र का शुभारंभ और श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय का भी उद्घाटन करेंगे।




### विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय

अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाई है, जिससे ड्रग्स के खतरे को कम किया जा सके। गृह मंत्रालय संस्थागत ढांचे को मजबूत करना, सभी नार्को एजेंसियों के बीच समन्वय और व्यापक जनजागरूकता अभियान की 3 सूत्रीय रणनीति पर चलकर 2047 तक पीएम नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। गृह मंत्रालय के अनुसार बैठक का उद्देश्य देश में मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने में शामिल विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियों के प्रयासों में समन्वय स्थापित करना है।

मॉरीशस पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा

# भारत प्रगति और समृद्धि के लिए लगातार समर्थन करता रहेगा

एजेंसी ▶▶ पोर्ट लुईस

भारत-मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मंगलवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे। यहां उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत प्रगति और समृद्धि के लिए मॉरीशस का लगातार समर्थन करेगा। उसका साथ कभी नहीं छोड़ेगा। जयशंकर ने मॉरीशस के पीएम प्रविंद जगन्नाथ की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मॉरीशस के साथ भारत के संबंध मजबूत और बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेशों में भारत के सफल विकास सहयोग का एक आदर्श उदाहरण है। इस कार्यक्रम में भारत द्वारा वित्तपोषित 12 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया।

12 परियोजनाओं में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया




### द्विपक्षीय संबंध और गहरे होंगे

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के मध्य विभिन्न पहलुओं को जानने और संबंधों को बरकरार रखने का मौका है। यात्रा बहुआयामी द्विपक्षीय संबंध और लोगों के साथ संबंध गहरा करने पर जोर देगी।

### मॉरीशस ने जताई कृतज्ञता

मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन ने पोस्ट किया कि मॉरीशस को लगातार समर्थन देने और चागोस द्वीप को लेकर उपनिवेशवाद, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता को लेकर पहल करने पर भारत और डॉ. एस जयशंकर के प्रति कृतज्ञता जताते हैं।

### मॉरीशस के साथ घनिष्ठ संबंध

मॉरीशस स्थित भारतीय उच्चायोग के अनुसार, यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की 'पड़ोस प्रथम की नीति', 'विजन सागर' और 'ग्लोबल साउथ' (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। ऐतिहासिक, जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक कारणों से भारत के पश्चिमी हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र मॉरीशस के साथ घनिष्ठ एवं दीर्घकालिक संबंध हैं। भारत ने हमेशा से संकट के समय मॉरीशस की सबसे पहले सहायता की है।

ब्रिटिश जूलॉजिस्ट को 249 साल की सजा

# 40 कुत्तों का रेप व हत्या की, शोषण के लिए घर में बनाया था 'टॉर्चर रूम'

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में जूलॉजी (जीव विज्ञान) के विशेषज्ञ एडम ब्रिटन को कुत्तों का रेप और हत्या करने के जुर्म में 249 साल की सजा सुनाई गई है। पुलिस ने अप्रैल 2022 में एडम को गिरफ्तार कर लिया था। 52 साल का एडम मगरमच्छ का विशेषज्ञ है। उसने पिछले साल जानवरों पर जुल्म करने से जुड़े 60 आरोपों को स्वीकार कर लिया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, एडम एक ब्रिटिश नागरिक है। वह ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में मौजूद अपने घर पर कुत्तों को टॉर्चर करता था। उनका रेप करने के बाद वह उनकी हत्या कर देता था।



### रेप के वीडियो सोशल मीडिया पर

*एडम ने गमट्री ऑस्ट्रेलिया नाम की एक वेबसाइट के जरिए 42 कुत्ते खरीदे थे। उसने इन कुत्तों को एक शिपिंग कंटेनर में रखा। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2022 के बीच एडम ने 39 कुत्तों का रेप किया। उसने रेप के जो वीडियो बनाए उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर भी किया था।*

# हॉकी में कठिन पूल से चिंतित नहीं, पदक का रंग बदलने का यकीं : ललित

## भारत का पहला मुकाबला 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

भारतीय हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में पूल चरण में ही आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना जैसे दिग्गजों का सामना करना है लेकिन अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय को यकीन है कि बेहतरीन तैयारियों और काशी विश्वनाथ के आशीर्वाद से टीम पदक का रंग बदलकर लौटेगी ।

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे ललित ने रवानगी से पहले यहां दिये इंटरव्यू में कहा, 'ओलंपिक में पूल पर ध्यान देना बेमानी है क्योंकि सभी टीमें पूरी तैयारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आती हैं । हम मैच दर मैच रणनीति बनायेंगे और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे ।'

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक से पहले मानसिक दृढता के लिये स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिवसीय शिविर के बाद अब नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी । भारत को पेरिस ओलंपिक में पूल बी के पहले मैच में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से, 29 जुलाई को रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को टोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम और दो अगस्त को पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया से खेलना है ।

**ललित 168 मैचों में 45 गोल कर चुके**

भारत के लिये 168 मैचों में 45 गोल कर चुके 30 वर्ष के इस फॉरवर्ड ने कहा ,'' हमें पता है कि उम्मीदें बढी हुई हैं क्योंकि लंबे समय बाद हमने ओलंपिक पदक जीता था । हमें भी खुद से पूरी उम्मीद है कि पदक का रंग बदलेंगे ।'' वाराणसी के रहने वाले इस



खिलाड़ी ने कहा ,'' हमने पिछले चार साल में फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है जो मैदान पर नजर आ रही है । फिटनेस में हम दुनिया की शीर्ष टीमों के समकक्ष हैं ।''

### टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पांच खिलाड़ी टीम में

टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के 11 खिलाड़ी पेरिस में भी खेलेंगे जबकि पांच खिलाड़ियों का पहला ओलंपिक है । ललित ने हालांकि कहा कि युवा खिलाड़ी भी इतना खेल चुके हैं कि ओलंपिक का दबाव आसानी से झेल लेंगे । उन्होंने कहा ,ये लड़के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं जहां ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने का काफी दबाव होता है लिहाजा ओलंपिक का दबाव भी झेलने में सक्षम हैं।

### आपसी तालमेल टीम की ताकत

ललित ने कहा ,'' इस बार प्रो लीग में काफी फील्ड गोल हुए हैं और फोकस डी के भीतर जाकर मौका बनाने पर रहता है । फॉरवर्ड पंक्ति की कोशिश यही रहती है कि फील्ड गोल करे या डी में जाकर पेनल्टी कॉर्नर बनाये ।'' ललित ने आपसी तालमेल को इस टीम की ताकत बताते हुए कहा कि टोक्यो से पहले कोरोना के दौरान यहां साथ बिताये समय ने एक ईकाई के रूप में टीम को काफी मजबूती दी ।

### हम मानसिक रूप से मजबूत है

ललित ने यादों की परतें खोलते हुए कहा ,'' मैने ओलंपिक खेलने और पदक जीतने का सपना हमेशा से देखा था ।कोई भी लड़का जो अपरिपक्व है और बड़े सपने लेकर टीम में आया है , उसके साथ ऐसा हो जाये तो वह टूट ही जायेगा । उन्होंने कहा ,'' लेकिन शुरूआत में ही यह सब झेल लिया तो मानसिक रूप से और मजबूत हो गया । वैसे तो मैं वह प्रकरण भूल गया हूं लेकिन कभी याद भी आता है तो खुद को और मजबूत पाता हूं।''

### ललित पर शाहिद की अमिट छाप

हॉकी को मोहम्मद शाहिद जैसा सितारा देने वाले बनारस का ललित के जीवन और कैरियर पर अमिट प्रभाव है जो उनकी बातों में भी झलकता है । उन्होंने कहा , 'हमारे बनारस में कहावत है कि सब यहीं से शुरू होता है और यहीं खत्म हो जाता है । हम भी गंगा किनारे बैठते हैं तो यही लगता है जहां एक तरफ दशाश्वमेध घाट (आरती घाट) है और दूसरी तरफ मणिकर्णिका घाट (दाह संस्कार घाट) है ।'


---

## खबर संक्षेप

### महिला एशिया कप में मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार से दाम्बुला में शुरू हो रहे महिला एशिया कप के दौरान जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की। एसएलसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट में आठ टीमें - भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मेजबान श्रीलंका, थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया - रनगिरी दाम्बुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिताब के लिए भिड़ेंगी। एसएलसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, ''महिला एशिया कप 2024 आ गया है और प्रवेश निःशुल्क है!' टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे जिनमें दो सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं। भारत शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

### बावा का विश्व जूनियर स्क्वाश में पदक पक्का



**नई दिल्ली।** भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया । उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा सर्न को 3-2 से हराया । दिल्ली के 18 वर्ष के बावा 2014 में कुश कुमार के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरूष खिलाड़ी बन गए । करीब 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में वह पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गए थे लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा । वहीं अनाहत सिंह लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में लगातार तीसरे साल हारकर बाहर हो गई । भारत की 16 वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियन को मिस्र की नादियां इल्हामामी ने 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से हराया ।

### इंग्लैंड के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे साउथगेट



**लंदन।** यूरो 2024 फाइनल में स्पेन से 1-2 से मिली हार के बाद जेरेथ साउथगेट इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर के पद से इस्तीफा देंगे। साउथगेट पिछले आठ साल से टीम के साथ हैं । उनका अनुबंध इस साल खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा , 'इंग्लैंड टीम के लिये खेलना और उसका मैनेजर रहना मेरे लिये गर्व की बात रही । यही मेरा सबकुछ है और मैंने इसे अपना सर्वस्व दिया । लेकिन अब बदलाव का समय है , एक नये अध्याय का समय है ।' उनके मैनेजर रहते इंग्लैंड टीम लगातार दो बार यूरो फाइनल और 2018 विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची । लेकिन वह 1966 के बाद बड़े खिताब के लिये तरस रहे इंग्लैंड का इंतजार खत्म नहीं करा सके।

---

**क्रिकेट : 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला**

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 में हार्दिक पंड्या होंगे भारतीय टीम के कप्तान

गिल या सूर्यकुमार हो सकते हैं टी20 के उपकप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे । पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने बताया ,'हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे । वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे ।'रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया ।

### वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में

टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जायेगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे । टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी । अभी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव ।



**हार्दिक और सूर्यकुमार का कप्तानी रिकॉर्ड**

हार्दिक पांड्या ने साल 2022 में पहली बार टीम इंडिया की कप्तानी की थी। वो उसके बाद 16 टी20 मुकाबलों में भारत की कमान संभाल चुके हैं, जिनमें टीम 10 मौकों पर विजयी रही है। दूसरी ओर सूर्यकुमार यादव को अब तक 7 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभालने का अवसर मिला है, जिनमें से उन्होंने टीम को 5 मौकों पर जिताया है।

### टी20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मोहम्मद सिराज।

### वनडे सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आवेश खान और अर्शदीप सिंह।

### टीम का चयन गंभीर के अगुवाई में होगा

श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का चयन गौतम गंभीर की अगुवाई में किया जाएगा। दरअसल, भारतीय टीम के नए हेड कोच गौतम गंभीर का यह पहला असाइनमेंट है। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर के साथ टीम सेलेक्शन का हिस्सा होंगे।

### 27 जुलाई से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

भारत के श्रीलंका दौरे की शुरुआत 27 जुलाई को पहले टी20 के साथ होगी। भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई को तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। फिर दूसरा टी20 मैच अगले दिन यानी 28 जुलाई को और तीसरा व अंतिम टी20 मैच 30 जुलाई को खेला जाएगा। टी20 सीरीज के सभी मैच पल्लेकेले में खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के बाद 2 अगस्त से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज का दूसरा मैच 4 अगस्त और तीसरा व अंतिम मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। वनडे सीरीज के सभी मैच कोलंबो में खेले जाएंगे।

---

**एटीपी रैंकिंग**

# नागल ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 26 साल के नागल को पांच स्थान का फायदा हुआ है। उनकी पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 71 थी।

नागल इस तरह दुनिया के 71वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी शशि मेनन को पीछे छोड़कर 1973 से सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। विजय अमृतराज (1980 में 18वें स्थान पर), रमेश कृष्णन (1985 में 23वें स्थान पर) और सोमदेव देववर्मन (2011 में 62वें स्थान पर) एटीपी सर्किट पर नागल से बेहतर रैंकिंग हासिल कर चुके हैं।

पिछले कुछ समय में प्रभावी नतीजों की बदौलत नागल की रैंकिंग में सुधार हुआ है और साथ ही वह पेरिस ओलंपिक के एकल वर्ग में क्वालीफाई करने में भी सफल रहे। पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय नागल के 779 एटीपी अंक हैं। नागल ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कजाखस्तान के 31वें वरीय एलेक्जेंडर बुबलिक के खिलाफ जीत के साथ की। उन्होंने फ्रेंच ओपन और विंबलडन में भी भाग लिया। नागल ने जून में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर स्पर्धा और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता।

### चार एटीपी खिताब जीत चुके नागल

वर्तमान में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले भारतीय एकल खिलाड़ी नागल ने 2023 से चार एटीपी चैलेंजर खिताब जीते हैं और हीलब्रॉन क्ले कोर्ट पर उनका चौथा खिताब था।

---

**विश्वकप खेलने में संदेह**

# फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सके मेस्सी



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अपने कैरियर में पहली बार फुलटाइम से पहले कोपा अमेरिका फाइनल से चोट के कारण बाहर हुए लियोनेल मेस्सी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके और अपने 'आखिरी किले' में से एक फतेह करने के बावजूद वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाये ।

मेस्सी को पैर की चोट के कारण कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मैच से 64वें मिनट में बाहर जाना पड़ा । अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका खिताब जीता । मेस्सी के फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 2026 विश्व कप में उनकी भागीदारी को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति है ।

सैतीस वर्ष के मेस्सी चोट के कारण पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के काफी मैचों से बाहर रहे थे । कोपा अमेरिका में भी कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा । इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी चूके । उन्होने एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ सेमीफाइनल में किया ।

### मीडिया से बात नहीं की मेस्सी ने

मेस्सी ने मैच के बाद मीडिया से बात नहीं की और ना ही उनकी टीम ने चोट की गंभीरता के बारे में बताया। अर्जेंटीना के 35 पार के धुरंधर एंजेल डि मारिया (36) और निकोलस ओटामेंडी (36) के अलावा स्थानापन्न गोलकीपर फ्रेंको अरमानी (37) का यह आखिरी टूर्नामेंट था। अब अर्जेंटीना को सितंबर में चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं ।

---

# क्रीड़ा-भारती के संपर्क विभाग कार्यशाला मध्यभारत प्रांत में संपन्न

**भोपाल।** क्रीड़ा भारती के संपर्क विभाग की अखिल भारतीय कार्यशाला मध्यभारत प्रांत में महानगर भोपाल में समाज सेवा न्यास संपन्न हुई, जिसमें पूरे भारत देश के 45 प्रांतों में से 33 कार्यकर्ता कार्यशाला में उपस्थित हुए। वहीं उन कार्यकर्ताओं को क्रीड़ा भारती संगठन कार्य बड़ाने के लिए भोपाल महानगर में रहने वाले खेल



जगत में कार्य करने वाले, उसके विचार को पुष्ट करने वाले, खेल जीवन को जीने वाले, खेलों में आर्थिक सहायता देने वाले से संपर्क सम्पर्क की योजना बनाई गई। इस दौरान 11 समूह बनाकर सभी को अलग जगह भेजे गए। इनमें खेल निर्देशक (मप्र), खेल अधिकारी खेल संस्था, खिलाड़ी, खेल प्रमोटर के यहां संपर्क के नाते कार्यकर्ता गए थे। बैठक में खेल की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत के मंत्री मनोज तोमर सह मंत्री, मनीष बाजपेई भोपाल महानगर के मंत्री, जितेंद्र जायसवाल प्रांत की सहसंयोजी मालती मिश्रा, नरेश सिंह ठाकुर, निमेष यादव, राजू खंडे, विवेक गौड़ उपस्थित रहे।

---

**टीआईटी में चल रह पहली यूनिकार्न शंतरंज प्रतियोगिता**

# रिकार्ड जीत के करीब एल श्रीहरि माधवेंद्र की दिनेश को कड़ी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पहली यूनिकार्न ओपन शतरंज प्रतियोगिता रोमांचक दौर में पहुंच गई है। मंगलवार को सातवें और आठवें दौर के मुकाबले खेले गए। इसमें इंटरनेशनल मास्टर एल. श्रीहरि ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। वह अभी तक सात राउंड के खेल के बाद इतने ही अंक लेकर अपना शीर्ष पर बने हुए हैं। वह अभी तक एक भी मुकाबला नहीं हारे और न ही ड्रा खेला है। अगर वह आठवें और नौवें राउंड में अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हैं तो बिना हारे रिकार्ड जीत दर्ज कर पाएंगे। भोपाल के माधवेंद्र प्रताप शर्मा ने अपने से बड़ी उम्र के इंटरनेशनल मास्टर दिनेश कुमार शर्मा



को कड़ी टक्कर देते हुए मुकाबला ड्रा खेला। वहीं महाराष्ट्र के विक्रमादित्य कुलकर्णी ने अपना शानदार खेल दिखाया। कुलकर्णी ने सफेद मोहरे से खेलकर सातवें राउंड के मुकाबले में हरीश शर्मा को पराजित किया।

### प्रतियोगिता का अंतिम और नौवां राउंड आज

प्रतियोगिता का अंतिम और नौवां राउंड बुधवार को खेला जाएगा। इसके साथ ही प्रतियोगिता का समापन शाम 4 बजे किया जाएगा। टीआईटी कालेज में खेली जा रही प्रतियोगिता में देशभर के 266 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें भारत के अलावा इजराइल, अमेरिका, इंग्लैंड, रशिया शामिल हैं। इसमें 216 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मानांकन प्राप्त है। इसमें विजेताओं को कुल 10 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।

---

**बोपन्ना के जोड़ीदार बालाजी बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम**

# बालाजी आक्रामक खिलाड़ी, उन्हें हलके में नहीं ले सकते : बोपन्ना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उम्र के साथ निखरते जा रहे रोहन बोपन्ना अपने आखिरी ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये बेताब हैं। मजबूत जोड़ीदार नहीं मिलने को लेकर शिकायत करना उनके स्वभाव में नहीं है । भारत के इस अनुभवी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में उनके जोड़ीदार एन श्रीराम बालाजी काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और बड़े मैचों का दबाव झेलने में सक्षम भी। बोपन्ना अगर विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष दस से बाहर होते तो भारत का कोई खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में इस वर्ग में नहीं होता ।



**हमारे पास हर मैच जीतने का मौका**

44 वर्ष के बोपन्ना को बालाजी और युकी भांबरी में से चुनना था और अपने कोच स्कॉट डेविडॉफ और बालाचंद्रन मणिकांत से मशविरे के बाद उन्होंने बालाजी को चुना। बोपन्ना ने दिये इंटरव्यू में कहा ,' मेरा मानना है कि हमारे पास हर मैच जीतने का मौका है । हम सिर्फ भागीदारी के लिये नहीं जा रहे ।'

### हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं

बोपन्ना ने कहा , 'हम पूरी तैयारी के साथ जायेंगे । एक टीम के रूप में हमारा वही मकसद है । बाला काफी आक्रामक खिलाड़ी है ।' उन्होंने कहा , 'हम क्ले कोर्ट पर खेल रहे हैं और उस पर बालाजी बेहतर जोड़ीदार साबित होगा । फिलहाल मैं मैथ्यू एबडेन के साथ खेलता हूं जो क्ले पर अधिक फुर्तीला और आक्रामक है ।'

### दोनों में बालाजी अधिक फुर्तीले

बोपन्ना ने कहा , 'क्ले कोर्टपर मुझे ऐसा जोड़ीदार चाहिये जो उस कोर्ट पर मेरे साथ अच्छा तालमेल बना सके । हार्ड कोर्ट या ग्रासकोर्ट पर मैं युकी को चुनता । उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि यह कठिन फैसला था क्योंकि उन्होंने दोनों में से किसी के साथ टूर पर नहीं खेला है । उन्होंने कहा , 'हम दोनों में से बालाजी अधिक फुर्तीला है और दोनों फ्लैंक पर दौड़ सकता है । वह मैथ्यू की तरह है हालांकि मैथ्यू के जितना अनुभव नहीं है।'

### जीतने के मकसद से जा रहे

बोपन्ना ने कहा कि वे सिर्फ पेरिस ओलंपिक में भाग लेने नहीं बल्कि जीतने के मकसद से जा रहे हैं । उन्होंने कहा , 'हर खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतने ही जाता है । हर कोई पिछली बार से बेहतर करना चाहता है । हम भी यही करने जा रहे हैं । हमारा भी यही मकसद है।'




## आद्यंत: ड्रामा स्कूल मुंबई के छात्रों की प्रस्तुति 19 और 20 जुलाई को

# मुंबई ड्रामा स्कूल के स्टूडेंट्स दर्शकों के सामने करेंगे अपने कौशल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

थिएटर शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान ड्रामा स्कूल मुंबई के छात्र 19 और 20 जुलाई को रवींद्र भवन के अंजनी ऑडिटोरियम तथा आरएनटीयू के मुक्त धारा में अपने फाइनल प्रोडक्शन प्रस्तुत करेंगे। यह विशेष प्रस्तुति छात्रों के थिएटर कार्यक्रम, कोर्स के समापन के रूप में आयोजित की जा रही है। इसका समय शाम 5 बजे व 7.30 बजे रहेगा तथा निःशुल्क प्रवेश रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न दर्शकों और प्रदर्शन स्थलों के सामने अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना है। यह अनुभव छात्रों को नए दर्शकों के साथ बातचीत करने, विभिन्न प्रदर्शन स्थलों की संभावनाओं को समझने और अपने प्रदर्शन को प्रस्तुत करने का मौका देता है।



### ड्रामा स्कूल मुंबई के बारे में

*ड्रामा स्कूल मुंबई की स्थापना 2013 में एक नई पीढ़ी के थिएटर-निर्माताओं को तैयार करने के लिए की गई थी। हमारे पूर्व छात्र सभी थिएटर, फिल्म और शिक्षा के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। डीएसएम थिएटर के सामाजिक कार्य और उसकी प्रासंगिकता पर जोर देता है, जिससे हमारे छात्र न केवल सौंदर्यपूर्ण बल्कि प्रामाणिक प्रदर्शन अनुभव बना सकें। हमारे छात्रों और संकाय द्वारा बनाए गए कार्यों के नियमित प्रस्तुतियों के माध्यम से, ड्रामा स्कूल मुंबई थिएटर और इसके प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है।*

### 3 लघु नाटकों को होगी प्रस्तुति

19 जुलाई को शाम शाम 7.30 बजे रवींद्र भवन के अंजनी ऑडिटोरियम में द्वंद्व के अंतर्गत 3 लघु नाटकों में इन बिटवीन, डिलीवरी डेट तथा घर घर की प्रस्तुति होगी। वहीं 20 जुलाई शाम 5 बजे मुक्तधारा, आरएनटीयू त्रिश्या के अंतर्गत 3 लघु नाटकों की प्रस्तुति होगी। इसमें टीअर इन दी मेट्रिक्स, माई की आखिरी छठ तथा अमलतास देखने को मिलेंगे।




### टीअर इन दी मेट्रिक्स, माई की आखिरी छठ तथा अमलतास मिलेंगे देखने को

इसी तरह 19 जुलाई शाम शाम 5 बजे मुक्तधारा, आरएनटीयू में तथा 20 जुलाई शाम 7.30 बजे त्रिश्या के अंतर्गत अंजनी ऑडिटोरियम में 3 लघु नाटकों की प्रस्तुति होगी। इसमें टीअर इन दी मेट्रिक्स, माई की आखिरी छठ तथा अमलतास देखने को मिलेंगे।

## खबर संक्षेप

### टाइगर बुकलेट को बेस्ट प्रिंट एंड पब्लिकेशन अवॉर्ड



**भोपाल।** कोलकाता में आयोजित हुए ट्रेवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) में मप्र टूरिज्म बोर्ड की टाइगर बुकलेट को बेस्ट प्रिंट एंड पब्लिकेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बोर्ड की ओर से अपर प्रबंध संचालक विदिशा मुखर्जी ने यह अवॉर्ड ग्रहण किया। टीटीएफ में मुखर्जी ने पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यवसायी, ट्रेवल एजेंट, टूर ऑपरेटर्स, होटेलियर्स आदि को संबोधित करते हुए मप्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों की जानकारी दी।

### भारत भवन में 10 दिनी रंग उत्सव 19 से

**भोपाल।** रंग मंडल भारत भवन के द्वारा 19 जुलाई से मध्य प्रदेश रंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम 7 बजे आयोजित होने वाले इस महोत्सव में अन्य अन्य में कई नाट्य परिस्थितियों का मंचन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 19 जुलाई को नाटक चौथी सिगरेट की प्रस्तुति होगी। इस नाटक का लेखन योगेश त्रिपाठी का है और निर्देशन राजीव वर्मा का। 20 को अंतर प्रवाह की प्रस्तुति होगी। 21 को आदि शंकराचार्य, 22 को महावीर चरित्रम, 23 जुलाई को एक इंस्पेक्टर से मुलाकात का मंचन किया जाएगा।

## 10-11वीं शताब्दी की प्रतिमा में कहीं दिखे शेषशायी तो कहीं पाताल लोक में प्रभु विष्णु

# देवशयनी एकादशी का महत्व बताती भगवान विष्णु की 18 प्रतिमाएं हैं बिरला संग्रहालय में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देवशयनी एकादशी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण व्रत है, जिसे आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इसे हरिशयनी एकादशी, पद्मा एकादशी या तुरी एकादशी भी कहते हैं। देवशयनी एकादशी के महत्व पर आधारित भगवान विष्णु की लगभग 18 प्रतिमाएं बिरला संग्रहालय में मौजूद हैं। ये प्रतिमाएं समसगढ़ भोपाल की 10-11 शताब्दी की है। क्यूरेटर बीके लोखंडे ने कहा कि संग्रहालय भारतीय धार्मिक संस्कृति एवं पुराणों में वर्णित कथाओं पर आधारित परंपराओं को अपने में समेटे देवशयनी एकादशी पर, भगवान विष्णु की आराधनाओं में लीन, होने को अपने अपने दृष्टिकोण से व्याख्याओं को रख देवशयनी को भक्ति मार्ग से जोड़कर जनमानस देखता है, इसी संदर्भ में इस संग्रहालय में भगवान श्रीहरि, भगवान श्रीहरि और शिव के संयुक्त रूप, शेषशय्या पर विष्णु और दशावतारों की प्रतिमाएं , जो 9वीं 10वीं शताब्दी की अवलोकित की जा रही हैं।

### भगवान विष्णु की शेषशायी प्रतिमा

*इसके अंतर्गत भगवान विष्णु का शेषनाग पर विश्राम करने वाली यह प्रतिमा दिव्य शांति और समृद्धि को दर्शाती है। अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ, उनके चरणों में विराजमान हजार-हुड वाले शेषा नाग पर लेटे हुए; सभा क्षीरा सागर (दूध का सागर) पर टिकी हुई है।*



### समुद्र मन्थन में दर्शाते भगवान विष्णु

वहीं दूसरी मूर्ति समुद्र मन्थन को दर्शाती है। इस मूर्ति में दर्शाया गया कि समुद्र मन्थन आरंभ हुआ और भगवान कच्छप के एक लाख योजन चौड़ी पीठ पर मन्दराचल पर्वत घूमने लगा, जिसमें सर्प, कच्छप को भगवान विष्णु के चरणों में दर्शाया।



### नागदंपति पर आधारित भगवान विष्णु की प्रतिमा

वहीं एक अन्य विष्णु भगवान की मूर्ति में पाताल लोक में रहने वाले नागदंपति को दर्शाया गया, पाताल लोक में नाग, दैत्य, दानव और यक्ष रहते हैं। इस मूर्ति में दर्शाया कि राजा बालि को भगवान विष्णु ने पाताल के सुतल लोक का राजा बनाया है।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे जाएंगे 2000 पौधे

# महिला एवं बाल विकास मंत्री भूरिया ने रोपा मां के नाम पौधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दो हजार पौधे लगाने की शुरुआत की है। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार को भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान में अपनी मां के नाम पर पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान विधायक भगवानदास सबनानी, प्राचार्य डॉ. रोहित सरीन, रिटायर्ड आईएएस डॉ. एके भट्टाचार्य, बाल आयोग पूर्व सदस्य बृजेश चौहान, अंजू तरियल, अजय देवनानी, महिमा सिंह, पूर्व त्रिवेदी और अनमोल बिहारिया मौजूद थे।

### बच्चों की शिक्षा के लिए काम कर रही संस्था

इस अवसर पर अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष माही भजनी ने बताया कि संस्था 13 वर्षों से गरीब तबके के बच्चों की शिक्षा और संपूर्ण विकास के लिए काम कर रही हैं। इनमें ऐसे बच्चे भी शामिल हैं, जो बाल मजदूरी किया करते थे या पन्नी बीनते या भीख मांगते थे। उनके बीच पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरुकता की दृष्टि से हम हर वर्ष पौधारोपण करते हैं। इस साल की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम पर दी है। इसी के तहत भोपाल में दो हजार पौधे लगाने की योजना है।

## महिलाओं ने एक पौधा मां के नाम पर चलाया अभियान, बांटें पौधे

**भोपाल।** लायंस क्लब विंग्स भोपाल की प्रेसीडेंट डॉ संगीता कुमार, सचिव सारिका श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष विशाखा श्रीवास्तव द्वारा एक पौधा मां के नाम एक्टिविटी रोहित नगर में की गई, जिसमें मस्तानी कुड़ियां ग्रुप के सदस्यों को मां के नाम के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सदस्य आराधना संजर, पल्लवी, नमिता, एकता, अल्पा, निशा, ग्रीष्मा, अमिता एवं श्वेता उपस्थित रही। सभी ने हरा-भरा मध्यप्रदेश बनाने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।



## युवाओं को तकनीकी क्षमताओं को करना चाहिए विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईसेक्ट समूह द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में कौशल चर्चा के 5वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार गौतम टेटवाल ने किया। कार्यक्रम में आईसेक्ट ग्रुप चेयरमैन संतोष चौबे, चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, डायरेक्टर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, स्कोप के कुलगुरु डॉ. अजय भूषण और कुलसचिव डॉ. सितेश सिन्हा भी मौजूद रहे।



## साहित्य अकादमी-हिंदी विवि का कोरकू भाषा सम्मेलन

# कोरकू रीति-रिवाज आज विलुप्ति की कगार पर, सहेजने की जरूरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली और अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय,भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में तथा संस्कृति मंत्रालय, मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से दो दिवसीय कोरकू भाषा सम्मेलन में प्रो. खेमसिंह डहेरिया, कुलगुरु अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रथम कोरकू भाषा सम्मेलन है, यह विश्वविद्यालय के लिए खुशी की बात है। इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में उनके कार्यकाल में जनजातियों की भाषा को बचाने के लिए विविध परियोजनाएं चलाई गई, उसकी जानकारी दी एवं संस्कृति, पर्व, त्यौहार,मुहावरे, कहानी, पहेली, किस्से आदि के उदाहरणों को प्रस्तुत किया। साथ ही ऐसे नए क्षेत्र में गहन विचार, विमर्श, चिंतन, अनुसंधान करने की आवश्यकता है, यह सुझाव भी दिया।

### मुंडा परिवार से आया कोरकू का आरंभ

उदघाटन सत्र में स्वागत वक्तव्य में के श्रीनिवास राव सचिव, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत में बड़ी संख्याओं में भाषाओं का समूह है। विभिन्न प्रकार की भाषा में साहित्यिक रचनाओं का विकास हुआ। प्रो. सुनील रामलाल मावस्कर ने कहा कि कोरकू के इतिहास का आरंभ ओस्ट्रो एसियाटिक (मुंडा) परिवार से आया है। मुंडा परिवार की भाषा में से एक भाषा कोरकू है। यह भाषा धीरे धीरे विलुप्त होने के कगार पर है। मवई, अखाड़ी, बात्य रोटी, आखती आदि रीतिरिवाज आज भी कोरकू समाज में जीवित हैं, इनकी संस्कृति को बचाने की आवश्यकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930